3 राजधानी
प्रीमियम बस योजना को सरकार ने दी मंजूरी

6 अभिमत
पश्चिम एशिया में फिर भड़का युद्ध

10 विदेश
चीन बीआरआई सम्मेलन में भारत शामिल नहीं

12 स्पोर्ट्स
रोनाल्डिन्हो ने दुर्गा पूजा त्योहार में बिखेरी चमक



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 339
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




केवल लूट की गारंटी दे सकती है कांग्रेस

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# पश्चिम एशिया में फैलती जा रही जंग की आग

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन आने वाले दिनों में इजराइल यात्रा पर जा सकते हैं, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने के लिए एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार तेलअवीव पहुंचे
- इजराइल के जमीनी आक्रमण की आशंका के बीच गाजा पट्टी में 10 लाख लोग घर छोड़कर भागे, ईरान ने दी चेतावनी इजराइल ने जमीनी अभियान चलाया तो वह भी जंग में शामिल हो सकता है



दक्षिणी इजराइल में गाजा पट्टी की ओर बढ़ते इजराइली टैंक। इजराइल ने हमास को जमीनी आक्रमण शुरू करने की चेतावनी दी है।

**एजेंसी।** यरुशलम

**हमास** के घातक हमले के बाद इस आतंकवादी संगठन के सरगना के खात्मे के लिए इजराइल द्वारा जमीनी आक्रमण किए जाने की आशंका के मद्देनजर गाजा पट्टी में 10 लाख से अधिक लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं। फिलहाल इस जंग की आग का दायरा बढ़ता ही दिखाई दे रहा है। सहायता समूहों ने चेतावनी दी है कि इजराइल के जमीनी हमले से मानवीय संकट बढ़ सकता है। अमेरिकी युद्धपोतों की मदद से इजराइली बल गाजा सीमा पर तैनात हो गए हैं और उन्होंने युद्धाभ्यास किया जिसे इजराइल ने बताया कि यह आतंकवादी समूह को मटियामेट करने के लिए एक बड़ा अभियान होगा। एक सप्ताह से लगातार किए जा रहे हवाई हमलों से गाजा पट्टी में कई इमारतें जमींदोज हो गई हैं लेकिन इससे इजराइल पर आतंकवादियों के रॉकेट हमले नहीं रुके हैं।

सात अक्टूबर को शुरू हुआ यह युद्ध दोनों पक्षों के लिए गाजा के पांच युद्धों में से सबसे भीषण है जिसमें दोनों ओर के 4,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 2,750 फलस्तीनियों की मौत हो गई है तथा 9,700 घायल हैं। इजराइल के अनुसार, उसके 1,400 से अधिक नागरिकों की मौत हो गई है तथा बच्चों समेत कम से कम 199 अन्य नागरिकों को हमास ने बंधक बनाया है तथा उन्हें गाजा ले गया है। अभी गाजा में संयुक्त राष्ट्र के शिविरों में पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई है और क्षेत्र के सबसे बड़े अस्पताल में काम कर रहे चिकित्सकों को मरीजों का इलाज करने में भारी समस्याएं आ रही हैं क्योंकि उन्हें आशंका है कि जेनरेटरों में ईंधन खत्म होने के बाद इन मरीजों की मौत हो जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन आने वाले दिनों में इजराइल यात्रा पर विचार कर रहे हैं लेकिन अभी यात्रा की कोई पुष्टि नहीं की गई है। बाइडन ने सोमवार को कोलोराडो की अपनी यात्रा स्थगित कर दी और वाशिंगटन में रहकर पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष पर बैठकें करने का फैसला किया है। बाइडन को कोलोराडो जाकर विंड टॉवर निर्माण के लिए दुनिया के सबसे बड़े संयंत्र सीएस विंड का दौरा करना था।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने के लिए एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार इजराइल पहुंचे हैं। वहीं, रोमन कैथोलिक चर्च के यरुशलम में शीर्ष प्रतिनिधि कार्डिनल पिएरबटिस्टा पिज्जाबाला ने कहा कि वह हमास द्वारा बंधक बनाए गए बच्चों की रिहाई के बदले में उन्हें बंधक बनाने की पेशकश करते हैं। उन्होंने कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं दिया बल्कि एक पत्रकार के काल्पनिक सवाल पर यह प्रतिक्रिया दी। फ्रांस ने कहा है कि गाजा निवासियों को वहां से जाने की अनुमति दी जानी चाहिए और उन्होंने हमास पर उन्हें ऐसा करने से रोकने का आरोप लगाया। फ्रांस ने साथ ही कहा कि वह चाहता है कि मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए गाजा की नाकेबंदी में ढील दी जाए।

इस बीच, लेबनान में हमास के प्रतिनिधि अहमद अब्दुल-हादी ने सोमवार को कहा कि दक्षिण इजराइल में सात अक्टूबर को किए गए हमले का फैसला हमास नेतृत्व का था तथा ईरान या किसी अन्य बाहरी पक्ष ने इसका निर्देश नहीं दिया था लेकिन उसने कहा कि गाजा पर जमीनी आक्रमण की स्थिति में सहयोगी समूह हस्तक्षेप करेंगे। हमास नेतृत्व ने इस बात से इनकार किया है कि ईरान घातक हमले की योजना या इसे हरी झंडी दिखाने में प्रत्यक्ष रूप से शामिल था। अब्दुल हादी ने कहा कि हमास समर्थक ईरान और हिजबुल्ला इजराइल को गाजा को कुचलने या व्यापक जमीनी हमला नहीं करने देंगे।

सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद ने रूस के अपने समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ गाजा में संवेदनशील स्थिति और इजराइल के हमलों को खत्म करने के तरीकों पर चर्चा की। असद के कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि असद और पुतिन ने गाजा में मदद पहुंचाने की अनुमति देने और फलस्तीनियों पर इजराइल की बमबारी तथा उनके विस्थापन को रोकने का आह्वान किया। लेबनानी सेना ने कहा कि तलाश अभियान में लेबनान-इजराइल सीमा के समीप 20 रॉकेट लॉन्चर मिले हैं। उसने एक बयान में कहा कि चार लॉन्चर में रॉकेट थे और वे दागे जाने के लिए तैयार थे। उसने बताया कि सैन्य विशेषज्ञ इन लॉन्चर को निष्क्रिय करने पर काम कर रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अगर इजराइल गाजा पट्टी पर हवाई हमले रोक देता है तो हमास करीब 200 बंधकों को रिहा करने के लिए संभवत: तैयार है। ईरान ने यह भी चेतावनी दी कि अगर इजराइल आने वाले दिनों में गाजा पट्टी में व्यापक जमीनी अभियान चलाता है तो वह युद्ध में प्रवेश कर सकता है। ईरान द्वारा समर्थित लेबनानी शिया मिलिशिया समूह हिजबुल्ला ने इजराइल में मिसाइल हमले किए है। उसने कहा कि यह इजराइल के लिए एक चेतावनी है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान और हिजबुल्ला को चेतावनी देते हुए कहा कि वे उत्तर में हमारी परीक्षा नहीं लें। नेतन्याहू ने सोमवार को इजराइली संसद नेसेट में दिए भाषण में कहा कि हमास को हराने के लिए दुनिया को एकजुट होने की जरूरत है। यह युद्ध आपका भी युद्ध है। इजराइली प्रधानमंत्री ने हमास की तुलना नाजियों से की। वहीं, गाजा की पूर्ण घेराबंदी के बाद फलस्तीनियों की भारी भीड़ सोमवार को अस्पतालों और स्कूलों में देखने को मिली। वे आश्रय की तलाश कर रहे हैं और भोजन एवं पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इजराइली सेना का कहना है कि हमास और अन्य फलस्तीनी आतंकवादियों ने गाजा में 199 लोगों को बंधक बना रखा है और यह संख्या पिछले अनुमानों से अधिक है। सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागारी ने सोमवार को बताया कि बंधकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या बंधकों की इस संख्या में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

वहीं संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुतारेस ने हमास से सभी बंधकों को बिना किसी शर्त के तुरंत रिहा करने की अपील की और इजराइल से गाजा पट्टी में नागरिकों तक त्वरित और निर्बाध मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति देने का आग्रह किया। गुतारेस ने रविवार को एक बयान में कहा, ऐसे क्षण में, जब हम विनाश के कगार पर हैं, ऐसे में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं दो मजबूत मानवीय अपील करूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने हमास से अपील की कि उसे सभी बंधकों को बिना किसी शर्त के तुरंत रिहा करना चाहिए। गुतारेस ने कहा, गाजा में नागरिकों तक त्वरित और निर्बाध मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इजराइल को अनुमति प्रदान करनी चाहिए। (शेष पेज 9)

## तृतीय चन्द्रघण्टा



**पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।**
**प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥**

**मां** शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इन देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है।



**विश्व कप क्रिकेट**

- **परिणाम:** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया
- **आज:** दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैण्ड

## क्विक न्यूज

### लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में क्रिकेट शामिल

**मुंबई (भाषा)।** क्रिकेट को 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में आधिकारिक रूप से सोमवार को शामिल कर लिया गया और इसे वैश्विक खेल बनाने की कवायद में इसे पहले कदम के तौर पर देखा जा रहा है। ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को टी 20 प्रारूप में खेला जाएगा। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अपने 141वें सत्र में जिन अन्य खेलों को शामिल किए जाने को मंजूरी दी है उनमें स्क्वाश, बेसबॉलासॉफ्टबॉल, लैक्रोस और फ्लैग फुटबॉल शामिल है। लॉस एंजिलिस-28 आयोजन समिति द्वारा अनुशंसित पांच खेलों को शामिल करने के प्रस्ताव का आईओसी के 99 सदस्यों में से मतदान करने वाले केवल दो सदस्यों ने विरोध किया। कार्यकारी बोर्ड की सिफारिश पर हाथ उठाकर मतदान करने के लिए कहा गया। इसके बाद आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने अन्य खेलों के साथ क्रिकेट को भी ओलंपिक में शामिल करने की घोषणा की।

# महिला पायलट संभालेंगी रैपिडएक्स की कमान

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को साहिबाबाद और दुहाई खंड का करेंगे उद्घाटन, इन दोनों स्टेशनों के बीच 17.5 किमी है दूरी





**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**देश** का पहला क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम शुक्रवार (20 अक्टूबर) को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजियाबाद में साहिबाबाद और दुहाई डिपो के बीच 17.5 किमी स्ट्रेच को हरी झंडी दिखाएंगे। ये दिल्ली-गाजियाबाद और मेरठ से होकर गुजरता है, जिसकी कुल दूरी 82.15 किलोमीटर है। नवरात्र के शुभ अवसर को चिह्नित करते हुए पहली ट्रेन महिला पायलट द्वारा चलाई जाएगी जो इस कार्यक्रम को 'शक्ति' (महिलाओं) की पूजा के लिए समर्पित करेगी। दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का पहला चरण चालू हो जाएगा और इसमें पांच स्टेशन होंगे- साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो। आरआरटीएस कॉरिडोर पर क्षेत्रीय रेल सेवा शुरू होने से लोग राष्ट्रीय राजधानी और मेरठ के बीच तेजी से यात्रा कर सकेंगे। यह 12 मिनट में 17 किमी की दूरी तय करेगी, जिसमें सड़क मार्ग से आमतौर पर 35 मिनट से अधिक समय लगता है। पूरी तरह से चालू होने पर परियोजना में दो मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट ट्रांजिट सिस्टम होंगे - आनंद विहार जिसमें मेट्रो, आईएसबीटी और रेलवे कनेक्टिविटी है जो अन्य सराय काले खान के समान है जो निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन के आसपास है।

इस अवसर की तैयारियां जोरों पर हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यक्तिगत रूप से उस परियोजना की समीक्षा करने के लिए गाजियाबाद आएं थे। परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

पूरे 82.15 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस को जून 2025 तक चालू करने का लक्ष्य है। आरआरटीएस ट्रेनों में कई यात्री-केंद्रित सुविधाएं जैसे ओवरहेड सामान रैक, वाई-फाई, हर सीट पर मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग की सुविधा है। प्रत्येक ट्रेन में चौड़ी सीटों, अधिक पैर रखने की जगह और कोट हैंगर वाली एक प्रीमियम श्रेणी की कार होगी। ट्रेनें वेंडिंग मशीन की सुविधा से भी सुसज्जित होंगी। अधिकारियों के मुताबिक इस रूट पर कुल 10 ट्रेनें चलेंगी और 1700 यात्रियों को ले जाने में सक्षम होंगी. अगला चरण शाहिबाबाद से मेरठ साउथ तक 42 किमी की दूरी तय करेगा, जहां 4 अतिरिक्त स्टेशन चालू हो जाएंगे। (शेष पेज 9)

# दीपोत्सव पर 24 लाख दीयों से जगमगाएगी राम की पैड़ी

- होगी लाइट एंड साउंड शो की शुरुआत



**भाषा।** अयोध्या

**अयोध्या** में दीपोत्सव को और भव्य बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दीपोत्सव के तहत राम की पैड़ी पर 11 नवंबर को 24 लाख दीए जलाए जाएंगे और दीपावली की पूर्व संध्या पर यहां लाइट एंड साउंड शो का आयोजन शुरू होगा। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया, आगामी 11 नवंबर को सरयू नदी के तट पर राम की पैड़ी पर 24 लाख दीपक जलाए जाएंगे। अयोध्या में 11 नवंबर से राम की पैड़ी पर रोजाना एक भव्य लाइट एंड साउंड शो भी आयोजित किया जाएगा। पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार हर दिन दो शो होंगे और इसे सरकार से हरी झंडी मिल गई है।

उन्होंने बताया, लाइट एंड साउंड शो के आयोजन की जिम्मेदारी सरकारी एजेंसी - उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को दी गई है। इसके लिए लगभग 65 फीट ऊंचाई के दो स्टील कॉलम खड़े किए जाएंगे और बीच में एक पर्दा लगाया जाएगा। कुमार ने बताया कि राम की पैड़ी में करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए जाएंगे और उसमें सरयू आरती के बाद रामायण पर आधारित फिल्में दिखाई जाएंगी। उन्होंने बताया, लाइट एंड साउंड शो का यह कार्यक्रम शाम को दो घंटे के लिए आयोजित किया जाएगा। यह सभी के लिए नि:शुल्क होगा। योजना के तहत यह शो अगले पांच साल तक रोजाना आयोजित होगा।



लखनऊ में सोमवार को आईसीसी विश्व कप क्रिकेट मैच में श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के बैटर मार्नस लाबुशेन शॉट खेलते हुए। लेग स्पिनर एडम जम्पा (47 रन पर चार विकेट) और कप्तान पैट कमिंस (32 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को 88 गेंद शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी और अपनी पहली जीत दर्ज की। (विस्तृत समाचार पेज 12)

# जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, ठंड आने की आहट

- घाटी के कई हिस्सों में तापमान 10 डिग्री से नीचे आया, मैदानी इलाकों में हुई बारिश



पुंछ में बर्फ की सफेद चादर से ढंकी पीर की गली।

**मोहित कंडारी।** जम्मू

**ताजा** बर्फबारी से सोमवार को जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। वहीं कई मैदानी इलाकों में व्यापक बारिश हुई, जो सर्दी के मौसम के आगमन का संकेत है। मौसम में बदलाव लाने वाले पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव, कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में व्यापक तौर पर देखा गया। इसमें गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट, बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी, सोनमर्ग, बंगस घाटी और उत्तरी कश्मीर जिले में राजदान टॉप शामिल हैं। कुपवाड़ा में दिन के दौरान कई इंच बर्फबारी हुई। क्षेत्र में पारा 2 डिग्री से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

श्रीनगर में मौसम विभाग ने भी 17 अक्टूबर को छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश/बर्फबारी (ऊंचाई पर) की भविष्यवाणी की है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 18 अक्टूबर से पूरे जम्मू-कश्मीर में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट के साथ मौसम में समग्र सुधार होने की संभावना है।

मौसम कार्यालय की सलाह में कहा गया है कि किसानों को फसल की कटाई मंगलवार तक टाल देनी चाहिए। इसमें कहा गया है, 'बारिश अस्थायी रूप से परिवहन को बाधित कर सकती है, खासकर ज़ोजी ला, मुगल रोड, सिंथन टॉप और सदनाटॉप जैसे संवेदनशील स्थानों पर।' बांदीपुरा-गुरेज़ मार्ग आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया। लद्दाख के द्रास में भी सोमवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। कश्मीर घाटी में शोपियां को जोड़ने वाली मुगल रोड से यातायात भी बाधित रहा।

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के अधिकारियों ने विभिन्न नालों/ नदियों की परिधि पर रहने वाले निवासियों के लिए मौसम संबंधी सलाह जारी की है, जहां फिसलन और अचानक बाढ़ आने का खतरा है। सलाह में मौसम की स्थिति में सुधार होने तक इन क्षेत्रों में जाने से परहेज करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग द्वारा दिए गए पूर्वानुमान के आधार पर 16 से 17 अक्टूबर, 2023 के बीच अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम बर्फबारी और जम्मू और कश्मीर के मैदानी इलाकों में संभावित बारिश की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मौसम के ये पैटर्न अपेक्षित हैं। (शेष पेज 9)

# प्रीमियम बस सेवा योजना को सरकार ने दी मंजूरी

## निजी वाहनों के इस्तेमाल को कम करने और प्रदूषण नियंत्रण में मिलेगी मदद

● एक जनवरी 2025 के बाद सिर्फ इलेक्ट्रिक बसों को ही इस योजना में किया जाएगा शामिल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने एक प्रीमियम बस सेवा योजना को मंजूरी प्रदान की है, जिसका उद्देश्य शहर के भीतर निजी वाहनों के इस्तेमाल को कम करना और प्रदूषण घटाने में मदद करना है।

सरकार ने अगस्त में अपनी वेबसाइट पर दिल्ली मोटर व्हीकल्स लाइसेंस ऑफ एग्रीगेटर (प्रीमियम बसें) योजना, 2023 का मसौदा अपलोड किया था और लोगों से इसपर राय मांगी थी। राज्य सरकार को उम्मीद है कि इस योजना के जरिए मध्यम व उच्च मध्यम वर्ग के लोग सार्वजनिक परिवहन का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित होंगे। योजना के मुताबिक, लाइसेंस धारक को यह सुनिश्चित करना होगा कि योजना के लिए जारी अधिसूचना की तारीख से तीन साल से अधिक की पंजीकरण तिथि वाली किसी भी प्रीमियम बस को इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। योजना के मुताबिक, इसके अलावा योजना में शामिल होने के लिए किसी भी नई प्रीमियम बस को मौजूदा उत्सर्जन नियमों का पालन करना होगा फिर चाहे वे सीएनजी वाली वातानुकूलित बसें हों या फिर बिजली से चलने वाली बसें। इसके अलावा बसें बीएस-6 मानक के अनुरूप होनी चाहिए। इस योजना के मुताबिक, एक जनवरी 2025 के बाद सिर्फ विद्युत बसों को ही इस योजना में शामिल किया जाएगा। इतना ही नहीं, इस तिथि के बाद किसी भी सीएनजी बस, फिर चाहे वह बीएस-6 मानक अनुरूप ही क्यों न हो, उसे भी योजना में शामिल होने की इजाजत नहीं होगी।

योजना के मुताबिक, एग्रीगेटर को महिला यात्रियों की सुरक्षा और रक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने होंगे और बसों के मोबाइल ऐप व वेब आधारित ऐप्लीकेशन पर एक पैनिक बटन सहित त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र मुहैया कराना होगा, जो हर समय काम करना चाहिए।

इसके अलावा शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेंस (एपीआई) आधारित तौर-तरीके भी शामिल करने होंगे। योजना में एग्रीगेटर को किराया तय करने की अनुमति दी गई है। हालांकि इन बसों का न्यूनतम किराया दिल्ली परिवहन निगम की वातानुकूलित बसों के अधिकतम किराए से कम नहीं होना चाहिए।

### स्कीम के लिए नियम और शर्तें

- सभी बसें टू बाई टू की होंगी, एयर कंडीशनर होंगी, इनमें वाई-फाई, जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिक बटन की सुविधा भी होगी
- बस में सीट की बुकिंग ऑनलाइन होगी, बस में कम से कम 12 या उससे ज्यादा सीट होनी चाहिए
- तीन साल से पुरानी बस को इस स्कीम में नहीं चलाया जा सकेगा
- सीएनजी बसें होनी चाहिए, 1 जनवरी 2024 के बाद जो भी बस खरीदी जाएगी, वो इलेक्ट्रिक होनी जरूरी है
- लाइसेंस मिलने के 90 दिन के अंदर एग्रीगेटर को कम से कम 50 बसें ऑपरेट और मेंटेन करनी होगी
- बसों के रूट एग्रीगेटर्स खुद तय कर सकेंगे।

# सर्दियों में प्रदूषण रोकथाम को पौधारोपण अभियान

● पर्यावरण मंत्री ने गढ़ी मांडू में दूसरे चरण की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सर्दियों के दौरान प्रदूषण में कटौती करने के प्रयासों के तहत दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को राज्य में पौधारोपण अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत करते हुए कहा कि हरित क्षेत्र में वृद्धि से पिछले आठ वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता बेहतर हुई है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के गढ़ी मांडू में पौधारोपण अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत हुई। राय ने संवाददाताओं को बताया, हमने इस वित्त वर्ष में झाड़ियों सहित 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसमें से हम गर्मियों के मौसम के दौरान प्रदूषण में कटौती के लिए हमारी कार्य योजना के हिस्से के रूप में पहले ही 40 लाख पौधे लगा चुके हैं। अब हमने पौधारोपण अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की है, जिसके दौरान सर्दी के मौसम में बाकी बचे 12 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

नई दिल्ली नगर पालिका के 50 लाख पौधे लगाने के अभियान पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इससे शहर में हरियाली बढ़ाने में मदद मिलेगी।

मंत्री ने रेखांकित किया कि आम आदमी पार्टी की सरकार के कार्यकाल के दौरान दिल्ली में हरित क्षेत्र का दायरा 20 से बढ़कर 23 फीसदी हो गया है, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इस साल अभी तक वायु गुणवत्ता 200 दिन अच्छी से सामान्य रही है और ऐसा 2015 से पहली बार हुआ है सिवाए 2020 के क्योंकि उस दौरान कोविड-19 के कारण सख्त लॉकडाउन लगाया गया था।



फोटो: रंजन डिमरी

# गैस रिसाव के बाद खाली कराया गया स्कूल

● मौके पर पहुंची एनडीआरएफ, दिल्ली पुलिस और दमकल सेवा टीम




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिम दिल्ली के नारायणा इलाके में गैस के एक गोदाम से दुर्गंध आने के बाद सोमवार को एक स्कूल से छात्रों को बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली पुलिस और दिल्ली दमकल सेवा की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बच्चों को स्कूल से बाहर निकालना शुरू कर दिया गया। पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया, पीसीआर को नारायणा के सी-ब्लॉक इलाके में दुर्गंध से संबंधित कई कॉल प्राप्त हुई थीं। कॉल प्राप्त होने के बाद संबंधित एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और जरूरी एहतियाती कदम उठाए गए। उपायुक्त ने बताया, हम मामले की जांच कर रहे हैं।

तथ्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। दमकल सेवा ने बताया कि उन्हें सोमवार दोपहर 12 बजकर 18 मिनट पर एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि एक गोदाम में रखे ड्रम से गैस या फिर कैमिकल का रिसाव हो रहा है। दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने एक बयान में बताया, दमकल की एक गाड़ी कर्मियों के साथ तुरंत रवाना हो गई।

मौके पर पहुंचने के बाद तीन और गाड़ियों की मांग की गई। अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हुआ कि गोदाम परिसर में रखे कंटेनर से तेज गंध वाला कोई रसायन या फिर गैस लीक हो रही थी। अधिकारी ने बताया, यह गैस है या कुछ और... इसका अभी तक पता नहीं लग सका है। गैस रिसाव को फैलने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव किया गया।

# शाहदरा में बंदूकधारियों ने मोबाइल की दुकान लूटी

**नई दिल्ली।** राजधानी के शाहदरा के एमएस पार्क इलाके में दो हथियारबंद लोगों ने एक दुकान से नकदी और मोबाइल फोन लूट लिए।

पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात करीब नौ बजे हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के वक्त मोबाइल की दुकान में दो कर्मचारी मौजूद थे, तभी दो आरोपी पिस्तौल लहराते हुए अंदर घुसे और आधा दर्जन मोबाइल हैंडसेट और दराज में रखे दो लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है और आगे की जांच जारी है। पुलिस ने इलाके सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है।

# मिजोरम विधानसभा चुनाव में उतरेगी आप

● केजरीवाल के नेतृत्व में हुई बैठक तके संगठन का विस्तार पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को घोषणा की कि वह पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

आम आदमी पार्टी की पूर्वोत्तर राज्यों की इकाई के प्रभारी राजेश शर्मा ने कहा कि रविवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हुई एक बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करने और पूर्वोत्तर राज्यों में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा, संगठनात्मक विस्तार के लिए एक समन्वय समिति और एक उत्तर-पूर्व प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। राजेश शर्मा ने कहा कि पूर्वोत्तर में लोग शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी से संबंधित मुद्दों से जूझ रहे हैं और उनका मानना है कि आम आदमी पार्टी इन समस्याओं का समाधान प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी की राज्य इकाई की समिति जल्द ही उन सीट की संख्या और निर्वाचन क्षेत्रों के नामों की घोषणा करेगी जहां से वह चुनाव लड़ेगी।




प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को जानकारी देते आप नेता राजेश शर्मा व अन्य।

# चाइल्ड वेलफेयर कमिटी के चेयरपर्सन होंगे बर्खास्त

● मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कदाचार मामले में चाइल्ड वेलफेयर कमिटी के चेयरपर्सन बर्खास्त होंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन की बर्खास्तगी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी की ओर से सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन की बर्खास्तगी का प्रस्ताव रखा गया था।

सीएम केजरीवाल ने लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए ये कार्रवाई की। प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए सीएम ने कहा कि बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और बेहतरी की दिशा में हमारी सरकार कोई समझौता नहीं करेगी। ऐसे लापरवाही बरतने वाले अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि बच्चों की देखभाल व सुरक्षा में सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन की अहम भूमिका होती है। ऐसे में संबंधित व्यक्ति द्वारा गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# संपत्ति विवाद में छोटे भाई को कार से मारी टक्कर

● टक्कर मारने के बाद गाड़ी की बोनट पर तीन किमी तक पड़ा रहा पीड़ित, हादसे में बाल बाल बची जान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने छोटे भाई को कार से टक्कर मार दी, जिससे वह बोनट पर जा गिरा। इसके बाद बड़ा भाई, उसे इसी हालत में लेकर तीन किलोमीटर तक गाड़ी चलाता रहा। मामले में छोटे भाई की जान बाल बाल बची। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक संपत्ति विवाद को लेकर व्यक्ति ने अपने छोटे भाई को टक्कर मारी। बाहरी-उत्तरी दिल्ली इलाके में हुई इस घटना का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति चलती कार के बोनट से चिपका हुआ नजर आ रहा है।

पुलिस ने बताया कि सोनीपत में अपने परिवार के साथ रहने वाला राजेश कुमार शुक्रवार को बुराड़ी में किसी से मिलने गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, रास्ते में पुश्ता रोड के पास यातायात जाम होने के कारण वह अपनी कार से बाहर निकला। इसी बीच, राजेश का बड़ा भाई महेश अपनी एसयूवी में आया और उसे टक्कर मार दी जिससे राजेश बोनट पर गिर गया और महेश करीब तीन किलोमीटर तक इसी हालत में अपनी गाड़ी चलाता रहा। यह कार तभी रुकी जब अन्य यात्रियों ने बीच बचाव किया। अधिकारी ने कहा कि इस घटना में राजेश कुमार को मामूली चोटें आई हैं।

उन्होंने बताया कि राजेश कुमार की शिकायत के आधार पर अलीपुर पुलिस थाने में महेश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना) और 337 (दूसरों की निजी सुरक्षा को खतरे में डालकर चोट पहुंचाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कोविड से जान गंवाने वाले के परिजन को दिए 1 करोड़

● भगवान महावीर अस्पताल के डार्क रूम सहायक थे राजीव मल्होत्रा



डार्क रूम सहायक राजीव मल्होत्रा के परिवार को एक करोड़ का चेक सौंपते समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने सोमवार को भगवान महावीर अस्पताल के डार्क रूम सहायक राजीव मल्होत्रा के परिवार को दिल्ली सरकार द्वारा कोरोना योद्धाओं को दी जाने एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

कोविड महामारी के दौरान भगवान महावीर अस्पताल में ड्यूटी के दौरान संक्रमित हुए 53 साल के डार्क रूम सहायक राजीव मल्होत्रा ने कर्त्तव्य के दौरान जान गंवाई थी। राजीव मल्होत्रा के काम के प्रति उनके समर्पण, प्रतिबद्धता और संकल्प के बारे में उनकी पत्नी रीता मल्होत्रा ने मंत्री को बताया।

राजीव मल्होत्रा ने 34 वर्षों तक भगवान महावीर अस्पताल में डार्क रूम सहायक के रूप में काम किया। कोविड के कारण, उन्हें बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया जिससे लड़ते हुए उन्होंने के 7 मई 2021 को अपनी जान गंवाई। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो पुत्र हैं। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि केजरीवाल सरकार हर कठिनाई में दिल्ली के नागरिकों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है और हर परेशानी में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

केजरीवाल सही मायनों में दिल्ली का वो बेटा है जो हर समय दिल्ली के नागरिकों के कल्याण और जनहित के मुद्दों के बारे में सोचता है। ज्ञात हो कोरोना काल में अपनी सेवा देते कई डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हो गई थी।

# गर्भवती महिला की जांच को एम्स गठित करे मेडिकल बोर्ड

● उच्च न्यायालय ने 48 घंटे में रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया, जो इस बात पर विचार करेगा कि 22 सप्ताह की एक गर्भवती महिला के लिए गर्भपात कराना सुरक्षित होगा या नहीं और वह बोर्ड भ्रूण की स्थिति की जांच करेगा।

उच्च न्यायालय 31 वर्षीय एक विवाहित महिला की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने कहा है कि उसने तलाक के लिए अर्जी दायर करने का फैसला किया है और इसलिए, वह गर्भपात कराना चाहती है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि मेडिकल बोर्ड तत्काल गठित किया जाए और 48 घंटे के अंदर अदालत के सामने रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। महिला ने उच्च न्यायालय में गुहार लगाई कि उसे चिकित्सकीय गर्भपात अधिनियम के प्रावधानों के तहत आज की तारीख तक 22 सप्ताह चार दिन के हुए उसके गर्भ को गिराने की अनुमति दी जाए।

महिला ने याचिका में अपने पति को पक्ष नहीं बनाने का फैसला किया है, इसलिए उच्च न्यायालय ने उसे निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के मेमो में संशोधन कर उसके पति को मामले में पक्ष बनाया जाए। उच्च न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 19 अक्टूबर की तारीख तय की।

# देश में 45 साल बाद वर्ल्ड एंथ्रोपोलॉजी कांग्रेस का आयोजन

● कुलपति योगेश सिंह ने कहा, सामान्य जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है यह विषय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत में 45 वर्षों के बाद आईयूएईएस वर्ल्ड एंथ्रोपोलॉजी कांग्रेस का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। 19वीं आईयूएईएस वर्ल्ड एंथ्रोपोलॉजी कांग्रेस-2023 का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज के कन्वेंशन हॉल में रविवार, 15 अक्टूबर सांय को हुआ। इस कार्यक्रम में 70 देशों के मानव विज्ञान और संबद्ध विषयों के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और विद्वानों ने भागीदारी की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि एंथ्रोपोलॉजी न केवल अध्ययन के क्षेत्र के रूप में महत्वपूर्ण है, बल्कि सामान्य रूप से जीवन के लिए भी इसकी प्रासंगिकता बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान आईयूएईएस के अध्यक्ष प्रोफेसर जुन्जी कोइजुमी ने बताया कि पहली कांग्रेस 1934 में लंदन में आयोजित हुई थी। उसके बाद एशिया सहित दुनिया भर के विभिन्न क्षेत्रों में इसका आयोजन हुआ। भारत ने 1978 में प्रोफेसर एल.पी. विद्यार्थी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम की मेजबानी की थी। दिल्ली विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सौमेंद्र एम. पटनायक ने कांफ्रेंस की अध्यक्षता की। कॉन्फ्रेंस की संचालन समिति के अध्यक्ष जी.बी. पटनायक ने इस कांग्रेस की तुलना एंथ्रोपोलॉजी के जी-20 से की। जहां दुनिया भर के शीर्ष शिक्षाविद् इकट्ठा होते हैं और एक पूर्वानुमानित विज्ञान के रूप में एंथ्रोपोलॉजी के महत्व पर जोर देते हैं, जो वैश्विक चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी में सहायता कर सकता है।




19वीं आईयूएईएस वर्ल्ड एंथ्रोपोलॉजी कांग्रेस-2023 का उद्घाटन के मौके पर कुलपति योगेश सिंह।

## संक्षिप्त समाचार



महराजा अग्रसेन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अथिति सुभाष व अन्य

### महराजा अग्रसेन की जयंती मनाई

**नई दिल्ली।** महराजा अग्रसेन कॉलेज में महराजा अग्रसेन जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अथिति सुभाष गुप्ता, चेयरमैन, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल ट्रस्ट ने कहा कि महाराजा अग्रसेन से हमें यह शिक्षा लेनी चाहिए कि हम जो करेंगे देश के हित के लिए करेंगे। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाराजा अग्रसेन के दूरदर्शी दृष्टिकोण और वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने बताया कि महाराजा अग्रसेन ने अपने जीवनकाल में देश एवं समाज की उन्नति का आधार उसके सामाजिक, आर्थिक और व्यापारिक हितों के उत्थान में देखा था। कार्यक्रम में कालेज गवर्निंग बॉडी के कोषाध्यक्ष प्रो. सतीश अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन प्रो. आभा मित्तल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन आरती नागर ने किया।

### आदर्श रामलीला कमेटी में राम जन्म का मंचन



**नई दिल्ली।** आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 में राम जन्म, विश्वामित्र तप भंग, ताड़का सुबाहु वध कि लीला का मंचन किया गया। जहां प्रभु राम के जन्म की लीला देख दर्शक भाव विभोर हो गए तो वही ताड़का सुबाहु वध कि लीला देख दर्शक रोमांचित हो उठे । रामलीला का उद्घाटन हर्ष मल्होत्रा महामंत्री भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश व सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश के द्वारा किया गया। इस अवसर पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि हमारी संस्कृति और सदाचार कि जब भी बात होती है तो राम का नाम लिया जाता है। अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने सभी को महापर्व नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विजय बंसल, देवराज, नितिन बत्रा, प्रवीण कुमार सिंह, अजय गोयल, चंदन शर्मा, प्रदीप गोयल, बिट्टू हार्मिलापी, संदीप गुप्ता , सुरेश जैन उपस्थित रहे।

### हिरासत से फरार विदेशी नागरिक धरा गया

**नई दिल्ली।** मादक पदार्थों की गैर कानूनी आपूर्ति के मामले में गिरफ्तार बेनिन का नागरिक दिल्ली पुलिस की हिरासत से भाग गया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद उसे निहाल विहार से पकड़ लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि उहे उवाडीगु को तीन अक्टूबर को एक किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने बताया कि आगे की जांच के लिए रविवार को जब उसे चंदर विहार इलाके में ले जाया जा रहा था, तभी वह फरार हो गया। उन्होंने बताया कि कुछ दूर दौड़ने लगाने बाद वह अपने सहयोगी की मोटरसाइकिल पर बैठ कर भाग गया। पुलिस जवानों ने उसका पीछा किया लेकिन उसे पकड़ नहीं पाए। अधिकारी ने बताया कि पीछा करते समय एक पुलिस अधिकारी को मामूली चोटें भी आईं। सात घंटे की तलाश के बाद उवाडीगु को निहाल विहार इलाके से पकड़ा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया उसके सहयोगी नाइजीरिया के नागरिक नैन्सो रेक्सफेलिसन (42) को भी बाद में गिरफ्तार कर लिया गया और दोनों से पूछताछ की जा रही है।

# रामलीला में शिवजी का धनुष तोड़ सीता के हुए श्रीराम

## भव्य तरीके से हुआ राम-सीता का विवाह

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**





रामलीला में धनुष तोड़ने के बाद जयमाला का दृश्य। रामलीला में राजा जनक के दरबार में स्वयंवर के दौरान गरजते रावण।

**जैकमपुरा** स्थित श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से रविवार रात को तीसरे दिन की लीला में सीता स्वयंवर की भव्य लीला दिखाई गई। रामलीला में लीला की शुरुआत ताड़का वध के बाद गुरु विश्वामित्र के साथ काफी समय तक राम-लक्ष्मण ने ऋषियों के बीच वनों में ही समय बिताया। गुरु विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को गंगा मईया के दर्शन कराकर उन्हें इसके इतिहास से अवगत कराया।

तीसरे दिन की लीला में समाजसेवी जगमोहन मित्तल, कृष्णा एवं नरेश माचीवाल, राममेहर, डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल, श्याम सुंदर कारगवाल, किरनपाल, धीरज कुमार, विजय गर्ग, अमरजीत यादव, प्रीतम राव व पवन कुमार अतिथि के रूप में पहुंचे। अतिथियों की स्वागत रस्म के बाद लीला में दिखाया गया कि गुरु विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण घूमते हुए जनकपुरी में राजा जनक के दरबार में पहुंचे। उसी समय राजा जनक ने सीता का स्वयंवर भी रखा हुआ था। इसकी जानकारी गुरु विश्वामित्र को भी दी गई।

स्वयंवर में खुद के लिए अच्छा वर पाने की इच्छा लिए सीता अपनी सखियों के साथ बगिया में मां गिरिजा जी की पूजा करने जाती है। पूजा करके जब वह फूल चुन रही होती है तो उसी समय राम-लक्ष्मण भी वहां घूमते हुए पहुंच जाते हैं। राजा जनक के दरबार में स्वयंवर की तैयारियां पूरी हो जाती हैं और शंकर जी के धनुष को लेकर सीता जी दरबार में रख देती हैं। सीता जी के स्वयंवर की शर्त यह थी कि जो भी इस धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, सीता उसी के गले में वर माला डालेगी।

दूर-दराज के क्षेत्रों से राजा-राजकुमार वहां पहुंचे हुए थे। इसी बीच सिंह गर्जना के साथ रावण राजा जनक के दरबार में प्रवेश करते हैं। स्वयंवर में न बुलाने जाने के कारण खुद को अपमानित समझते हुए रावण धनुष को उठाने का ऐलान करते हैं। उनसे पहले अन्य राजा-राजकुमारों ने धनुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन सफल न हो पाए। स्वयंवर में न बुलाने जाने के कारण खुद को अपमानित समझते हुए रावण धनुष को उठाने का ऐलान करते हैं। बानासुर रावण को समझाते हुए कहते हैं कि लंकेश ये धनुष तुम्हारे आराध्य भगवान शंकर का है। इसे उठाना तो दूर तुम्हारे लिए छूना भी पाप है। लेकिन रावण उसकी बातो को ना मानते हुए धनुष उठाने को आगे बढ़ता है। खुद के बल पर इतराए रावण धनुष को उठाने के लिए जैसे ही झुकते हैं तो आकाशवाणी हो जाती है। आकाशवाणी से आवाज आती है कि रावण तेरी लंका में आग लग गई है। रावण कहते हैं उनके पुत्रों को भेज दिया जाए। पुत्रों के वहां न होने की स्थिति में खुद रावण स्वयंवर छोड़कर जाते हैं। साथ ही सीता को धमकी भरे शब्दों में यह भी कह जाते हैं कि सीते, एक दिन तुझे लंका जरूर दिखाऊंगा। सभी राजा-राजकुमारों द्वारा धनुष उठाने में असफलता मिलने पर राजा जनक उठते हैं और दुखी मन से कहते हैं कि लगता है सीता का स्वयंवर पूरा नहीं हो पाएगा। राजा जनक कहते हैं-हे दीप-दीप के राजा जन हम किसें कहें बलशाली हैं, हमको तो यह विश्वास हुआ पृथ्वी वीरों से खाली है। राजा जनक की यह बात सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हुए और उठकर बोले राजा जनक यह बात कहना उन्हें शोभा नहीं देती।

### बेहतरीन रहा लक्ष्मण-परशुराम संवाद

**रामलीला** में लक्ष्मण-परशुराम संवाद भी बेहतरीन रहा। दोनों ने एक-दूसरे पर तंज कसते हुए अपना अभिनय बखूबी निभाया। जब राम-सीता ने एक-दूसरे का माला पहना दी तो राजा जनक के दरबार में भगवान परशुराम पहुंचते हैं। टूटा हुआ धनुष देखकर वे क्रोधित हुए और बोले-ओ जनक जरा जल्दी बता ये धनुष किसने तोड़ा है, इस भरे स्वयंवर में किसने सीता से नाता जोड़ा है। जवाब में राम जी ने कहा-जो कृपा पात्र हैं गुरुओं का वह कब किससे डर सकता है, जिस पर कृपा हो ब्राह्मणों की यह काम वही कर सकता है। लक्ष्मण ने उनके साथ संवाद करते हुए उन्हें काफी समझाया, लेकिन वे नहीं माने। अंत में भगवान परशुराम अपना फरसा लेकर लक्ष्मण पर ही वार करने को दौड़ पड़े। बीच में गुरु विश्वामित्र ने आकर उन्हें ऐसा करने से रोका। इसके बाद उनका राम से संवाद हुआ और राम जी के समक्ष अपना फरसा फेंकते हुए उनके चरणों में झुक गए।

# पर्यावरण स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाएंगे ई-व्हीकल: नवीन गोयल



गुरुग्राम के बर्फ खाना क्षेत्र में ईवी स्कूटर्स एजेंसी का उद्घाटन करने पहुंचे डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## बर्फ खाना क्षेत्र में मंगला ईवी स्कूटर्स का हुआ भव्य शुभारंभ

## कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने दी शुभकामनाएं

**यहां** बर्फ खाना क्षेत्र में नेहरू स्टेडियम के सामने सोमवार को मंगला ईवी स्कूटर्स के शोरूम का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल व पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल मुख्य अतिथि व समाजसेवी डा. गजेंद्र गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहे।

मंगला ईवी स्कूटर्स शोरूम के संचालक राजेंद्र मंगला, प्रिंस मंगला को इस बेहतर शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए गोयल बंधुओं ने ई-व्हीकल्स को समय की जरूरत बताया। डा. डीपी गोयल ने कहा कि अभी समय है, हमें ई-वाहनों की तरफ अपना रुख करना चाहिए। जिस तरह से लगातार पेट्रोल, डीजल के वाहन सड़कों पर आ रहे हैं, हमारे यहां पर्यावरण का स्तर बहुत खराब होता जा रहा है। नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में ई-वाहन अहम भूमिका निभा सकते हैं और निभा रहे हैं। भविष्य इन्हीं वाहनों का है। दुपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों का निर्माण करने में कंपनियां सक्रियता से काम कर रही हैं। केंद्रीय सड़क, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ई-वाहनों को अधिक से अधिक सड़कों पर लाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। पेट्रोल, डीजल के वाहनों का भी उन्होंने इथेनोल के रूप में नया रास्ता निकाला है। भविष्य में इस ईंधन के मिश्रण से वाहन संचालित होंगे, जिससे कि प्रदूषण नहीं फैलेगा। इथेनॉल और ईलेक्ट्रिक वाहनों के पूरी तरह से बाजार में आने के बाद हमारा पर्यावरण काफी हद तक सुधर जाएगा। उन्होंने कहा कि बीते एक साल में ई-वाहनों की बिक्री में काफी उछाल आया है। आने वाले 5-7 साल में वाहनों के बाजार पर ई-वाहनों का दबदबा होगा।

समाजसेवी डा. गजेंद्र गुप्ता (बॉबी) ने भी कहा कि ई-वाहनों को अधि कसे अधिक हमें प्रयोग में लाना चाहिए। आज अपनाए गए ई-वाहन हमारी अगली पीढ़ियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होंगे। हमें उन्हें प्रदूषण मुक्त पर्यावरण दे सकेंगे। इस अवसर पर राजीव मित्तल, हरि गोयल, समता सिंगला, अमित गोयल, विष्णु मंगला, आशीष गुप्ता, कल्पना गुप्ता, वंदना गजेंद्र गुप्ता समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# बैंक खाते में ज्यादा रुपये हड़पने को अपहरण करके की थी साथी की हत्या



अपहरण करके हत्या करने के तीनों आरोपी

## पुलिस ने हत्या करने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** प्रदीप को पता था कि उसके साथी प्रवीण त्रिवेदी के बैंक खाते में काफी रुपये हैं। उन रुपयों को हड़पने के लिए उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रवीण का अपहरण किया और फिर उसकी हत्या कर दी। इस हत्याकांड में पुलिस ने प्रवीण के साथ काम करने वाले प्रदीप समेत तीन आरोपियों को गिंरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने सोमवार को आरोपियों से पूछताछ के आधार पर यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक 9 अक्टूबर 2023 को एक व्यक्ति ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दर्ज कराकर कहा था कि उसका 45 वर्षीय भाई प्रवीण द्विवेदी 5 अक्टूबर से लापता है। वह आईएमटी मानेसर स्थित रानी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड में नौकरी करता है। इस शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। सिविल लाइन थाना प्रबंधक निरीक्षक पूनम की टीम ने प्रवीण की खोज के लिए तकनीकी सहायता से जानकारी हासिल की। इस दौरान पता चला कि प्रवीण द्विवेदी का अपहरण करके हत्या की गई है। पुलिस टीम ने सभी जानकारियों के आधार पर प्रवीण का अपहरण करके हत्या करने वाले 3 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान प्रदीप (29), अक्षय (26) व विनय (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी अक्षय को हरिद्वार से, आरोपी प्रदीप व विनय को रामपुरा फ्लाईओवर गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। आरोपी प्रदीप गांव रसूलपुर जिला महेंद्रगढ़, अक्षय निवासी दिलीप विहार दिल्ली, विनय निवासी गांव मालपोश जिला भिवानी का रहने वाला है।

**बैंक खाते में रुपये अधिक होना बना जान की आफत :** आरोपियों से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि मृतक प्रवीण त्रिवेदी व आरोपी प्रदीप दोनों एक साथ रानी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करते थे। आरोपी प्रदीप को पता था कि मृतक प्रवीण त्रिवेदी के बैंक खाते में काफी रुपये हैं। यही प्रवीण द्विवेदी की हत्या का कारण बना। आरोपी प्रदीप ने अपने रिश्तेदार विनय तथा अपने एक साथी अक्षय के साथ मिलकर प्रवीण त्रिवेदी को बहाने से बुलाकर उसका अपहरण करने व उसके बैंक खाते से रुपए निकालकर उसकी हत्या करने की योजना बनाई। योजनानुसार आरोपी प्रदीप व अन्य ने 5 अक्टूबर को प्रवीण त्रिवेदी को पटेल नगर में बुलाया। वहां से उसको मानेसर ले गया, जहां पर उसने अक्षय व विनय के साथ मिलकर एक कमरे में बंधक बना लिया।

# एडीसी ने डिजिटल पोर्टल के ट्रेनिंग प्रोग्राम का किया शुभारंभ

## आम नागरिक भी समझ सकेंगे पोर्टल की प्रक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम में ट्रेनिंग प्रोग्राम के शुभारंभ अवसर पर बोलते एडीसी हितेश कुमार मीणा।

**एडीसी** हितेश कुमार मीणा ने कहा कि पारदर्शी तरीके से हरियाणा सरकार की जनसेवाओं का लाभ आम नागरिकों को मिले, इसके लिए सरकार ने डिजीटल पोर्टल सेवाएं आरंभ की हुई हैं। नागरिकों को इन पोर्टल के बारे में सही जानकारी हो, इसके लिए नागरिक संसाधन विकास विभाग (सीआरआईडी) ने गुरुग्राम जिला में प्रशिक्षण देने की शुरुआत की है, जो कि अत्यंत लाभप्रद है। वे सोमवार को बागवानी विभाग के सभागार में क्रिड की ओर से आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीपीपी, सरल पोर्टल, मेरी फसल मेरा ब्यौरा आदि अनेक पोर्टल सरकार ने जनहित में ऑनलाईन चलाए हुए हैं। इन पोर्टल का एक ही मकसद है कि किसी भी योजना के सही पात्र व्यक्ति को उसका लाभ मिले और जनसेवाएं सीधे आम जनता तक पहुंचे। लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ मिले, इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने परिवार पहचान पत्र बनवाने का अभियान चलाया। जिसके जरिए आज घर बैठे लोगों को साठ साल की उम्र होते ही वृद्धावस्था सम्मान पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर आम नागरिक पूरी सरलता से सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकें। इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा यह ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया है। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि यह प्रशिक्षण सरकारी विभागों के कर्मचारियों को दिया जा रहा है। इसके बाद पंचायत प्रतिनिधियों, नगर निगम, नगर परिषद के पार्षद व कर्मचारियों, सरकारी विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक तथा अध्यापक व विद्यार्थियों को भी सरकारी पोर्टल की ट्रेनिंग दिलवाई जाएगी।

## बीएसएफ के जवान से साइबर अपराधी ने 18 हजार रुपये ठगे

**सोहना।** बीएसएफ के जवान को साइबर क्राइम अपराधी ने ऑनलाइन कॉल करके 18 हजार रुपये ठग लिए। भोंडसी थाना पुलिस ने बीएसएफ जवान की शिकायत पर अज्ञात साइबर क्राइम अपराधी के खिलु मामला दर्ज कर लिया है। गया बिहार के मूल निवासी रोशन कुमार ने पुलिस को बताया कि वह भोंडसी में स्थित बीएसएफ की 95वीं यूनिट में रह रहा है। उसके मोबाइल नंबर पर 7 अक्तूबर को 79870910394 से कॉल आई। उसने कॉल को सुना। कॉल करने वाले ने उससे पहले एक मैसेज उसके मोबाइल पर भेजा था। जिसमें 25 हजार रुपये सफ्लतापूर्वक पहुंच जाना लिखा था। कॉल करने वाला ने कहा कि गलती से आपके बैंक खाते में चले गए है। आत तुरन्त उसे 18 हजार रुपये लौटा दो। उसने पे फोन के माध्यम से दिए गए नंबर पर कर दिए।

# नवरात्रों शुरु होने के साथ ही फलों की कीमतों ने लगाई आसमानी छलांग

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**





| फ्ल का नाम | तीन दिन पहले के दाम | आज के दाम प्रति किलोग्राम |
|---|---|---|
| सेब | 120 | 160 |
| संतरा | 60 | 80 |
| केला | 70 | 100 |
| अनार | 125 | 180 |
| अमरुद | 50 | 80 |
| बबूबोशा | 50 | 60 |
| नारियल कच्चा | 60 | 80 |

**नवरात्रे** शुरु होने के साथ ही फ्लों की कीमतों ने आसमानी छलांग लगा दी है। जिसके चलते आम फ्ल खरीदना आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गया है। नवरात्रों की शुरुआत हुए अभी एक ही दिन हुआ है। वही पहले नवरात्रे से एक दिन पहले बाजार में बिकने वाले फ्लों कीमतें आसमान छूने लगी है। जिससे मजदूर और मध्यम वर्गीय लोगों की पहुंच से फ्ल खरीदना बाहर हो गया है। जबकि मार्केट में फ्लों की श्रेणी बहुत ही कम मात्रा में है। जिसमें मुख्य रुप से सेव, केला, अनार, अमरुद, संतरा, बबूबोशा, नारियल आदि है। जिसमें केला की कीमतें 100 रुपये के आंकड़े को छू गई है। वहीं अन्य फ्लों की कीमतों में 20 से लेकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ी है। केला बेचने वालों ने अपनी मनमर्जी भाव बनाएं हुए है। जिसे 70 रुपये लेकर 100 रुपये दर्जन बेचा जा रहा है।

**फलों की दुकानदारी घटी :** नवरात्रे शुरु होने और कीमतें बढ़ने से खरीदने वाले ग्राहकों कम रह गए है। फ्ल बिक्रेता विद्या सागर का कहना है कि वह दो दिन पहले तक एक दिन में 100 से 125 किलोग्राम फ्ल बेच रहा था। दो दिन से 60 से 80 किलोग्राम ही फ्ल बिक रहे है। क्योकि कीमतें बढ़ने के साथ ही ग्राहक कम हो गया है। केला, सेब और अमरुद 24 से 48 घंटा के बाद खराब होने लगता है। जिससे दुकानदार को खरीद के भी पैसे वसूल नहीं हो रहे है।

# वरिष्ठ नागरिकों के पीपीपी में जन्म तिथि सत्यापन के लिए विशेष शिविर

## एडीसी हितेश कुमार मीणा ने दी जानकारी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र में रह रहे ऐसे नागरिक जो 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं अथवा 60 वर्ष के होने वाले हैं, उनके लिए निगम के सभी ज़ोन में परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि सत्यापन के विशेष कैम्प शुरू किए गए हैं। इन कैंप में परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि से संबंधित सत्यापन का कार्य किया जाएगा, ताकि आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए परेशान न होना पड़े।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा पीपीपी के माध्यम 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिकों की अपने आप ही पेंशन शुरू की जा रही है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति इस योजना से अछूता ना रहे है। इसके लिए गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र के सभी जोन में इन विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। एडीसी ने बताया कि गुरुग्राम नगर निगम में रहने वाले व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) पर सुबह 9 बजे से दोपहर 4 बजे तक अपनी जन्मतिथि का सत्यापन करवा सकता हैं। एडीसी ने बताया कि विशेष शिविर आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कैंप के दौरान कोई भी तकनीकी समस्या आने पर उसका समाधान तुरंत प्रभाव से करना सुनिश्चित करें एवं निगरानी अच्छी तरह से करें, ताकि आमजन को परेशान न होना पड़े। जिला में परिवार पहचान पत्र की नोडल अधिकारी दीपिका ने बताया कि विशेष शिविरों के तहत गुरुग्राम नगर निगम के जोन एक व दो के नागरिक पुराने नागरिक अस्पताल के सामने निगम कार्यालय, जोन तीन के नागरिक सेक्टर-42 स्थित निगम कार्यालय व जोन चार के नागरिक सेक्टर-34 स्थित निगम कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# एमवे इंडिया, न्यूट्रीलाइट द्वारा पॉवर्ड, आपके लिए लेकर आया है प्लसलाइफ

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**




**एक** स्वस्थ राष्ट्र को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों की दिशा में अनुसंधान और नवप्रवर्तन में अपनी शक्ति को मजबूत करते हुए देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने हाल ही में एक नए मल्टीविटामिन और मल्टीमिनरल हेल्थ सप्लीमेंट सप्लसलाइफ के तहत न्यूट्रीलाइट डेली प्लस को लॉन्च किया।

यह क्रांतिकारी फॉर्मूलेशन 24 आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर है तथा प्लांट कंसंट्रेट्स की मात्रा इसमें दुगनी है*। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस एमवे पोर्टफोलियो का पहला उत्पाद है, जिसमें डुअल लेयर डुअल रिलीज फॉर्मूलेशन का नया आविष्कार समाहित है। आज उन उपभोक्ताओं के बीच समग्र कल्याण की भावना बढ़ रही है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत हैं। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस में गोटूकोला नामक एक प्रमुख घटक भी शामिल है, जो तनाव को कम करने वाले अपने विशिष्ट गुणों के लिए जाना जाता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए एमवे इंडिया के सीएमओ श्री अजय खन्ना ने कहा, ''मिंटेल के एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 75 प्रतिशत भारतीयों का मानना है कि नियमित रूप से विटामिन्स, मिनरल्स और सप्लीमेंट्स का सेवन करने से उन्हें समग्र स्वास्थ्य तथा कल्याण प्राप्त करने में मदद मिलती है। 74 प्रतिशत भारतीय रोजमर्रा की व्यस्त जीवनशैली, काम के दबाव और सीमित शारीरिक गतिविधि के कारण तनाव [2] से पीड़ित हैं। इसलिए पोषण की शक्ति के साथ तनाव प्रबंधन को लेकर अतिरिक्त मदद एक बड़ा प्लस प्वाइंट है!

स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में अग्रणी होने के नाते हम अपने प्रमुख ब्रांड न्यूट्रीलाइट के माध्यम से लोगों को उनके स्वास्थ्य और कल्याण के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए आवश्यकता-आधारित सिफारिशें प्रदान करने का लगातार प्रयास करते रहे हैं, जो दुनिया का नंबर 1 बिकने वाला विटामिन और डाइटरी सप्लीमेंट ब्रांड [3] है, तथा जो प्रकृति और विज्ञान की सर्वोत्तम खूबियों को एक साथ लाता है। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस के माध्यम से, जो हमारे न्यूट्रिशन पोर्टफोलियो में नवीनतम प्रोडक्ट है, हमारा उद्देश्य अपने ग्राहकों को सप्लसलाइफ अपनाने के लिए सशक्त बनाना है - एक ऐसा विचार जो समग्र कल्याण के सिद्धांतों पर पनपता है, जहां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों की वृद्धि पर जोर दिया जाता है और जहां क्षमताएं सीमाओं से परे हैं।'' न्यूट्रीलाइट डेली प्लस 30 टैबलेट्स और 120 टैबलेट्स के पैक में उपलब्ध है, जिनकी कीमत क्रमश : 849 रुपए और 2796 रुपए है। ये पूरे भारत में एमवे डायरेक्ट सेलिंग पार्टनर्स के माध्यम से विशेष रूप से बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

# निगम रोल पर लगे 3200 पक्के सफाई कर्मचारी काम पर लौटें: डा. नरेश कुमार

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## बोले, बेबुनियादी हड़ताल पर बैठे हैं निगम रोल पर लगे सफाई कर्मचारी

**नगर** निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने सोमवार को कहा कि निगम रोल पर लगे 3200 सफाई कर्मचारी हड़ताल की बजाए अपने काम पर लौटें। क्योंकि निगम रोल के कर्मचारियों का हड़ताल पर बैठना बेबुनियाद है।

संयुक्त आयुक्त ने कहा कि सफाई एजेंसियों के कर्मचारी शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुटे हुए हैं, जबकि हड़ताली कर्मचारियों द्वारा यह अफवाह उड़ाई जा रही है कि केवल एजेंसियों के कर्मचारी ही हड़ताल पर हैं। जो कर्मचारी पहले ही निगम रोल पर लगे हुए हैं, उनका बार- बार हड़ताल करने का कोई औचित्य ही नहीं है। सफाई कर्मचारी शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें तथा सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में अपनी भूमिका निभाएं। निगम रोल पर लगे कर्मचारी अगर काम पर वापिस नहीं आते हैं, तो उन्हें वेतन की अदायगी नहीं की जाएगी तथा उनके खिलाफ नियमानुसार अन्य कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि नगर निगम गुरूग्राम एजेंसियों के कर्मचारियों की सहायता से शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुटा हुआ है। इसके लिए अलग-अलग वार्ड में निजी एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

इस प्रकार की भी शिकायतें मिल रही हैं कि हड़ताली कर्मचारी निजी एजेंसियों को भी सफाई कार्य करने में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। हड़ताली कर्मचारी नहीं चाहते कि शहर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो, क्योंकि अगर शहर की सफाई व्यवस्था निजी एजेंसियां संभाल लेंगी तो सरकार पर वे अपनी बेबुनियाद मांगों का दबाव नहीं बना पाएंगे।

# अरविंद सैनी व विरेंद्र यादव के आवास पर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़



अपने आवास पर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का स्वागत करते अरविंद सैनी व विरेंद्र यादव।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## कार्यकर्ताओं के आवास पर पहुंचकर बढ़ाया सम्मान

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी व पूर्व चेयरमैन विरेंद्र यादव के घर पहुंचे और परिवार का कुशलक्षेम पूछा। प्रदेश अध्यक्ष के घर आगमन पर अरविंद सैनी ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। विरेंद्र यादव ने बुके भेंट करके स्वागत किया।

जलपान के बाद प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं परिवार है। परिवार स्वरूप अरविंद सैनी के घर आना हुआ और उनके परिवार और यहां उपस्थित कार्यकर्ताओं से मिले स्नेह से मैं काफी अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीति नीति का आधार हमारे कार्यकर्ता होते हैं। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को हमेशा सम्मान करती है। अरविंद सैनी ने कहा कि अचानक प्रदेश अध्यक्ष के घर आने से वे बेहद प्रसन्नचित हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने उनके आवास पर आकर परिवार के सभी सदस्यों से बातचीत की और सभी का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अपने आप को एक कार्यकर्ता मानते हैं और मैं प्रदेश अध्यक्ष होने पर भी अपने आप को एक कार्यकर्ता के रूप में देखता हूं। भाजपा एक पार्टी नहीं परिवार है। नवरात्रों का पहला दिन है इन नौ दिनों को हम बहुत ही पावन दिन मानते हैं। इसलिए वे पार्टी कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे हैं। कार्यकर्ताओं के प्रति इतना प्यार और स्नेह ही अध्यक्ष को महान बनाता है। इस शुभ अवसर पर मुकेश जैलदार जिला महामंत्री, दिनेश यादव जिला उपाध्यक्ष, मनोज तंवर मण्डल अध्यक्ष, सुरेन्द्र पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कृष्णा नगर भी उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 अक्टूबर, 2023



# आईटीआई में लगे शिक्षुता व रोजगार मेले में 148 छात्र हुए शॉर्ट लिस्ट

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**प्रशिक्षण** एवं उद्यमशीलता निदेशालय भारत सरकार व कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेश अनुसार हरियाणा राज्य की नोडल आईटीआई में छात्रों को अधिक से अधिक शिक्षुता एवं रोजगार दिलाने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई पलवल में किया गया।

इस राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले में फरीदाबाद व पलवल के औद्योगिक क्षेत्रों के विभिन्न उद्योगों ने भाग लिया। जिनमें मुख्यत: हैवेल्स इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद, जयराज ग्रुप फरीदाबाद, केएल एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद, डी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड पृथला, शिवानी लॉक प्राइवेट लिमिटेड पृथला, वीनस इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड पृथला, न्यू टेक ग्रुप सीकरी, टोकाई इंपिरियल रबर प्राइवेट लिमिटेड पृथला, भगवती टेक्नो फैब प्राइवेट लिमिटेड पृथला, सीएमआर ग्रींस प्राइवेट लिमिटेड पृथला, मिताबी लैंप्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला, स्वर्ण इंफ्राटेल प्राइवेट लिमिटेड मीतरोल, बायोमेड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड पृथला इत्यादि शामिल रहे।

प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी आईटीआई पलवल भगत सिंह ने बताया है कि इस शिक्षुता एवं रोजगार मेले में 218 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लेकर 148 आईटीआई पास छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया और उनको उद्योगों में आने का समय दिया गया। इनमें से छह छात्रों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिया गया।

> **सरकार** एवं निदेशालय के आदेश अनुसार आईटीआई पलवल में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। भविष्य में भी इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा। ताकि ज्यादा से ज्यादा आईटीआई पासशुदा छात्र छात्राओं को रोजगार एवं शिक्षुता पर लगाया जा सके।
>
> **-भगत सिंह, प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी एवं जिला कोऑर्डिनेटर ऑफिसर, आईटीआई पलवल**

जिन उद्योगों ने छात्रों को शॉर्ट लिस्ट किया, उनमें हैवेल्स इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद ने 23, केएल एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद ने 10, जयराज ग्रुप फरीदाबाद ने 28, डी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने सात, शिवानी लॉक प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 12, बायोमेड हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने चार, न्यू टेक ग्रुप सीकरी ने पांच, भगवती टेक्नो फैब प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने तीन, नोर ब्रेम्स प्राइवेट लिमिटेड बघोला ने 12, सीएमआर ग्रींस प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 11, पूजा फोर्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 10, मिताबी लैंप्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने पांच, साधु ऑटो पार्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने तीन, स्वर्ण इंफ्राटेल मीतरोल ने सात, वमानी ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने आठ आईटीआई पासशुदा छात्र-छात्राओं को शॉर्टलिस्ट किया।

# परिवार समिति की बैठक में 11 शिकायतों का किया मौके पर समाधान

## जन समस्याओं पर समयबद्ध कार्रवाई करें अधिकारी : डॉ. बनवारी लाल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक में जिन मामलों को निपटाने व जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाते हैं, उन पर संबंधित विभाग त्वरित कार्रवाई करें तथा प्रत्येक मीटिंग में इसकी एटीआर प्रस्तुत करे। अधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि वे जन समस्याओं पर समयबद्ध कार्रवाई करें, ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं का सीधा व सरलता से लाभ मिलना सुनिश्चित हो।

सहकारिता मंत्री सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में परिवाद समिति की बैठक में एजेंडे में शामिल परिवादों का निपटान कर रहे थे। इस बैठक में 14 में से 11 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा शेष शिकायतों के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देते हुए लंबित रख लिया गया।

गांव सहराला निवासी ललिता शर्मा की शिकायत थी कि उसे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पलवल में स्थित सेक्टर में प्लाट अलॉट हुआ था, लेकिन विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे कई साल से कब्जा नहीं दिलाया गया है। मंत्री ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने तथा शिकायतकर्ता की शिकायत का समाधान करने के आदेश दिए। गांव लाडियाका निवासी गिर्राज प्रसाद की गांव में अवैध कब्जा व चौपाल के निर्माण में गबन संबंधी शिकायत पर मंत्री ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध कब्जे वाले क्षेत्र की पंचायत से पैमाइश करवाई जाए। एसडीएम पलवल ने बताया कि इस मामले की जांच में गबन संबंधी आरोप निराधार पाए गए।

गांव दुर्गापुर निवासी जगदीश द्वारा बुढ़ापा पेंशन का लाभ दिलवाने बारे दी शिकायत पर मंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त को निर्देश दिए कि क्रिड के माध्यम से इनके परिवार पहचान-पत्र संबंधी डाटा की वेरीफिकेशन करवाने उपरांत आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए। गांव बहीन तहसील हथीन निवासी विश्वमोहन की शिकायत थी कि परिवार के ही कुछ सदस्य उसके हिस्से की जमीन पर कब्जा कर उसके खेत के रास्ते को रोक रहे हैं। इस पर मंत्री ने उपमंडल नागरिक अधिकारी हथीन व तहसीलदार हथीन को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता के खेतों का रास्ता दिलवाने के बारे में उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए। गांव कोंडल निवासी श्यामलाल की शिकायत थी कि बिजली विभाग द्वारा उसका 30 हजार रुपये का जबरदस्ती चालान किया गया, जिस पर मंत्री ने एसडीएम हथीन को इस मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक दीपक मंगला, विधायक प्रवीण डागर, बीजेपी जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, जेजेपी जिलाध्यक्ष देवेंद्र सौरोत, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता, एसडीएम होडल रणवीर सिंह, एसडीएम पलवल शशि वसुंधरा, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, नगराधीश द्विजा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# युवक की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया



**पलवल।** डूंगरपुर गांव के जंगल में एक युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची गदपुरी थाना पुलिस ने शव को उतारकर कब्जे में लिया। परिजनों की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर सिंह के अनुसार, डूंगरपुर गांव निवासी अकबर ने दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा जाबीर ट्रैक्टर से मिट्टी ढोने का काम करता है। इसी से वह अपने परिवार का लालन-पालन करता था। 15 अक्टूबर को गांव का ही इरफान उसके बेटे जाबीर को जंगल में बुला कर ले गया। जंगल में जाकर दोनों ने शराब पी। उसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। आरोप है कि झगड़े में इरफान ने जाबीर की पीट-पीटकर हत्या कर दी और हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए उसके बेटे जाबीर के शव को जंगल में एक पेड़ से फंदा लगाकर लटका दिया। इसके बाद इरफान उनके घर आया और उनके साथ भी गाली-गलौच की। जाबीर की बाइक को उनके घर पर छोड़कर फरार हो गया। जाबीर को तलाश करने के लिए वे गांव के जंगल में पहुंचा तो देखा कि बेटे का शव पेड़ पर लटका हुआ था। शिकायत में आरोप लगाया है कि जाबीर के कपड़े फटे हुए थे और उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। इससे प्रतीत होता है कि आरोपी ने उसके बेटे की पहले पीट-पीटकर हत्या की है और उसके बाद शव को आत्महत्या दिखाने के लिए पेड़ से लटका दिया। वारदात के बाद से इरफान अपने घर से फरार है।

# देसी कट्टा सहित किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम राहुल है। आरोपी फरीदाबाद के हार्डवेयर चौक के पास का रहने वाला है।

आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने सूचना से गश्त के दौरान एनआईटी के एरिया मेट्रो चौक से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी कट्टे को अपने दोस्तों में हवा बाजी करने के लिए उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के कोकिलावन में किसी अनजान व्यक्ति से 2500 में खरीद कर लाया था। आरोपी नशा करने का दिए नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। पुलिस पूछताछ में अन्य खुलासे भी किए जाएंगे।

# साईं धाम में बच्चियों को लगाई सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**रोटरी** डिस्ट्रिक्ट 3011 ने देश में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर के मरीजों को लेकर सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जंग शुरु की है। इसी कड़ी में तिगांव स्थित साईं धाम में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह वेक्सीनेशन ड्राइव साई बाबा टेंपल सोसाइटी, रोटरी क्लब फरीदाबाद एनआईटी और रोटरी कैंसर फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित किया गया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटरी जितेंद्र गुप्ता, दीप्ती गुप्ता, डीजी ई महेश त्रिखा, पीडीजी अनुप मित्तल, रोटरी क्लब एनआईटी के अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन वंदना भल्ला, रोटरी कैंसर फाउंडेशन के महासचिव, डॉ. पुष्पा सेठी, एचएल भूटानी, अश्विनी झांब, रोटेरियन राजन गेरा, अजय नारायण और शिरडी साई बाबा के शिक्षकों के साथ-साथ विद्यालय प्रधानाचार्या बीनू शर्मा भी उपस्थित रहीं। साईं धाम में नौ से 18 वर्ष की उम्र के बीच की 518 बच्चियों को निशुल्क सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता साईं सेवक डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने की। इस अवसर पर बोलते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ देश में आयोजित होने वाला सबसे बड़ा टीकाकरण शिविर है और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 ने टीकाकरण के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने की योजना बनाई है और यह सभी के ठोस प्रयासों से संभव होगा। वहीं डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने रोटरी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने रोटरी क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार रोटरी क्लब ने 95 प्रतिशत पोलियो को भारतवर्ष से खत्म कर दिया है, उसी प्रकार मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सर्वाइकल कैंसर के लिए भी उसी प्रकार की लड़ाई लड़ी जाएगी। वहीं रोटेरियन वीरेंद्र मेहता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वैक्सीन की लागत प्रति बच्चा लगभग 4000 से 6000 रुपये आती है, जिसे माता-पिता वहन नहीं कर सकते। इसलिए रोटरी ने इसका बीड़ा उठाया है।

# पेसिफिक ग्रुप ने फरीदाबाद में सबसे बड़े मॉल के साथ दिल्ली-एनसीआर में किया विस्तार

## ग्रुप ने अपने पोर्टफोलियो में छठा मॉल लांच किया, दिल्ली-एनसीआर में इसके मॉल्स की संख्या पांच हुई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**रीटेल** उद्योग में जाने-माने नाम पेसिफिक ग्रुप ने पहली बार फरीदाबाद के मार्केट में प्रवेश करते हुए द मॉल ऑफ फरीदाबाद की भव्य ओपनिंग की घोषणा की है। फरीदाबाद में सबसे बड़े शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में यह मॉल उपभोक्ताओं के लिए खरीददारी के अनुभव के पूरी तरह से बदल देगा। अपने शानदार रीटेल पोटफोलियो, एफ एंड बी एवं एंटरटेनमेंट के ढेरों विकल्पों के साथ उनके अनुभव को नए स्तर तक ले जाएगा। चार लाख वर्ग फीट रीटेल स्पेस में फैले मॉल ऑफ फरीदाबाद में 91 प्रवेश द्वार हैं, जो खरीददारी को बेहद सुविधाजनक बना देते हैं। 87 विभिन्न आउटलेट्स इसे खरीददारी का बेहतरीन गंतव्य बनाते हैं।

पेसिफिक ग्रुप के एक्जीक्यूक्टिव डायरेक्टर अभिषेक बंसल ने इस अवसर पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मॉल ऑफ फरीदाबाद का लांच करते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हा रहा है, जो उत्कृष्ट रीटेल अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। फरीदाबाद दिल्ली-एनसीआर का आगामी भाग है। जाने-माने ब्रांड्स और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह मॉल फरीदाबाद में खरीददारों के लिए आकर्षक गंतव्य बन जाएगा। मॉल ऑफ फरीदाबाद में मौजूद कुछ जाने-माने ब्रांड्स होंगे- लाइफस्टाइल, होमसेंटर, दीरिका हाइपरमार्केट, मैक्स, जुडिओ और दा मिलानो। इनके साथ-साथ कई अन्य ब्रांड्स आगंतुकों के लिए खरीददारी को बेहद खास बना देंगे। गैप, नायका लक्स और एप्पल जैसे ब्रांड पहली बार फरीदबाद में आ रहे हैं। एफ एंड बी पोर्टफोलियो की बात करें तो मॉल में आने वाले आगंतुक कैफे दिल्ली हाइट्स, युनाइटेड कॉफी हाउस, पंजाब ग्रिल आदि में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। यहां एक मल्टीप्लेक्स और फूड कोर्ट भी होगा, जो खरीददारी के अनुभव को और भी बेहतर बना देगा। एंटरटेनमेन्ट सेंटर टाइमजोन पहली बार फरीदाबाद आ रहा है।

# कविता और संगीत की महफिल काव्य-तरंग में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया

**फरीदाबाद।** साहित्य-संगीत कला सेतु द्वारा गीत और संगीत का एक भव्य कार्यक्रम काव्य-तरंग शाहीन सभागार होटल राजहंस, सूरजकुंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीनियर चार्टर्ड एकाउंटेंट, लेखक एवं समाजसेवी राकेश गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष सुप्रसिद्ध रंगकर्मीयोति संग और विशिष्ट अतिथि विख्यात गजलकार अजय अज्ञात रहे। आमंत्रित कवि बलराम सरसएटा, सुनहरी लाल तुरंत हाथरस, सरिता जैन दिल्ली और कोमल शर्मा वत्स फरीदाबाद थे। सभी अतिथियों और कवियों का सम्मान संस्था के अध्यक्ष हुकम सिंह दहिया जिज्ञासु, उपाध्यक्ष चंद भंवर, महासचिव डॉ. एसएन भारद्वाज अश्क, कोषाध्यक्ष क्ष्य मचंद, संयुक्त सचिव देशबंधु और कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य अजय कुमार ने किया। सभी कवियों ने सुंदर काव्य पाठ किया। इसके अतिरिक्त सुभाष पांचाल, राजकुमार और जिज्ञासु ने गीत सुनाकर सभी का मनोरंजन किया। संस्था की ओर से डॉ. भारद्वाज अश्क, हुकम सिंह दहिया जिज्ञासु मौजूद थे।

# मित्तल क्लासेज में जिला स्तरीय ऐम-सेट स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन




**पलवल।** शहर के जाने-माने संस्थान मित्तल क्लासेज द्वारा जिले में अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर मित्तल क्लासेज स्कॉलरशिप कम एप्टीट्यूड टेस्ट का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। मित्तल क्लासेज के संस्थापक गौरव मित्तल ने बताया कि इस वर्ष की एम-सेट परीक्षा में पलवल जिले के कक्षा सातवीं से बारहवीं के 250 से अधिक स्कूलों के 9000 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को जेईई और नीट प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग का मौका मिलेगा। इसके साथ-साथ प्रत्येक कक्षा के टॉपर छात्रों को लैपटॉप, टैबलेट और स्मार्टफोन पुरस्कार के रूप में मित्तल क्लासेज द्वारा दिए जाएंगे। फेज-1 में सफल छात्रों के लिए फेज-2 की परीक्षा आयोजित होगी। संस्थापक गौरव मित्तल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मित्तल क्लासेज के छात्रों ने आईआईटी व नीट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के साथ जिले का नाम रोशन किया है। गत वर्षो में इस परीक्षा के माध्यम से हमारे यहां बहुत से छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन कर आईआईटी व नीट की परीक्षा देकर एमबीबीएस व आईआईटी में दाखिला लिया है। इस तरह की परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है कि पलवल जिले के छात्रों में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली परीक्षाओं के प्रति जागरूकता लाना व अपना भविष्य सुनिश्चित करना। संस्थान के एमडी डॉ. ललित मित्तल ने बताया कि हमारे यहां छात्रों व अभिभावकों के लिए मुफ्त काउंसलिंग प्रोग्राम कराए जाते हैं। मित्तल क्लासेज भविष्य में ऐसी परीक्षा कराता रहेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान



**पलवल।** अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन की जयंती पर पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज अग्रवाल और भवन कुंड के सब्जी विक्रेता संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का संयोजन पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल, हेमंत गुप्ता, संतोष गोयल और भारत विकास परिषद् पलवल शाखा की सहसंयोजक अल्पना मित्तल ने किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पलवल के विधायक दीपक मंगला, भाजपा नेता मुकेश सिंगला, कमेटी के वाइस चेयरमैन मनोज बंधु, व्यापारी नेता विनोद जैन, प्रवीण गर्ग, संतोष गोयल, देवेंद्र गुप्ता, ललित बिंदल, निकुंज गर्ग, राकेश गर्ग, एमएल कथूरिया आदि ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। विधायक दीपक मंगला ने सभी को महाराजा अग्रसेन जयंती और नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि नेत्रदान हो या रक्तदान या अन्य किसी भी सेवा कार्य में अग्रवाल समाज सदैव अग्रणी रहता है। शिविर में चारु, रोशनी, अंजू सहित 10 लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। कार्यक्रम में डॉ. नरेश डागर, नेपाल सिंह, रिंकू, पूजा, भूषण, राजेश कुमार, रामदत्त, ईशान अग्रवाल, दीवांशु, दिनेश, जितेंद्र आदि ने सहयोग किया।

## चैंपियनशिप में हरियाणा के 124 एथलीट खिलाड़ी भाग लेंगे



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ फरीदाबाद ने बताया कि एथलेटिक्स हरियाणा के 124 एथलीट खिलाड़ियों का दल 20 से 22 अक्टूबर तक चंडीगढ़ सेक्टर-7 में होने वाली नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेगा। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान पानीपत ने बताया कि इसमें दीपिका, हरिता, हिमा, काजल, मनीषा, मीना, निधि, निष्ठा, प्राची, प्रीति, रिद्धि, शीतल, शिखा, श्रेष्ठा, सोनिया, सम्मी, नवीन यादव आदि भाग लेंगे।

## कुसलीपुर में संस्थान ने किया पौधारोपण



**पलवल।** जलवायु के स्वास्थ्य पर ही हमारा स्वास्थ्य निर्भर करता है। इसे बचाने के लिए मिलकर बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ जंग लड़ने की जरूरत है। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा हमारा मिशन देव वृक्ष रोपण के अंतर्गत गांव कुसलीपुर लाल कोठी के नजदीक स्वर्गीय चुन्नीदेवी की श्रद्धाजंलि सभा में देव वृक्ष पीपल पौधे का रोपण व संरक्षण का संकल्प कराया गया। संस्था संयोजक ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि जननी और जन्मभूमि से बढ़कर और कुछ नहीं है। हमें सदैव इनकी सेवा करनी चाहिए। जैसे माता बच्चों की रक्षा करती है, उसी प्रकार बोधिवृक्ष चौबीस घंटे जीवनदायिनी ऑक्सीजन देकर हमारे प्राणों की रक्षा करता है। आज घटते वृक्षों के कारण ही विभिन्न आपदाओं का सामना करना पड़ता है। चमन लाल ने कहा कि यह बहुत ही शुभ और अच्छा अभियान है। अपनों की स्मृति में लगाए इस दैवीय वृक्ष से अपनों का आशीर्वाद जीवन भर मिलता रहता है। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी मास्टर थानसिंह, मास्टर मानिकचंद, देव तथा राजकुमार राठी, अशोक, धर्मवीर, भगतसिंह, मनीष, दिनेश, नरेंद्र, कर्मवीर राठी परिवार सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**पलवल।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार व वेलफेयर शिव विहार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शिव विहार पलवल के पंजीकृत होने के उपलक्ष्य में ब्राइट किंगडम स्कूल पलवल में योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारत स्वाभिमान न्यास के तहसील प्रभारी मास्टर बिजेंद्र तथा पतंजलि योग समिति पलवल के तहसील प्रभारी सत्यवीर शर्मा, योगाचार्य गुरुमेश व यशपाल गोयल द्वारा सभी योग प्रशिक्षकों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। योग कार्यक्रम के बाद हवन व यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन के ब्रह्मा युद्धवीर जिला यज्ञ प्रभारी पलवल ने बहुत ही सारगर्भित तरीके से यज्ञ कराया। मुख्य यजमान के रूप में राजकुमार प्रधान रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ-साथ कार्यकारिणी के सभी सदस्य भूदे शर्मा, शिवोम भार्गव, नरेश बघेल, रवि डांगी, जितेश कौशिक संचालक ब्राइट किंगडम स्कूल, जितेंद्र दांगी, राम प्रसाद हवलदार मदन थानेदार के साथ साथ गली के सभी लोग हवन में सम्मिलित हुए। शिविर के दौरान संगठन की बहुत ही कर्मठ कार्यकर्ता कुमरवती ने शिविर के हवन के लिए सामग्री, घी, संविधा आदि की व्यवस्था की गई।

## हवन यज्ञ कर मनाई माहाराजा अग्रसेन जयंती



**पलवल।** अग्रवाल सेवा समिति श्याम नगर व अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के संयुक्त तत्वावधान में श्याम नगर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में वैश्य समाजवाद के प्रणेता माहाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ किया गया। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक व वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के फरीदाबाद लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि हवन में समाजसेवी आनंद बिंदल मुख्य यजमान कि भूमिका में रहे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष डाक्टर वैजनाथ गर्ग और वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निकुंज गर्ग ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर वक्ताओं ने माहाराजा अग्रसेन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन समाजवाद के सच्चे अग्रदूत थे। उन्होंने कहा कि माहाराजा अग्रसेन एक महान पुरुष थे। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में अश्वमेघ यज्ञ में दी जाने वाली पशु बली से आहत होकर महाराजा अग्रसेन ने अपने राज्य में पशु बली पर पाबंदी लगा दी थी। महाराजा अग्रसेन के समाजवाद का सिद्धांत द्वापर युग से ही समाज को प्रेरित करता रहा है। इस अवस पर ताराचंद मंगला, स्वतंत्र गोयल, राकेश गर्ग, सचिन बंसल, योगेश मंगला, समाजसेवी मनोज मंगला, संजय गुप्ता, त्रिलोक बंसल, रजनी गोयल आदि मौजूद थे।

## पश्चिम एशिया में युद्ध

### समझौतों को खतरा

**पश्चिम एशिया** में जारी युद्ध से इज़राइल-सऊदी अरब शांति समझौते को खतरा पैदा हो गया है तथा आईएमईईसी में विलंब हो सकता है। वर्तमान समय में जारी युद्ध से पश्चिम एशिया में नाजुक भू-राजनीतिक संतुलन बाधित हुआ है जिससे ऐतिहासिक इज़राइल-सऊदी अरब शांति समझौते की संभावनायें संकट में पड़ गई हैं तथा महत्वाकांक्षी भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा-आईएमईईसी परियोजना में विलंब हो सकता है। हाल में बिना किसी उकसावे के हमास के हमलों तथा इज़राइल की तेजी से जवाबी प्रतिक्रिया के कारण लंबे समय से प्रतीक्षित राजनयिक संबंध बहाली व आर्थिक जुड़ावों में बाधा पड़ने का खतरा पैदा हो गया है। काफी समय से इज़राइल व सऊदी अरब के बीच संबंधों में गोपनीय रूप से बेहतरी की अफवाहें चल रही थीं। क्षेत्रीय शक्तियों के बीच औपचारिक शांति समझौते की संभावनाओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबका ध्यान आकर्षित किया था जिससे ज्यादा स्थिर मध्यपूर्व की उम्मीद बंधी थी। दोनों देशों का साझा हित क्षेत्र में बढ़ते इरानी प्रभाव का मुकाबला करना था। क्षेत्रीय राजनीति, सुरक्षा तथा अर्थव्यवस्था के लिए शांति समझौते के दूरगामी परिणाम होते। लेकिन नए घटनाक्रम ने लगभग एक दशक पहले वाली स्थिति पैदा कर दी है जिससे दोनों पक्षों के राजनयिकों द्वारा किया अच्छा काम निरर्थक हो सकता है। युद्ध ने इज़राइल और सऊदी अरब की प्राथमिकतायें बदल दी हैं और अब वे तात्कालिक सुरक्षा चुनौतियों पर ज्यादा ध्यान देंगे। इससे इस क्षेत्र में सतर्कता से आगे बढ़ रहे राजनयिक प्रयास पृष्ठभूमि में चले गए हैं।



इसी प्रकार पश्चिम एशिया में युद्ध का एक और दुष्परिणाम भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा-आईएमईईसी पर पड़ेगा, जबकि यह परियोजना भारतीय अर्थव्यवस्था व सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह गलियारा महत्वाकांक्षी ढांचागत परियोजना का हिस्सा है जिसका लक्ष्य भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच संपर्क बढ़ाना है तथा इसे चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव'-बीआरआई का जवाब माना जा रहा है। आईएमईईसी से बीआरआई की विस्तारवादी रणनीति का मुकाबला किया जा सकता है क्योंकि यह मध्य एशिया के चारों ओर जमीन से घिरे देशों के लिए वैकल्पिक मार्ग दे सकता है। इससे पूरे क्षेत्र में परिवहन नेटवर्क, व्यापार मार्गों तथा ऊर्जा पाइपलाइनों का विकास होता जिससे वस्तुओं, ऊर्जा संसाधनों व लोगों के परिवहन व आवागमन में सुविधा मिलती। लेकिन पश्चिम एशिया से गुजरने के कारण अब सुरक्षा कारणों से इसमें विलम्ब होगा। आईएमईईसी पर युद्ध का दुहरा प्रभाव होगा। पहला, इससे क्षेत्र में लाजिस्टिक चुनौतियां बढ़ेंगी जिससे ढांचागत विकास जारी रखना कठिन होगा। युद्ध ने परंपरागत व्यापार मार्गों को बाधित किया है और इस अस्थिरता का प्रभाव निवेश तथा बड़े पैमाने की ढांचागत परियोजनाओं के नियोजन पर पड़ेगा। इनमें आईएमईईसी से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनायें भी शामिल हैं। दूसरा, युद्ध ने क्षेत्रीय राजनीति में अनिश्चितता पैदा कर दी है। पश्चिम एशियाई देशों में गठबंधनों व प्राथमिकताओं में परिवर्तनों से भारत को निवेश आवश्यकताओं पर पुनर्विचार करना होगा। इन चुनौतियों के बीच यह जरूरी है कि सभी पक्ष तनाव घटाने के रास्ते पर चलें तथा वर्तमान युद्ध समाप्त करे जो वैश्विक अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और संरक्षा को प्रभावित कर रहा है। ऐसा न होने पर अधिकतम खामियाजा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा जो उनके लिए अत्यधिक हानिकारक होगा।

# पश्चिम एशिया में फिर भड़का युद्ध

**हमास के हमलों के जवाब में इज़राइल का गाजा में बड़ा हमला न केवल पहले से व्याप्त अस्थिरता को बढ़ाता है, बल्कि इसका भारी खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।**



**वाइल अवाद**
(लेखक, वरिष्ठ विदेशी पत्रकार हैं)



आज दुनिया गाजा में इज़राइल के भयानक हमले का गवाह बन रही है। हमास के अकारण बिना किसी उकसावे के अपनी भूमि पर हमले के जवाब में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी सैनिक शक्ति वाले इज़राइल ने अपनी पूरी ताकत से गाजा पर हमला बोला है। यह एक प्रकार से गाजा पट्टी में रहने वाले सभी फिलिस्तीनियों को हमास के अपराध का सामूहिक दंड देने के समान है। फिलिस्तीनियों के चरमपंथी समूह हमास ने इज़राइल के सैनिक ठिकानों तथा उन यहूदी बस्तियों पर हमला बोला था जो उसने 2006 के बाद से गाजा पट्टी के इलाकों पर कब्जा कर बनाई थीं। हमास आतंकियों ने इज़राइल पर जमीन, समुद्र और हवा से चौतरफा हमला बोला जिसने इज़राइल को पूरी तरह आश्चर्यचकित कर दिया। हमास का हमला इज़राइल की खुफिया व्यवस्था की विफलता है। हमास ने अचानक हमला कर अनेक इज़राइली सैनिकों तथा यहूदी बस्तियों में रहने वालों को मार डाला, उनको घायल किया, बंधक बना लिया तथा उनका भयानक अपमान किया। इज़राइली महिलाओं से बलात्कार, उनको निर्वस्त्र करने तथा उनकी लाशों को अपमानजक तरीके से रौंदने के वीडियो भी मीडिया में वाइरल हुए। हमास के इस अचानक व अकारण हुए दुस्साहसी हमले से खासकर इज़राइली जनता व सामान्य रूप से पूरी पश्चिमी दुनिया में गुस्से की लहर दौड़ गई।

इसके कारण पश्चिमी देशों की अधिकांश राजधानियो ने इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू को हमास और फिलिस्तीनियों पर व्यापक हमले के लिए हरी झंडी दिखा दी। इज़राइली जवाबी हमले का उद्देश्य गाजा में हमेशा के लिए प्रतिरोध की शक्तियों को कुचल देना है। इसके साथ ही वह फिलिस्तीन के केन्द्र में 'यहूदी राज्य' बनाने के खिलाफ फिलिस्तीन के किसी भी प्रतिरोध को समाप्त कर देना चाहता है।

अतीत पर नजर डालें तो पश्चिम एशिया में फिलिस्तीन व इज़राइल की स्थापना की रूपरेखा स्पष्ट होती है। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखें तो अरब दुनिया का विस्तार मोरक्को से कतर तक है। उसकी रणनीतिक स्थिति तथा समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों के कारण लगभग एक शताब्दी पहले अरब दुनिया पर पश्चिमी शक्तियों ने विजय प्राप्त की थी। बदलती ऐतिहासिक व राजनीतिक परिस्थितियों के कारण पश्चिम के देशों ने अरबों को विभाजित करने का फैसला किया ताकि वे फिर कभी इस क्षेत्र में एकजुट न हो सकें। उसने तय किया कि फिलिस्तीन के केन्द्र में एक 'यहूदी राज्य' बना दिया जाए और उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि इज़राइल हमेशा सैनिक, राजनीतिक व आर्थिक दृष्टि से पड़ोसी देशों की तुलना में बेहतर बना रहे ताकि इस क्षेत्र पर उसका वर्चस्व स्थापित हो सके।

इज़राइल की स्थापना 1947 में संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रस्ताव संख्या 181 के अनुसार हुई। इसने फिलिस्तीन को तीन देशों-'एक यहूदी राज्य, एक अरब राज्य व येरूशलेम व बेतलहेम एक अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण वाले एक क्षेत्र' में बांट दिया। नवीनतम टकराव इज़राइल व अरब दुनिया के बीच युद्ध के परिदृश्य को बदल देगा।

भले ही इसे वर्तमान समय में इज़राइल व हमास के बीच युद्ध की तरह देखा जा रहा है, पर इसका अंतिम लक्ष्य उन सुर्खियों से आगे जाता है जो हमारे पास मीडिया के माध्यम से आती हैं। 30 साल पहले इज़राइल ने फिलिस्तीन मुक्ति संगठन-पीएलओ के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे जिसमें फिलिस्तीनी राज्य गठित करने के लिए पांच साल की अंतरिम अवधि पर सहमति हुई थी। लेकिन ऐसा कभी नहीं हो सका क्योंकि एक के बाद आने वाली दूसरी इज़राइली सरकारों ने इस बहाने फिलिस्तीन को वैध राज्य का दर्जा देने से इनकार कर दिया कि फिलिस्तीनी इज़राइल के साथ शांति से नहीं रहना चाहते हैं।

इस प्रकार उन्होंने फिलिस्तीनी अधिकारियों को अलग-थलग कर पीएलओ के विकल्प में एक संगठन बनाया जिससे दोनों में टकराव हो गया। बाद में उन्होंने गाजा पट्टी तथा पूर्व पश्चिमी किनारे पर कब्जा कर लिया। पिछले वर्षों में हमास की शक्ति बढ़ी और वह फिलिस्तीनियों के पक्ष में संघर्ष करने वाला प्रमुख आक्रामक संगठन बन गया। उसने इज़राइल के अस्तित्व से इनकार कर पूरे फिलिस्तीन की मुक्ति का आह्वान किया। इज़राइल की 'बांटो और जीतो' की नीति के चलते वह लगातार फिलिस्तीनी लोगों की जमीनों पर कब्जा करता रहा। बार-बार छापों, दमन और 1948 के इज़राइल-अरब समझौते के अंतर्गत प्रदत्त समान अधिकारों का उल्लंघन करते हुए एक मिलियन से अधिक फिलिस्तीनियों को जेलों में बंद कर दिया गया। इज़राइली कब्जावर बलों द्वारा गाजा पर बार-बार हमले किए गए। हमास लंबे समय से इज़राइल से बदला लेने की तैयारी कर रहा था और इसके चलते उसने 7 अक्टूबर को हमला किया। इज़राइल ने केवल अरबों के खिलाफ सैनिक युद्धों मे विजय पाई, बल्कि वह डिजिटल मीडिया युद्ध में भी विजयी हुआ। पिछले 75 साल से उसने दुनिया भर की जनता की राय फिलिस्तीनियों के खिलाफ अपनी नीतियों से हटाने में सफलता पाई।

इज़राइली हमले के जमीनी परिणाम गाजा और पश्चिमी किनारे तथा पूर्वी येरूशलेम के कब्जे वाले क्षेत्रों में रहने वाले फिलिस्तीनियों के लिए विनाशकारी सिद्ध होंगे। उनको इज़राइली कब्जावर शक्तियों तथा यहूदी बस्तियों में रहने वालों की ओर से ज्यादा अत्याचारों, हमलों और बदले की कार्रवाइयों का शिकार होना पड़ेगा।

इज़राइल के लिए फिलिस्तीनी नियंत्रण वाले बचे 7 प्रतिशत हिस्से में भी राज्य-समाधान का सवाल नहीं उठता। दुनिया की सबसे बड़ी खुली जेल में रहने वाले 2-3 मिलियन लोगों की पानी, बिजली व रसद की सप्लाई काट देना 'मानवता के खिलाफ अपराध' है। मिस्र ने अपनी ओर से गाजा पट्टी की सीमा सील कर दी है। वह 1948 में पहले 'नकबा' के बाद फिलिस्तीनियों के खिलाफ दूसरे विनाश या नकबा से उनको बचाने के लिए मिस्र में आने के लिए 'मानवीय गलियारा' नहीं खोलेगा। यदि अति-राष्ट्रवादी शक्तियां अल-अक्सा मस्जिद नष्ट कर उसके स्थान पर 'सोलोमन मंदिर' बनाने की अपनी योजना पर आगे बढ़ती हैं तो इस्राइल के खिलाफ पूर्ण युद्ध भड़क सकता है। इज़राइल ने गाजा पर यह हमला फिलिस्तीनियों को 'अमानवीय' दिखाने के लिए किया है।

यह एकपक्षीय युद्ध है क्योंकि इज़राइल के रक्षा मंत्री उनको 'ह्यूमन एनीमल' कह चुके हैं, जबकि इस शब्द का प्रयोग नाजियों ने यहूदियों, गुलामों तथा अन्य लोगों के लिए किया था। पश्चिमी दुनिया नेतनयाहू को उसकी जनता के साथ गाजा पट्टी को 'समतल' करने के लिए उकसा रही है। गाजा में अस्पताल न होने तथा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध न होने के कारण मरने व घायल होने वालों की संख्या बहुत अधिक है और रोज यह संख्या तेजी से बढ़ रही है जिसमें अधिकांश बच्चे और महिलायें शामिल हैं। उनको बमबारी से होने वाले स्वाभाविक नुकसान की तरह देखा जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय-आईसीसी के अनुसार इज़राइल ने मानवता के खिलाफ अपराध किया है। उम्मीद है कि गाजा पट्टी पर इज़राइल का हमला और बदला लेने की कार्रवाई समाप्त हो सकती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इज़राइली कभी फिलिस्तीनी राज्य स्वीकार करने के लिए तैयार होंगे? इज़राइल के इन क्रूर हमलों से क्षेत्र में शांति कभी नहीं स्थापित होगी, न ही भविष्य में फिलिस्तीनियों के विद्रोह से वह सुरक्षित रहेगा क्योंकि वे उसकी कब्जावर तथा रंगभेदी नीति का विरोध करते हैं। ऐसे में एकमात्र रास्ता क्षेत्र में लड़ाकू जहाज भेजना बंद करना तथा विश्व समुदाय को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के क्रियान्वयन की अनुमति देना है। इससे पश्चिम एशिया में समग्र रूप से शांति स्थापित होगी तथा लगातार होने वाला रक्तपात थमेगा। ऐसा न होने पर इस क्षेत्र में लड़ाई के और मोर्चे खुलेंगे तथा इज़राइल व अरब दुनिया के पूर्ण युद्ध हो सकता है।

# ग्रामीण समुदायों को गैर वित्तीय सेवाएं

> **एसएचजी संघ ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक रहित समुदायों को बैंकिंग प्रदान करने में सहायक हो सकते हैं।**

**मधु शरण**
(लेखिका, आजीविका एवं जेंडर विशेषज्ञ हैं)



सरकार और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा प्रोत्साहित एसएचजी संघ लंबे समय से अपने सदस्यों के लिए मान्यता प्राप्त और आजीविका सेवाएं प्रदान करते रहे हैं। हालाँकि, हाल के दिनों में, वे स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण सामाजिक सेवाएं प्रदान करने में भी सक्षम हुए हैं, साथ ही अपने समुदायों में सड़क, बिजली, बुनियादी ढांचे, स्वच्छ जल आपूर्ति आदि जैसी बेहतर विकास सुविधाओं की मांग के लिए मजबूत वकालत पहल भी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, महिला नेतृत्व वाले संघ लिंग और महिला सशक्तिकरण के मुद्दों को संबोधित करने के लिए परिवर्तन के चालक हैं। हालाँकि, सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका सर्वविदित है, लेकिन उनके समुदायों में गैर-वित्तीय और विकास सेवाएं प्रदान करने में एसएचजी महासंघ के काम के बारे में ज्यादा प्रकाश नहीं डाला गया है।

एसएचजी फेडरेशनों पर चर्चा में पावर ओवर, पावर टू, पावर विदिन और पावर विद के चार अलग-अलग डोमेन के संदर्भ में महिलाओं की शक्ति का विस्तार, यह अंतिम डोमेन (यानी पावर विद) से निकलता है। समूह एकजुटता और सहयोग जो विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सफल सामूहिक कार्यों में सबसे प्रभावी है।

इस संबंध में, यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि एसएचजी संघों के अपने बड़े नेटवर्क, जिन्हें क्लस्टर स्तर (सीएलएन) और ब्लॉक स्तर नेटवर्क (बीएलएन) कहा जाता है, के माध्यम से वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों सेवाओं की एक श्रृंखला को बढ़ावा देने की दिशा में गैर सरकारी संगठनों के ठोस प्रयास। देश, प्रभावशाली रहा है। जून 2023 तक, संगठन 3.4 लाख एसएचजी के एक बड़े नेटवर्क के साथ काम कर रहा है, जिसमें 3.5 मिलियन महिलाएं शामिल हैं, जो 1,708 सीएलएन (प्रत्येक न्यूनतम 10 एसएचजी यानी 100 सदस्यों का प्रतिनिधित्व करता है) और 58 बीएलएन (प्रत्येक 10 सीएलएन यानी 1,000 सदस्यों का प्रतिनिधित्व करता है) में संघबद्ध हैं। ). ये मजबूत और गहन संघ ही हैं जो अपने एसएचजी महिलाओं और समुदायों के लिए परिवर्तन के एजेंट हैं।

मध्य प्रदेश और राजस्थान में, एसएचजी क्लस्टर नेटवर्क ने जल जमाव, अनुचित जल निकासी प्रणाली, कंक्रीट सड़कों की कमी, स्वच्छ पेयजल, शौचालयों का निर्माण, सरकारी स्कूलों और पीएचसी में बुनियादी ढांचे की कमी जैसे मुद्दों को सफलतापूर्वक संबोधित करने के लिए अपनी सामूहिक शक्तियों का उपयोग किया है। जिला प्रशासन को इन मुद्दों पर संज्ञान लेने और परिणाम देने के लिए कहा गया है। अभ्रक खनन और अन्य प्रकार के श्रम में शामिल बच्चों की 1,000 महिलाओं वाली 100 %माताओं के समूहों% को शिक्षा, पोषण और वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रशिक्षित किया गया और विकास के लिए कौशल प्रशिक्षण, बैंक लिंकेज और बाजार गठजोड़ का समर्थन किया गया। स्थायी आजीविका. ये समूह अपने समुदायों में स्कूल नामांकन और निरंतर शिक्षा में सुधार के लिए गांव के स्थानीय निकायों, बाल अधिकार संरक्षण समितियों, स्कूल प्रबंधन समितियों और सरकारी एजेंसियों के साथ नेटवर्किंग करके अपने समुदायों में सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक बन गए। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि प्रतिबंधात्मक होने के बजाय, एसएचजी मॉडल केवल एसएचजी महिलाओं को वित्तीय और आजीविका सेवाएं प्रदान करने के विपरीत समग्र विकास सेवाओं को चलाने के लिए एक लचीला और व्यापक उपकरण है।

आरंभ करने के लिए, एसएचजी संघ शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को उन्नत करने के लिए गांव की विकास प्रक्रिया में योगदान देने के लिए मौजूदा पंचायत-स्तरीय समितियों के साथ काम कर सकते हैं। अपनी विशाल संख्या और दूरदराज के क्षेत्रों में गहरी पैठ का लाभ उठाते हुए, संघ अपने समुदायों में विकास सेवाओं और बुनियादी सुविधाओं की आपूर्ति में सुधार और मांग पैदा करके सेवा वितरण में मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए परिवर्तन के एजेंट के रूप में काम कर सकते हैं।

मांग पक्ष पर, फेडरेशन के नेता एसएचजी महिलाओं और समुदायों के बीच सेवाओं के अधिकारों और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा कर सकते हैं, जबकि सेवा वितरण में सुधार के लिए स्कूलों, सरकारी अस्पतालों और बैंकों जैसे आपूर्ति-पक्ष संस्थानों के साथ समानांतर रूप से काम कर सकते हैं।

यहां भी, महिला नेता आपूर्ति-पक्ष संस्थानों के %एजेंट% के रूप में काम कर सकती हैं और सरकार की योजनाओं के बारे में अपने बड़े जनसमूह के बीच जागरूकता पैदा कर सकती हैं और अंतिम मील तक सेवाओं तक पहुंच की सुविधा प्रदान कर सकती हैं। ध्यान रखने वाली एकमात्र बात यह है कि ऐसा करते समय, एसएचजी संघों को निटपिकर्स के बजाय साझेदार के रूप में काम करना चाहिए।

अंत में, महासंघों को गांवों में जरूरतों के साथ-साथ प्रगति के बारे में जानकारी के अंतराल को भरने के लिए नियमित रूप से ब्लॉक और जिला स्तर के प्रशासन के साथ जुड़ना चाहिए।

इस प्रकार उन्हें शुभचिंतक और परिवर्तन एजेंटों के रूप में देखा जा सकता है, जो बदले में, ग्राम विकास प्रक्रिया में उनकी अधिक भागीदारी को जन्म दे सकता है।

अगर उन्हें वित्तीय और आजीविका सेवाओं के प्रावधान से आगे जाना है तो संघों के भाईचारे के बंधन, सामुदायिक जुड़ाव, सामुदायिक स्वीकृति, पैमाने, दूर-दराज के क्षेत्रों में उपस्थिति, हितधारक प्रबंधन और गठबंधन-निर्माण क्षमताओं के लाभों का अच्छी तरह से उपयोग करने की आवश्यकता है। जमीनी स्तर पर विकास और परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए।

## आप की बात

### भारत में ओलम्पिक

**प्रधानमंत्री मोदी** ने हाल ही में कहा कि भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी प्राप्त करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत 2029 में होने वाले युवा ओलंपिक की मेजबानी का भी इच्छुक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह बयान निश्चित रूप से पूरे देश व खिलाड़ियों को उम्मीद से भरने वाला है। निश्चित रूप से अगर ओलंपिक खेल भारत में होंगे तो खेलों के प्रति हमारे युवाओं में रुझान बढ़ेगा और हमारे द्वारा ओलंपिक पदक जीतने की संख्या में भी इजाफा होगा। बीते वर्षों में भारत में हर प्रकार के वैश्विक खेल टूर्नामेंट आयोजित करने के अपने सामर्थ्य को साबित किया है। अभी भी भारत में विश्व कप क्रिकेट चल रहा है। इससे पूर्व भारत विश्व शतरंज ओलंपियाड, महिला अंडर-17, फुटबॉल विश्व कप, पुरुष हॉकी, निशानेबाजी विश्व कप, आदि टूर्नामेंट आयोजित कर चुका है। दिसंबर में जूनियर हॉकी विश्व कप होना है। इन सबका सफल आयोजन स्पष्ट करता है कि भारत ओलम्पिक आयोजन कराने में पूर्णतः सक्षम है। भारत में खेल सुविधाओं का निरंतर विस्तार हुआ है। संभावित ओलम्पिक मेजबानी को लक्ष्य में रख कर खेल सुविधाओं के विस्तार के साथ खिलाड़ियों को अधिकाधिक प्रोत्साहन भी मिलना चाहिए।

**सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता साहिब

### राहुल की चूक

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि विश्व कप क्रिकेट में पाक से भारत की शानदार जीत पर देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री सहित अनेक नेताओं और यहाँ तक कि कांग्रेस के ट्विटर एक्स पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी गई। लेकिन राहुल गांधी के मुख से जीत पर एक शब्द भी नहीं निकला। आखिर वे बधाई देने में कैसे चूक गए ? लगता है कि राहुल गाँधी उसमें भी अहमदाबाद में हुए भारत-पाक मैच की जीत पर मोदी सरकार की आलोचना करने के लिए कोई कटु शब्द ढूँढ़ने में लग गए होंगे। शायद इसीलिए वे अपनी मोहब्बत की दूकान खोल नहीं पाए, न मोदी सरकार की आलोचना कर पाए और न भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दे पाए। कहीं ऐसा न हो कि मोदी सरकार की आलोचना करने में इतने मशगूल हो जाएँ कि मोदी की दूकान चल पड़े और मोहब्बत की दूकान बंद होने की कगार पर आ जाए। राहुल को अपनी छवि का ध्यान रखते हुए सोच-समझ कर चलना चाहिए तथा ऐसी चूकों से बचना चाहिए। मोदी के प्रति संकुचित राजनीतिक व चुनावी दृष्टिकोण से उनकी अपनी ही छवि जनता में खराब होगी।

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### राजस्थान चुनाव

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, बीजेपी व बसपा में अधिकांश सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला होगा। यहां आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, आजाद समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी व भारतीय ट्राइबल पार्टी भी अपने उम्मीदवार खड़े करेंगी। राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों में 34 अनुसूचित जाति और 25 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। पिछले कई दशक से यहां भाजपा व कांग्रेस लगभग बारी-बारी से सत्तासीन रही हैं। पिछले 15 साल में बसपा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। पिछले चुनाव में उसे 6 सीटें मिली थीं। उसने कांग्रेस को बिना शर्त समर्थन दिया था, लेकिन कांग्रेस ने बसपा के सभी विधायकों का कांग्रेस में विलय करा दिया था। गहलोत ने केजरीवाल की पिच पर खेलते हुए मुफ्त की कई योजनाओं को लागू किया है। भाजपा चुनाव प्रबंधन में सबसे आगे है। उसने बड़ी संख्या में अपने सांसदों को उतार कर भी पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया है। राजस्थान की जनता हर पांच साल पर सरकार बदलती रही है और इस रिवाज के हिसाब से अबकी भाजपा की बारी है।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव,** नई दिल्ली

### इज़राइल की हिम्मत

**हमास** जैसे क्रूर आतंकी संगठन के इसराइल पर हमले के बाद उसका गाजा पट्टी पर हमला गलत नहीं कहा जा सकता है। हमास जैसा आतंकी संगठन भी इसी गाजा पट्टी की ही देन है। इसराइल चाहे देखने में एक छोटा व कम आबादी वाला देश हो परंतु उसकी हिम्मत एवं ताकतवर हौसलों की दाद देनी चाहिए। चारों ओर से मुस्लिम देशों से घिरा होने के बाद भी इस यहूदी-बहुल राष्ट्र ने कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझा है। इज़राइल पहले भी अपने अस्तित्व पर संकट का सामना कर चुका है। लगभग पचास साल पहले उसने कई अरब देशों के संयुक्त हमले को पराजित कर अपनी हिम्मत व क्षमता का परिचय दिया था। यही कारण है कि आज हमास जैसे क्रूर आतंकी संगठन के हमले का वह पूरी ताकत व हौसले से जवाब दे रहा है। आज दुनिया भर के अधिकांश देश मानते हैं कि आतंकी हमास का हमला किसी तरह ठीक नहीं है। सारी दुनिया को आतंकी हमले की निन्दा करते हुए इजरायल के साथ खड़ा होना चाहिए। इसके साथ ही इस क्षेत्र में शांति स्थापना के सभी प्रयास किए जाने चाहिए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# सत्ता में आते ही बेहतर की प्रदेश की कानून व्यवस्था

## सीएम ने 114 करोड़ रुपए से 20067 वर्गमीटर में निर्मित विस्तृत दुग्ध उत्पाद परियोजना का किया उद्घाटन

● छह वर्ष पहले चरम पर थी अराजकता, प्रदेश में होते थे दंगेः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के कहा कि आज से छह वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। कानून व्यवस्था की स्थिति बद्तर थी। ऐसी स्थिति में कोई भी निवेशक प्रदेश में निवेश करने को तैयार नहीं था। हमारी सरकार सत्ता में आते ही सबसे पहले कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर किया। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए आवश्यक रिफॉर्म किए। युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे प्रदेश के एक करोड़ 10 लाख युवाओं को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी। प्रदेश के युवाओं को नौकरी की तलाश में देश के अन्य राज्यों में नहीं भटकना पड़ेगा। वह अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को जब उत्तर प्रदेश के विकास के साथ जोड़कर कार्य करेगा तो यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं पाएगा। सीएम योगी ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर 26 में 114 करोड़ रुपए से 20067 वर्गमीटर में निर्मित विस्तृत दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का सोमवार को उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस डेयरी को पांच लाख लीटर दूध की आवश्यकता पड़ेगी। यानी की इससे एक लाख परिवारों को अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही 300 लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर नौकरी मिलेगी। वहीं 1500 अन्य लोग संयंत्र के संचालन की व्यवस्था से जुड़ेंगे। सीएम योगी ने कहा कि गीडा में पिछले कुछ दिनों में निवेश की बहार सी आई है। गैलेंट, अंकुर टीएमएक्स, वरुण वेबरेज, पेप्सिको, केआन इंडस्ट्री और तत्वा प्लास्टिक जैसी कंपनियों के निवेश से गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश में विकास की एक नई बहार आई है। इससे नवरोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। सीएम योगी ने कहा पहले गीडा सहजनवा के कुछ गांव तक ही सीमित था। आज हम इसका विस्तार करते=करते धूलिया पर तक लेकर जा रहे हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे से जोड़ा जा रहा है। दोनों एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी। इससे ढेर सारी नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि निवेश करने वाले उद्यमियों को किसी तरह के संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन को पूरी मुस्तैदी बरतनी होगी। साथ ही स्थानीय युवाओं को इंडस्ट्री की आवश्यकता के अनुरूप ट्रेनिंग के कार्यक्रमों से जोड़ना पड़ेगा। इसके लिए यहां के आईटीआई, पॉलिटेक्निक और डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्सेज के साथ जोड़ें। सीएम योगी ने कहा कि हमारा नौजवान खुशहाल होगा तो समाज खुशहाल होगा और समाज खुशहाल होगा तो प्रदेश समृद्धि की ओर अग्रसर होगा।

अपने संबोधन से पहले सीएम योगी ने दुग्ध उत्पाद संयत्र का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संयत्र को चलाने में अपना योगदान देने वाले पांच कार्मिकों को मंच से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

# मुख्यमंत्री योगी ने बौद्ध विहार शांति उपवन पहुंचकर भदन्त शान्ति मित्र को दी श्रद्धांजलि



पायनिय समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सोमवार देर शाम आलमबाग के वीआईपी रोड स्थित बौद्ध विहार शांति उपवन पहुंचे, जहां पर उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भदन्त शान्ति मित्र के पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित करते शोकाकुल परिजनों एवं उनके अनुयायियों को संत्वाना दी। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों के साथ उनके अनुयायियों को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उप्र के अध्यक्ष भदन्त शान्ति मित्र का निधन अत्यंत दुखद है। मालूम हो कि अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अध्यक्ष भदंत शांति मित्र का बुद्ध विहार शांति उपवन स्थित आवास में निधन हो गया। वह करीब 81 वर्ष के थे। संस्थान के सदस्य भगवंत दास शाक्य ने बताया कि बौद्ध गुरु ने शनिवार रात करीब 10 बजे अपना शरीर त्याग दिया था।

# दशहरा व दीपावली पर प्रदेश में होगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी प्रदेश के सभी क्षेत्रों के लिए मिलेगी 24 घंटे बिजली

● विसर्जन जुलूस वाले मार्गो का अधिकारी खुद लें जायजाः आशीष कुमार गोयल

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की मंशा के अनुरूप आगामी दशहरा, धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत प्राप्त होगी। इसके लिए आवश्यक निर्देश विभाग की ओर से सभी संबंधित अधिकारियों और डिस्कॉम को दिए गए हैं। उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया है कि इन प्रमुख त्योहारों के अवसर पर प्रदेश को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नवरात्र के अवसर पर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति बेहतर रहे और सभी क्षेत्रों को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत प्राप्त हो इसके लिये कड़े निर्देश दिए गए हैं। वितरण में लगे अधिकारियों को सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये कहा गया है। डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशकों, मुख्य अभियन्ताओं सहित विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सरकार की मंशा के अनुरूप नवरात्र के अवसर पर शक्ति पीठो एवं धार्मिक स्थलो को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रो में सावधानी बरतें साथ ही स्थानीय स्तर पर विद्युत आपूर्ति में आने वाले अवरोधों को भी कम से कम समय में ठीक कराएं। अध्यक्ष ने कहा है कि जर्जर, लटकते तारों और केबिलों को सुव्यवस्थित करते हुए सभी सुरक्षात्मक कार्रवाई कर ली जाए। वोल्टेज फ्लक्चुएशन एवं लो वोल्टेज की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। अप्रत्याशित ब्रेकडाउन होने की दशा में जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति को चालू करने के लिए पर्याप्त संख्या में मरम्मत गैंगों की पहले से ही व्यवस्था कर ली जाए। इसके अलावा टोल फ्री नम्बर पर के जरिए मिलने वाली शिकायतों का भी तत्पर्ता से निस्तारण कराया जाए। डिस्काम स्तर पर तथा जनपद स्तर पर विशेष कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सभी व्यवस्थायें सुनिश्चत करा ली गई हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि जिन मार्गों पर जुलूस आदि निकने हो या मूर्ति विसर्जन हेतु बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठे होने की सम्भावना हो वहां अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करके पूरी व्यवस्था बेहतर कर लें जिससे विद्युत दुर्घटना आदि से बचा जा सके।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदानः केशव

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण पूरी गम्भीरता व संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को शिविर कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुन रहे थे। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार.बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगजनो, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवादए दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उपमुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रूबरू होकर सुना। जनता दर्शन में 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ो लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत बागपत कौशाम्बी, प्रतापगढ़, कानपुर, चन्दौली, हमीरपुर फर्रूखाबाद व बस्ती के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा, कासगंज, हरदोई, फरुर्खाबाद, जालौन के पुलिस अधीक्षक, लखनऊ व आगरा के पुलिस कमिश्नर के अलावा सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

## किसानों को समय पर मिले विभागीय योजनाओं का लाभ

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा कृषि निदेशक में विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का लाभ किसानों को और अधिक त्वरित गति तथा पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिएए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता तथा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आकांक्षानुसार हमें हर किसान तक पहुंच कर उसकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना होगा।

# डरबन झील का कराया जाएगा सौन्दर्यीकरणः जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अम्बेडकरनगर जिले में 124 हेक्टेयर में फैली हुई डरबन झील का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। इसके लिए डीपीआर तैयार कराया गया है। इस परियोजना पर 4 करोड़ 75 लाख धनराशि व्यय होगी। इसके विकसित हो जाने से आसपास जनपदों के लोगों को सैर सपाटा के लिए एक उपयुक्त स्थान प्राप्त होगा। साथ ही पक्षी प्रेमियों को विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखने का अवसर प्राप्त होगा।



पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के हर जनपद में स्थित अल्पज्ञात एवं चर्चित स्थलों के आसपास बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराकर सैर करने वालों को आकर्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार का विशेष फोकस ईको टूरिज्म पर है। इसके लिए कई पर्यटन स्थल चिन्हित किये गये हैं। इनके विकास के लिए परियोजना तैयार की जा रही है। जयवीर सिंह ने बताया कि डरबन झील में देशी विदेशी पक्षियों के लिए एक टीला बनाया जायेगा। यहां बच्चों के लिए झूले, चार काटेजेज, पार्किंग, सीढ़ियां समेत अन्य कार्य कराये जायेंगे। जाड़े के दिनों में यहां भारी संख्या में विदेशी पक्षी आते हैं। इन पक्षियों के लिए झील के बीच में एक स्थल निर्मित किया जायेगा। यह प्राचीन झील है जिसको देखने सालभर पर्यटक आते हैं। विकास न होने से घेरलू पर्यटकों की संख्या अभी कम है। झील के सौन्दर्यीकरण के बाद पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन की बहुत सम्भावनायें हैं। अवस्थापना सुविधायें विकसित होने के बाद से पर्यटकों के आगमन में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। डरबन झील अयोध्या के पास है। इसलिए अयोध्या में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से इस झील का आनन्द लेने के लिए भारी संख्या में पर्यटकों के आने की संभावना है। इसलिए पर्यटन विभाग इस झील को विकसित करने का निर्णय लिया है।

# पशुधन मंत्री ने उप निदेशक प्रक्षेत्र के नये कार्यालय भवन की किया शिलान्यास



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा सोमवार को महानगर स्थित कार्यालय उप निदेशक प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग में नये कार्यालय भवन एवं आवासीय भवनों के निर्माण कार्यों का विधि विधान पूर्वक शिलान्यास किया गया। यह निर्माण कार्य प्रक्षेत्र मुख्यालय एवं प्रक्षेत्रों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की योजना के अन्तर्गत किया जायेगा।

इस अवसर पर सिंह ने कहा कि अनुकूल एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने से कार्य कुशलता एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होती है जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव विकास कार्यों पर पड़ता है। हमारा यह प्रयास रहेगा कि पशुधन विभाग को प्रत्येक स्तर पर सुदृढ़ करते हुए आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाय। इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. रजनीश दूबे ने कहा कि पशुधन विभाग को वर्तमान की चुनौतियों से निपटे के लिए राज्य सरकार द्वारा निरन्तर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय, विशेष सचिव अमरनाथ उपाध्याय, पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक आनंद कुमार, निदेशक पशुधन डॉ. एके जादौन, उप निदेशक प्रकाश चन्द्र सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश में चलेगा दो माह का विशेष अभियान

● शासन ने वृहद कार्ययोजना बनाकर मिशन मोड में कार्य करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**निराश्रित** गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश भर में योगी सरकार 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाने जा रही है। इसको लेकर योगी सरकार ने अधिकारियों को वृहद कार्ययोजना बनाकर मिशन मोड में करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी स्तर पर कोई व्यवस्थागत कमी न रह जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि संरक्षित किए जाने वाले निराश्रित गोवंश के देखभाल के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे चारा, भूसा, टीन शेड, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं उपचार आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

योगी सरकार ने निर्देश दिए हैं कि टीम 9 के अधिकारी 7 से 9 नवम्बर को अपने आवंटित मंडलों में मंडलायुक्तों के साथ बैठक करके अभियान को गति दें। इसके साथ ही विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों द्वारा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 21 से 23 नवम्बर को जाकर अभियान की समीक्षा की जाए। इसके साथ ही गोसंरक्षण केन्द्रों, गोआश्रय स्थलों के निर्माण एवं गोआश्रय स्थलों के विस्तारीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। इसको लेकर 18 अक्टूबर को निदेशालय पर बैठक कर प्रदेश के सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को अभियान के संबंध में दिशा-निर्देशित किया जाए। इस दौरान टीम 9 के अधिकारियों से लम्पी रोग की स्थिति की जानकारी ली गयी। साथ ही कहा गया कि जो पशु लम्पी रोग ग्रसित हैं उनका पर्याप्त उपचार किया जाए और टीकाकरण का अभियान तीव्र गति से जारी रखा जाए। बैठक में बताया गया कि अब तक 1.41 करोड़ टीकाकरण किया गया है। वर्तमान में लम्पी रोग से प्रभावित जनपदों की संख्या 41 है और 10574 गोवंश रोग से ग्रसित हैं। मृत गोवंशों की संख्या 68 है और 9605 गोवंश उपचार उपरान्त स्वस्थ हो गये हैं।

901 गोवंश का उपचार किया जा रहा है। इतना ही नहीं मिशन एआई (कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम) के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं महानगर स्थित कार्यालय उप निदेशक (प्रक्षेत्र), पशुपालन विभाग में नये कार्यालय भवन एवं आवासीय भवनों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। यह निर्माण कार्य प्रक्षेत्र मुख्यालय एवं प्रक्षेत्रों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की योजना के तहत किया जायेगा।

# जनता के नाम जेल में लिखे संजय सिंह के संदेश को घर-घर पहुंचाएगी आप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आम** आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह द्वारा जेल में लिखे जनता के नाम संदेश को कार्यकर्त्ता पम्पलेट्स के जरिए घर-घर पहुंचाएंगे। संजय सिंह अपने जेल पत्र से जनता को अवगत कराएंगे कि मोदी सरकार ने उन्हें क्यों गिरफ्तार किया है। जेल पत्र में उल्लेख है कि हमारा गुनाह सिर्फ इतना है कि जनता की आवाज को अपनी आवाज दी। मोदी अडानी के भ्रष्टाचार की पोल खोली। किसान, नौजवान, कर्मचारी, दलित, वंचित, शोषित हर वर्ग के लोगों की आवाज को सड़क से सदन तक बेखौफ होकर उठाया और आखरी सांस तक आगे भी उठाता रहूंगा।

जिला अध्यक्ष शेखर दीक्षित ने प्रेसवार्ता कर ये जानकारी दी। उन्होंने कहा संजय सिंह की गिरफ्तारी गैरसंवैधानिक है। बिना समन के साजिशन उन्हें गिरफ्तार किया गया है। ईडी भाजपा के दबाव में काम कर रही है इसलिए सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करने से पहले समन तक नहीं भेजा गया। भाजपा की फितरत रही है, जहां जनता वोट नहीं दे रही वहां विपक्ष के नेताओं को ईडी से गिरफ्तार करा लो। उन्होंने कहा कि संजय सिंह की फ र्जी गिरफ्तारी को लेकर कार्यकर्ताओं और जनता में भारी गुस्सा है। जगह-जगह आंदोलन, प्रदर्शन किए जा रहे हैं। 21 अक्टूबर को यूपी के सभी जिलों में पुनः विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 27 अक्टूबर को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# दो गुने से अधिक स्वावलंबी हुईं यूपी की महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नए** भारत का नया उत्तर प्रदेश सफलता की नई कहानी कह रहा है। योगी सरकार ने समर्थ उत्तर प्रदेश के लिए महिला श्रमशक्ति को सशक्त बना दिया है। इनकी समृद्धि के लिए योगी सरकार संकल्पित है। महिलाओं के उत्थान के लिए योगी सरकार ने शनिवार को मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का आगाज किया। नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ते हुए शारदीय नवरात्रि से निरंतर इस पर अनेक आयोजन भी हो रहे हैं।

वहीं केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का पारदर्शी ढंग से शत-प्रतिशत लाभ भी यूपी की महिलाओं को मिल रहा है। योगी सरकार की कुशल निगरानी व इच्छाशक्ति के परिणामस्वरूप महज छह वर्ष में महिला श्रम बल की भागीदारी में 17.9 फीसदी की वृद्धि भी हुई। 2017-18 में जहां महिला श्रम शक्ति की भागीदारी महज 14.2 फ ीसदी थी, वहीं 2022-23 में बढ़कर यह 32.10 फ ीसदी हो गई है। आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक यूपी में 2017-18 में महिला श्रम शक्ति 14.2 फीसदी थी। छह वर्षों में सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में महिलाओं के उत्थान पर विशेष रूप से कार्य शुरू हुआ। सीएम ने इन कार्यों की स्वयं मॉनीटरिंग की तो महज छह वर्ष के भीतर 2022-23 में यह महिला श्रम बल बढ़कर 32.10 फीसदी हो गया। यानी इनकी भागीदारी दर में 17.9 की वृद्धि हुई हैए जो दर्शाती है कि योगी के यूपी में सुरक्षा व सम्मान पाकर महिलाएं स्वावलंबन की तरफतेजी से अग्रसर हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2022-23 में भारत की भागीदारी दर 39.80 है तो यूपी की 32.10 फ ीसदी। वहीं 2017-18 में भारत की भागीदारी दर 25.3 फ ीसदी थी तो उस समय यूपी की भागीदारी दर 14.2 थी यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में महिलाओं की सशक्तिकरण पर ध्यान दिया तो योगी आदित्यनाथ ने यूपी में महिलाओं के स्वावलंबन पर। मोदी-योगी की इस जोड़ी ने भारत व यूपी में महिला श्रमशक्ति को निखारते हुए उन्हें अपने पैर पर खड़ा होने का रास्ता दिया।

योगी सरकार महिलाओं से जुड़ी केंद्र-प्रदेश की योजनाओं के क्रियान्वयन व पारदर्शी ढंग से शत-प्रतिशत लाभ दिलाने पर पूरा ध्यान रखी है। केंद्र की बेटी बचाओ-बेटी बचाओ योजना के अंतर्गत यूपी को 1.90 करोड़ बेटियों को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत 8.99 करोड़ महिलाओं को जागरूक किया गया। 189789 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए, इनमें से 189014 केंद्र संचालित भी हैं। 10 लाख सेल्फ ग्रुप बनाकर एक करोड़ महिलाओं को जोड़ा गया। दो लाख से अधिक महिलाओं को पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित किया गया। सभी 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में बीसी सखी की नियुक्ति की गई। सरकारी नौकरियों में भी डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को यूपी में नौकरी से जोड़ा गया। साथ ही अन्य सभी योजनाओं से महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।

# समय-समय पर शोहदों के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियानः डीजीपी

मिशन शक्ति

● छह माह के विशेष अभियान में दर्ज हुए सात हजार से अधिक मुकदमे, 9500 शोहदे चढ़े हत्थे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में शोहदों और मनचलों पर नकेल कसने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। 6 माह के अभियान में 1678 एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा एक्शन लिया गयाए इसमें 3324 पुरुष और 4090 महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 3076246 स्थानों की चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 13433261 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 7563 मुकदमे दर्ज किए गएए जबकि 9512 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं



4892991 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने पूरे प्रदेश में जोन और कमिश्नरेट स्तर पर कार्रवाई की।

डीजीपी विजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में बेटियों और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा शोहदों-मनचलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। इस क्रम में प्रदेश भर में स्क्वायड की ओर से 6 माह में विशेष अभियान चलाया गया। ऐसे में जोन स्तर पर कार्रवाई के लिए 8 जोन में 1413 एंटी रोमियो स्क्वायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 2977 पुरुष पुलिसकर्मी और 3499 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 2540012 स्थानों पर चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 9775616 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 7097 मुकदमे दर्ज किए गए जबकि 8951 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 4431216 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा जोन में की, जहां 474493 स्थानों की चेकिंग करते हुए 1273120 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। वहीं 637 मुकदमे दर्ज किए गए जबकि 1114 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे नंबर पर बरेली जोन, तीसरे नंबर पर लखनऊ जोन, चौथे नंबर पर वाराणसी और पांचवे नंबर पर गोरखपुर जोन है।

### प्रदेश के सात कमिश्नरेट में भी शोहदों पर खूब हुई कार्रवाई

**प्रदेश** के सात कमिश्नरेट में 265 एंटी रोमियो स्क्रायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 347 पुरुष पुलिसकर्मी और 591 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 536234 स्थानों पर चेकिंग की। इन स्थानों पर कुल 3657645 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 466 मुकदमे दर्ज किए गए जबकि 561 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 461०775 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में की, जहां 135752 स्थानों की चेकिंग करते हुए 501165 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। वहीं 60 मुकदमे दर्ज किए गए जबकि 92 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे नंबर पर लखनऊ, तीसरे नंबर पर कानपुर, चौथे नंबर पर गौतमबुद्धनगर और पांचवें नंबर पर गाजियाबाद कमिश्नरेट है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

## ● खराब प्रगति वाले क्षेत्रों के वीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**मुख्य** विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सीडीओ ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के विभिन्न पैरामीटर पर समीक्षा की। बैठक के दौरान ईओ कांट, कलान, कटरा, तिलहर द्वारा अनुपस्थित होने पर तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाले क्षेत्र के खंड विकास अधिकारियों के ब्लॉकों में खराब प्रगति होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जनपद की खराब रैंकिंग पर मुख्य विकास अधिकारी ने रोष व्यक्त किया।

बैठक के दौरान सीडीओ ने संचारी रोग नियंत्रण हेतु सभी उप जिला अधिकारियों व तहसीलदार को एंटी लार्वा एवं फॉगिंग का प्रतिदिन निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिए, तथा सभी ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत एंटी लारवा का छिड़काव तथा फॉगिंग करवाना सुनिश्चित किया जाए। सभी ईओ को प्रतिदिन ग्रामों में निरीक्षण करने के उपरांत निरीक्षण रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी प्रशासन को उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किया। सभी खंड विकास अधिकारियों को प्रतिदिन 3 ग्रामों का निरीक्षण करने के उपरांत निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएसए तथा डीआईओएस को सभी स्कूलों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, नाटक प्रतियोगिता इत्यादि के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण तथा उसके निराकरण हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन करने हेतु निर्देश दिए। सीडीओ ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार हेतु वॉलिंटियर्स बनाकर लोगों को संचारी रोग नियंत्रण एवं साफ सफाई हेतु जागरूक करें, लार्वा के निपटारे हेतु भी अभियान चलाकर प्रचार प्रसार कराए, जिससे कि डेंगू इत्यादि बीमारियों पर रोकथाम लगाई जा सके। सीडीओ ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण के लिए कम्युनिटी सपोर्ट अत्यंत आवश्यक है जन जागरूकता से ही संचारी रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा तथा आंगनबाड़ी को घर-घर दस्तक देकर संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया।

# डॉक्टर था गायब,फार्मासिस्ट चला रहा अस्पताल

## ● डॉक्टर की संविदा समाप्ति का फरमान

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**जिले** का स्वास्थ्य महकमा के कामचोर चिकित्सक को अस्पताल से गायब मिलने पर जिलाधिकारी का पारा हाई हो गया इसकी वजह यह थी अस्पताल से डॉक्टर तो गायब था मगर उसकी जगह मरीजों का इलाज फार्मासिस्ट कर रहा था । जानकारी के बाद जिलाधिकारी में डॉक्टर की इस कामचोरी की बीमारी का तत्काल कर दिया।

जिलाधिकारी ने सीएमओ को फोन कर फॉरेनर चिकित्सक की संविदा समाप्त करने का फरमान सुनाया । सोमवार को डीएम उमेश प्रताप सिंह महानगर के लोधीपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अचानक जा धमके। डीएम अस्पताल का नजारा देख खुद दंग रह गया। क्योंकि अस्पताल में आने वाले मरीजों का उपचार डॉक्टर नहीं बल्कि वहां तैनात फार्मासिस्ट कर रहा था। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के संविदा डॉक्टर आलोक कुमार सिंह गायब थे, अस्पताल के फार्मासिस्ट मोहसिन मरीजों का इलाज कर दवाएं दे रहे थे। डीएम ने मरीजों से जानकारी की तो मालूम हुआ डॉक्टर आलोक कुमार सिंह अस्पताल आते ही नहीं है वह तो घर बैठे मानदेय उठा रहे हैं। उनके स्थान पर फार्मासिस्ट ही इलाज करते हैं। यह सब जानकर डीएम खफा हुए उन्होंने मौके से ही स्वास्थ्य महकमें के मुखिया आर.के. गौतम को फोन घुमा दिया और साफ लहजे में कहा डॉक्टर आलोक सिंह की संविदा समाप्ति की जाए।

अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिलाधिकारी के पास स्वास्थ्य महकमे को चेक करने का समय है, लेकिन जिनके कंधे पर इसकी जिम्मेदारी है वह अपने ही विभाग की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। सीएमओ आर.के. गौतम के पास अपने बीमार हो चुके विभाग का कोई इलाज नहीं है। पूरे जिले में अवैध रूप से अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथोलॉजी, झोलाछाप डॉक्टर संचालित हैं मगर उन्हे कोई जानकारी ही नहीं ।

# बेटियों को बचाने, पढ़ाने का लिया गया संकल्प

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**खीरी** में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के तहत दहेज उन्मूलन, बाल-विवाह रोकने, लैंगिक समानता के लिए संदेशों का प्रचार-प्रसार करने, इसे जीवन में उतारने के उद्देश्य से सोमवार को ब्लॉक बिजुआ में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में एकदिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन काउंसलर कयूम जरवानी ने किया।

कार्यशाला का संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करेंगे। बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करेंगे। कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायेंगे। समुचित पोषण एवं गरिमामय व सशक्त जीवन प्रदान करने में सहायक होंगे और इस प्रतिज्ञा के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में सम्मिलित होते हुए अपना समर्थन प्रदान करते हैं।

कार्यशाला में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शकुंतला उपाध्याय ने उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को कानूनी जानकारी देकर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करते हुए जागरूक किया। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट, डीसी निक्की गुप्ता ने महिलापरक योजना सीएम कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टाफ सेंटर, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह दहेज प्रतिषेध अधिनियम में स्थित महिला पेंशन हेल्पलाइन 1098, 1090, 181 आदि की जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में संरक्षण अधिकारी गंगासागर यादव, कार्मिक वरुण शुक्ला, रीमा वर्मा, सुपरवाइजर शिवरानी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दुर्गेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं शामिल हुई।

# मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**मनरेगा** मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ॠषि संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में दिनांक 16/10/2023 को दिन के 12 बजे प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी खीरी के कार्यालय पहुंचकर का जिला अधिकारी खीरी महेंद्र बहादुर सिंह से भेट वार्ता की। पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। श्री शर्मा ने जिला अधिकारी खीरी महेंद्र बहादुर सिंह से वार्ता करते हुए कि हमारे पैतृक ग्राम सकेथू थाना हैदराबाद तहसील व ब्लॉक लखीमपुर जिला खीरी विद्यालय की बाउंड्री हो रही है। ग्राम प्रधान रेनू देवी के पति दिनेश राज विद्यालय के प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार राज के रिश्तेदार है। क्षेत्र के राजनीतिक तत्वों के इशारे पर मनरेगा मेला स्थल विद्यालय की बाउंड्री के अंदर करना चाहते है। मनरेगा मेला स्थल प्रथिमिक विद्यालय के पूर्व तरफ है। सैंकड़ों वर्षों से वट पूजा महिलाए करती है। उसी स्थल पर लड़कियों के विवाह में बरातें टिकाई जाती है। हिंदुओ के एकादश संस्कार होते है। मनरेगा मेला स्थल स्कूल की बाउंड्री के बाहर रखे जाने की मांग की है। किसानों का गन्ना बिकने पर आधा भुगतान नगद तुरंत दिया जाए। जिससे किसान गन्ने की छुलाई व ढुलाई निकल सकें। जिला खीरी में ग्राम पंचायत सदस्यों को बैठक में नही बुलाया जाता है। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी फर्जी बैठक दिखाकर गोल माल करते है। जिला अधिकारी खीरी महेंद्र बहादुर सिंह ने विश्वास दिलाया है। कि मनरेगा मेला स्थल ग्राम सकेथू के विद्यालय की बाउंड्री में नहीं लिया जाएगा।

मनरेगा मजदूर मिस्त्री मेला , वट पूजा, एकादशा संस्कार एवं लड़कियों की शादी के बरातें उसी स्थल पूर्व को भांति हमेशा होते रहेंगे। मनरेगा के प्रतिनिधि मंडल एड0 संतोष शर्मा प्रदेश सचिव विश्वकर्मा सभा, एड0 बालकृष्ण शर्मा जिला अध्यक्ष ग्राम पंचायत सदस्य प्रकोष्ठ खीरी, एड0 राजू खान, मिश्रा शर्मा राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी मनरेगा आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्ग देखभाल पखवाड़े में मिला 1038 मरीजों को लाभ

**लखीमपुर खीरी।** एनपीएचसीई कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष बुजुर्ग देखभाल पखवाड़ा मनाया जा गया है। पूरे पखवाड़े में जिला पुरुष चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 1038 मरीजों को चिकित्सकीय सेवा प्रदान की गई। जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई ने बताया कि नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डरली के माध्यम से बुजुर्गों को बेहतर देखभाल और चिकित्सीय सेवा दी जा रही हैं। इसी क्रम में सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी के नेतृत्व में जिला पुरुष चिकित्सालय में पखवाड़े के अंतर्गत हर दिन एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीज को देखा गया। इस कैंप में पहले दिन से अंतिम दिन तक 1038 बुजुर्ग मरीज को सेवाएं प्रदान की गई। जिसमें उनकी जांच के साथ ही आवश्यकता अनुसार दवाएं भी वितरण की गई। साथ ही उनकी काउंसलिंग और फिजियोथेरेपी भी कराई गई। इस दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ और जनरल फिजिशियन द्वारा कैंप में सहभागिता की गई।

## क्विक न्यूज

### मंत्री धर्मपाल सिंह ने लोकतंत्र रक्षक सेनानी की पेंशन में 5 हजार की वृद्धि करने की घोषणा की

**बरेली।** आपातकाल में लोकतंत्र की पुनः बहाली के लिए संघर्ष करने वालों को वर्ष 2006 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र रक्षक सेनानी का नाम मान और सम्मान दिया। ?500 मासिक सम्मान राशि से शुरुआत हुई थी जिसको वर्ष 2016 में 15000 पर मासिक कर दिया गया था। योगी सरकार ने 2017 में 20000 किया गया। अब वर्तमान सरकार में प्रदेश के राजनीतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह के द्वारा सम्मान राशि में 5000 की वृद्धि करने की घोषणा की है। भारतीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कुमार अटल ने इस घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने 6 महीने पहले दिए गए ज्ञापन में मांग की थी कि लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों की भांति सम्मानित किया जाए। यह भी मांग की थी की उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के द्वारा संचालित साधारण और एसी बसों के साथ ही प्लैटिनम और वोल्वो बसों में भी सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि वर्ष 2021 में की गई घोषणा के द्वारा लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गोल्डन कार्ड अति शीघ्र बनाये जाए।

### क्षत्रियों ने प्राण देकर देश की सीमाओं की रक्षा की

**शाहजहांपुर।** क्षत्रिय समाज ही हमेशा से सर्व समाज का हितैषी और रक्षक रहा है हमारे पूर्वजों में अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सीमाओं की रक्षा की है हमारे युवा पीढ़ी अपने पूर्वजों से प्रेरणा लेकर उनके बताएं मार्ग पर चलकर अपने आदर्शों का पालन करे तभी समाज का कल्याण होगा उक्त उदगार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला प्रभारी ओम सिंह ने ददरौल एवं भावल खेड़ा विकास खंडों में आयोजित महा जनसंपर्क अभियान के दौरान व्यक्त किया बैठकों को संबोधित करते हुए उपेंद्र सिंह बंटू ने कहा कि क्षत्रियों को तलवार की आवश्यकता नहीं है बल्कि क्षत्रिय समाज तलवार की जगह कलम का प्रयोग करें क्षत्रिय समाज को शिक्षित होने की परम आवश्यकता है इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री प्रीतम सिंह पुजारी, जिला सहयोजक सुमित सिंह भदौरिया, बरेली मंडल बरेली के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट), वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर ओमकार सिंह (सिधौली),ब्लॉक महामंत्री उमेश प्रताप सिंह आदि ने संबोधित किया और सभी क्षत्रिय बंधुओ ने 25 अक्टूबर को विशाल क्षत्रिय महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में आने की जोरदार अपील भी क्षत्रिय समाज से की इस मौके पर प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, विपिन कुमार सिंह, विजय सिंह, अमित सिंह, नेत्रपाल सिंह,प्रदीप सिंह, नागेश सिंह, विपिन कुमार सिंह ,सुधीर सिंह, अशोक सिंह,रघुराम सिंह ,परविंदर सिंह, रजनीश सिंह, श्यामवीर सिंह , आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष पदम सिंह ने की एवं संचालन शिव प्रताप सिंह भदौरिया ने किया!

### नंदघर के बच्चों के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** सामाजिक पूर्ति के लिए आयोजित प्रतिष्ठित वेदांता दिल्ली हाफमैराथन का दूसरा संस्करण आज संपन्न हुआ। रन फॉर जीरो हंगर के समर्थन में पैतीश हजार से अधिक धावकों ने इस मैराथन में भाग लिया। लोगों की रिकॉर्ड भागीदारी रही। पिछले वर्ष की तुलना में पचास प्रतिशत से अधिक धावकों ने हाफमैराथन ओपन दस के रन ग्रेट दिल्ली रन सीनियर सिटिज़न्स रन और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सहित पांच आयोजनों में जोश से भाग लिया। वेदांता मैराथॉन की हर एक किलोमीटर की दौड़ में ज़रूरतमंद बच्चों को एक समय का भोजन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता ने कुल मिलाकर पचास लाख भोजन इकट्ठा किए हैं। ये भोजन आने वाले हफ्तों में वेदांता के लगभग छ हजार नंद घरों के नेटवर्क में परोसा जाएगा। नंद घरए आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र हैं।

### त्यौहारों पर सफाई व्यवस्था चाक चौबन्द रखें कर्मी-मीनू सिंह



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** शारदीय नवरात्रि एवं दशहरा पर्व पर सफाई कर्मी नगर के प्रमुख मार्गो सहित बार्डो की साफसफाई व्यवस्था चाक चौबन्द रखें। क्षतिग्रस्त मार्ग एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों का निरीक्षण कर तत्काल दुरुस्त करें। कहा कि लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त निर्देश सोमवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने अधीनस्थ कर्मियों की समीक्षा बैठक में दिए। इससे पूर्व उन्होंने प्रधान लिपिक आरपी सिंह, अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह, जलकल लिपिक जनार्दन मिश्रा को नगर में साफ सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पालिका कर्मियों द्वारा नगर में किए जा रहे फागिंग व कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के संबंध में जानकारी लेते हुए रूट बार मोहल्लों में पहुंचकर छिड़काव व फागिंग कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मनोज तिवारी, जगदीश सिंह, राजेश वर्मा, अशोक शर्मा, पूजा तिवारी, शैलेंद्र यादव, मोहित गुप्ता, गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने दो अफसरों का रोका वेतन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

## ● डीएम ने डिफाल्टर की श्रेणी में आने पर अधिकारियों के खिलाफ की कार्रवाई

## ● आईजीआरएस प्रकरण के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं : डीएम

**आईजीआरएस** पोर्टल की शिकायतों का समय से निस्तारण न करने को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गंभीरता से लिया है। आईजीआरएस संदर्भ के निस्तारण में डिफाल्टर प्रकरणों का उत्तरदायित्व तय करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने पशु चिकित्सा अधिकारी बेहजम, एडीओ (पंचायत) निघासन के वेतन आहरण पर रोक लगा दिया है। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस संदर्भों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं है।

डीएम ने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त मुख्यमंत्री संदर्भ, सीएम हेल्पलाइन, ऑनलाइन सन्दर्भ, मंडलायुक्त संदर्भ, पीजी पोर्टल भारत सरकार एवं संपूर्ण समाधान दिवस तथा जिलाधिकारी जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि उक्त अधिकारियों द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि दोनों अफसरो का एक-एक संदर्भ डिफॉल्टर की श्रेणी में आ चुका है।

डीएम ने इन दोनो अफसरों का वेतन को अग्रिम आदेश तक बाधित कर दिया है। डीएम ने समस्त अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि जनसुनवाई से जुड़े प्रकरण का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ करें। इसमें कोताही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बंद था इंस्पेक्टर सुभाषनगर का कैमरा, एसएसपी ने किया लाइन हाजिर

**बरेली।** एसएसपी की थाना प्रभारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान सुभाषनगर इंस्पेक्टर की लापरवाही सामने आई उन्होंने कैमरा देर से ऑन किया और एसएसपी के पूछने पर डीजीपी के अभियान की जानकारी होने से इनकार कर दिया मीटिंग समाप्त होने के बाद एसएसपी ने इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया। ज्ञात होकि डीजीपी द्वारा गौवध, महिला अपराध और अवैध तरीके से धर्म परिवर्तन को लेकर 12 से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहा है इस 15 दिवसीय अभियान को लेकर सोमवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एसएसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने अभियान की जानकारी होने की बात इंस्पेक्टर सुभाषनगर से की थी कैमरा बंद कर बैठे इंस्पेक्टर ने पहले तो कैमरा देर से ऑन किया बाद में अभियान की जानकारी न होने की बात कही एसएसपी ने इंस्पेक्टर से कहा कि अभियान की जानकारी होनी चाहिए थी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग खत्म होने के कुछ देर बात ही इंस्पेक्टर सुभाषनगर अखिलेश प्रधान को लाइन हाजिर कर दिया एसएसपी की इस कार्रवाई के बाद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा



**श्रावस्ती ।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में 3 अक्टूबर से चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 से 31 अक्टूबर से चलने वाले दस्तक अभियान की अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान नगर पालिका परिषद भिनगा एवं नगर पंचायत इकौना की प्रगति रिपोर्ट कम पायी गई जिस पर जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति सजग एवं जागरूक करते हुए विशेष सफाई रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नोडल विभाग द्वारा दिये गये प्रारूप पर माइक्रोप्लान बनाकर कारगर कदम उठाये जाएं जिससे लोगों को संचारी रोगों के संक्रमण से बचाया जा सके। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि आज 16 अक्टूबर से दस्तक अभियान चलाया जा रहा हैए जो 31 अक्टूबर तक चलेगा।

## एसपी नें दुर्गा पूजा स्थल के पंडालों का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** नवरात्रि में दुर्गा पूजा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा थाना सोनवा व थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्र का भ्रमण किया गया इस दौरान थाना सोनवा क्षेत्र के लक्ष्मणनगर पूजा पंडाल पहुँचकर पूजा पण्डाल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में व्यवस्थापकों से वार्तालाप किया गया। सभी को पूजा पंडालों में अग्नि दुर्घटनाओं से रोकथाम हेतु पानी से भरे ड्रमध्बाल्टी तथा बालू से भरी



बाल्टी आदि की उचित व्यवस्था करनें हेतु बताया गया साथ ही महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा व अन्य सुरक्षात्मक दृष्टि से सीसीटीवी लगवानें हेतु बताया गया। तत्पश्चात् पुलिस अधीक्षक ने कस्बा भिनगा स्थित खैरी मोड़ ईदगाह तिराहा व्यास गद्दी पूजा पंडाल पहुँचकर व्यवस्थापकों से कुशल क्षेम जाना सभी को पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था हेतु शासन द्वारा निर्धारित मानक के साथ व्यवस्था सुनिश्चित करनें हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिये ।

# डीएम बोले- चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त रखें

**संवाददाता।** बरेली



**जिलाधिकारी** रविंद्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में मलेरिया एवं डेंगू की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी ने मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम हेतु साफसफाई की व्यवस्था, रोगियों के उपचार की व्यवस्था, रोगियों के नि:शुल्क परिवहन हेतु रोगी वाहन सेवा की व्यवस्था, मच्छर वाहक नियंत्रण गतिविधियों, ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छर वाहक के घनत्व का आँकलन, मच्छर स्रोतों में कमी, लार्वा रोधी गतिविधियों तथा आवश्यकतानुसार फागिंग, आम जन में जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रोत्साहित करने के बारे में समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विगत 03 अक्टूबर से आगामी 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। जिसमें दस्तक अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। दस्तक अभियान के तहत फ्रन्ट लाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती) प्रतिदिन संचारी रोगों के विषय में लोगों को जागरूक करेंगी एवं बुखार रोगियों की सूची, आई0एल0आई0 (एनफ्लुएन्जा लाइक इलनेस) रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्र वार ऐसे मकानो की सूची जहाँ घरो के भीतर मच्छरो का प्रजनन पाया जाता है कि सूची प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर क्षेत्रीय ए0एन0एम0 के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध करायेंगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की जिन क्षेत्रों में बुखार के केस मिले उन्हें चिन्हित कर उन क्षेत्रों में जांच कराते हुए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाए व जन सामान्य को जागरूक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्र पर दवाइयो व चिकित्सक आदि उपलब्ध रहे। यहां पर स्वास्थ्य विभाग के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अरविंद कुमार सिंह को प्रयागराज आजमगढ़ वाराणसी का मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** गाजीपुर



**जनपद** में सोमवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यालय विकास भवन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह को प्रयागराज, आजमगढ़, वाराणसी, का मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया गया, अरविंद कुमार सिंह विगत वर्षों से लगातार उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद वर्ष 2016 से वर्ष 2022 से अब तक 2023 तक अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं,और वर्ष 2020 से वर्ष सितंबर2023 तक क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत रहे, उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष गिरिजा शंकर तिवारी व महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा द्वारा अरविंद कुमार सिंह के कर्मठता,व संघर्षता को देखते हुए,वाराणसी, सहित प्रयागराज, आजमगढ़, मंडली अध्यक्ष 13 अक्टूबर 2023 को मनोनीत किया गया, जिससे कर्मचारी परिषद के लिए हर्ष की बात है, जिसके क्रम मे अरविंद कुमार सिंह को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

उक्तकार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव जिला मंत्री ओंकार नाथ पांडे, आलोक कुमार राय, सुभाष सिंह, देवेंद्र मोर्य, अभय सिंह, राम अवतार, हनुमान,कुंदन सिंहा, राजेश श्रीवास्तव, अमित कुमार, गोविंद कुमार,विनोद पांडे, रामधनी, रमेश यादव, रविशंकर कुशवाहा, संजय यादव,संतोष कुशवाहा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रीराम प्रभु के निषाद राज से मिलन का मंचन देख भावुक हो गए दर्शक

**संवाददाता।** गाजीपुर



**जनपद** की लगभग 400 साल पुरानी अति प्राचीन श्री रामलीला कमेटी हरिशंकरी की ओर से लीला के छठे दिन हरिशंकरी स्थित श्रीराम सिंहासन से 15 अक्टूबर शाम 6 बजे मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की शोभा यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गयी। शोभायात्रा हरिशंकरी से शुरू होकर महाजन टोली, झुन्नुलाल चौराहा, आमघाट, चित्रगुप्त चौराहा (ददरीघाट), महुआबाग चौक होते हुए भजन कीर्तन के साथ पहाड़ खाँ पोखरा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुआ। लीला में दर्शाया गया माता पिता के आदेशानुसार अपनी माता कौशल्या के पास जाकर उन्हें प्रणाम करके तपस्वी का भेष बनाकर श्रीराम, लक्ष्मण व सीता सहित वन के लिए प्रस्थान कर देते है। वन का सारा सामान सजाकर श्रीराम सीता लक्ष्मण सहित ब्राम्हण और गुरू के चरणो की वंदना करके सबको अचेतावस्था में करके चल दिये। श्रीराम राजमहल से निकलकर अपने कुलगुरू वशिष्ठ के दरवाजे पर जाकर खड़े होकर देखा कि सब लोग विरह की अग्नि में जल रहे है। फिर श्रीराम चन्द्रजी ब्राम्हणों की मण्डली को बुलाया, इसके बाद गुरूदेव से कहकर उन सबको वर्ष भर के लिए भोजन दिये और आदरदान तथा विनय से उन्हे वश में कर लेते है, फिर याचको को बहुत सा दान मान देकर श्रीराम संतुष्ट करते है तथा मित्रों को पवित्र प्रेम से प्रसन्न कर देते है फिर दास दासियों को बुलाकर उन्हें गुरूदेव को सौंपकर हाथ जोडकर कहते है कि हे गुरूदेव इन सबकी माता पिता के समान देख रेख करते रहियेगा।

# माता के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर नगर व क्षेत्र के देवी मन्दिरो मे जहॉ एक ओर आस्था का जनसैलाब उमडा वही पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा। गंगेश्वरनाथ सेवा समिति सहित जगह जगह भक्तों ने माता दुर्गा को मनाने के लिये आरती व पूजा अर्चना की। वहीं अन्य मन्दिरों मे धार्मिक सेवा समितियों के तत्वाधान में दुर्गा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन में भक्तो की भीड उमडी।बीती शाम गंगेश्वरनाथ सेवा समिति द्वारा आयोजित मॉ दुर्गा महोत्सव कार्यक्रम मे कथा वाचकों व आचार्यो ने माता दुर्गा के विभिन्न रूपो को भक्तो के समक्ष विस्तार से वर्णन किया। वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता एवं भाजपा पिछडा मार्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा व सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष नीरज मिश्रा सहित सैकडों भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक मॉ दुर्गा की आरती उतारी।

# डीएम ने रामघाट व कामदगिरि में चल रहे विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**●दीपावली से पूर्व विकास कार्यों को पूरा करने के निर्देश**

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने सोमवार को तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट के यूपीटी तिराहा, रामघाट, परिक्रमा मार्ग में कराये जा रहे पर्यटन विकास के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

सोमवार को जिलाधिकारी ने बरहा हनुमान मंदिर के पास गेट निर्माण के निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि तत्काल कार्य को पूर्ण कराया जाए।यूपी-एमपी सीमा पर स्थित साक्षी गोपाल मंदिर के पास परिक्रमा मार्ग में गेट निर्माण के निरीक्षण पर कहा कि इस कार्य पर भी तेजी लाई जाए। यह दोनों गेट के निर्माण कार्य दीपावली मेला से पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण हो जाना चाहिए। ताकि श्रद्धालुओं को आने-जाने में कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए की परिक्रमा मार्ग की जो लाइट लगाई गई है उसको पर्यटन विभाग से हैंडोवर कराएं, तथा रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग में जो पोस्टर बैनर लगे हैं उनको तत्काल हटाया जाए। परिक्रमा मार्ग पर जो अवैध अतिक्रमण हटाया गया है उसमें जो अभी मटेरियल हटाने का शेष है उसको तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि जो परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण से खाली जमीन कामदगिरि पर्वत की तरफहै उसमें ग्रीन एरिया में डेवलप किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता विद्युत रामचंद्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, उपखंड अधिकारी विद्युत अनिल कुमार, सहायक अभियंता यूपीपीसीएल आदि मौजूद रहे।

# एक दिन पहले घर से लापता हुई महिला का शव झाड़ियों में मिला



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**ग्राम** बिनौरा वैद्य निवासी चालीस वर्षीय महिला 15 अक्टूबर को घर से खेत पर कार्य करने गयी थी लेकिन वह देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी तो परिजन चिंतित हो गये। आज प्रात: महिला का शव झाड़ियों में मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने घटना स्थल का निरीक्षण कर चुर्खी थानाध्यक्ष को घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार थाना चुर्खी के ग्राम बिनौरा वैद्य के पास झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना चुर्खी द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जानकारी की गयी तो उक्त शव की पहचान गीता 40 वर्ष पत्नी रज्जन निवासी ग्राम विनौरा वैद्य के रूप में हुई है। पूछताछ में बताया गया कि उक्त महिला 15 अक्टूबर को सुबह 9 बजे अपने खेत पर कार्य करने हेतु निकली थी तथा अपने घर वापस नही आई थी। फॉरेन्सिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी है। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर वास्ते पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

# नवरात्र के दूसरे दिन भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप के किए दर्शन, पंडालों में गूंजे जयघोष

**संवाददाता।** फतेहपुर



**शारदीय** नवरात्र के दूसरे दिन जिले भर में अलग-अलग स्थानों में सजाये गये पंडालों में भोर से ही महामाई के जयघोष सुनाई देने लगे। आदिशक्ति मां भवानी के मंदिरों व पंडालो में देवी को मनाने का सिलसिला जारी रहा। नवरात्र के दूसरे दिन भक्तों ने आदिशक्ति मां भवानी के ब्रम्हचारिणी स्वरूप का दर्शन कर उनकी आराधना कर मनोवांछित फल मांगे।

नवरात्र पर्व में जिले का माहौल भक्ति रस से डूब गया है। हर कोई शेरावाली मां को मनाने में जुटा है। इसके उपवास देवी जागरण व तमाम प्रकार से मां की साधना की जा रही है। नगर के कई स्थानों पर सजाये गये मां के दरबार बर्बस लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। दरबारों को सजाने में आयोजक समितियों द्वारा कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। नगर क्षेत्र के लगभग हर पंडाल में मां की मनोहारी झाकी के दर्शन मिलते हैं। कहीं पर शेर पर सवार मां अपने भक्तों को वरदान दे रही हैं तो कहीं पर असुर महिषासुर का संघार कर रही हैं। शारदीय नवरात्र के प्रारम्भ के कारण पूरे शहर में भक्ति का माहौल देखा जा रहा है। सुबह से ही मातारानी के दरबार में पूजा अर्चना व पाठ के लिये श्रद्धालुओं का ताता लगने लगा है।

## नवरात्र में भक्तों ने 37 पंडालों में सजायी झांकी



**जालौन, उरई।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों पर देवी के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही नगर में 37 पंडालों में सजी मां के विभिन्न स्वरूप की पूजा अर्चना कर लोगों ने देवी मां से सुख समृद्धि की कामना की। मां शक्ति के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा नवरात्र के दूसरे दिन देवी मंदिरों पर की गई। जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों ने देवी मंदिरों पर पहुंचकर देवी मां को रोली चंदन, नारियल आदि चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान पूरा नगर जय माता दी के नारों से गुंजायमान रहा।

# सिद्धि विनायक अस्पताल में आपरेशन के दौरान युवती की मौत, मचा हंगामा

**उरई, जालौन।** सोमवार को कालपी रोड स्थित प्राईवेट सिद्धि विनायक अस्पताल में गाल ब्लैडर में पथरी का ऑपरेशन कराने गयी 25 वर्षीय युवती की चिकित्सकों की लापरवाही से अचानक हालत बिगड़ गयी तो चिकित्सकों ने अपना पल्ला झाड़ते हुये उसे आनन फानन में झांसी के लिये रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में युवती की मौत हो गयी। इसके बाद परिजन युवती का शव लेकर अस्पताल जा पहुंचे जहां उन्होंने हंगामा काटते हुये घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जानकारी के अनुसार श्यामा 25 वर्ष पत्नी धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा निवासी औरेखी कोतवाली जालौन निवासी के गाल ब्लैडर में पथरी थी जिसका ऑपरेशन कराने के लिये उसके परिजन सिद्धि विनायक अस्पताल ले आये थे। बताया जाता है कि उक्त अस्पताल का संचालन डा. बलराम द्वारा किया जाता है जहां चिकित्सक उसका ऑपरेशन करने लगे तभी अचानक चिकित्सकों की लापरवाही से युवती की हालत बिगड़ गयी तब ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों के हार पैर फूल गये और आनन फानन में उन्होंने युवती के परिजनों को बुलाकर युवती की हालत चिंताजनक बताते हुये उसे झांसी के लिये रेफर कर दिया।

लेकिन रास्ते में ही युवती की मौत हो गयी तो युवती के परिजन उसका शव लेकर सिद्धि विनायक अस्पताल आ धमके जहां पर उन्होंने शव को रखकर जमकर हंगामा काटा। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को हुयी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराने का प्रयास किया तो परिजनों ने सिद्धि विनायक अस्पताल के चिकित्सकों के विरुद्ध तहरीर दी। अधिकारियों का कहना था कि टीम गठित कर वीडियो ग्राफी के साथ पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। अंतत: परिजन शांत हो गए।

# बच्चों ने रोचक ढंग से समझे वैज्ञानिक सिद्धांत

**पचपेड़वा।** विज्ञान जैसा कठिन विषय खेल-खेल में भी सीखा और समझा जा सकता है। शेख मंसूर अली कन्या विद्यालयए पचपेड़वा, बलरामपुर में ऐसे ही कार्यक्रम हुए। यहां के करीब 200 बच्चों ने वैज्ञानिक विषयों की जानकारी रोचक ढंग से प्राप्त की। बाद में विद्यार्थियों को जब प्रमाणपत्र मिले तो उनके चेहरे खिल उठे। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय बच्चों के लिए वैज्ञानिक गतिविधियां संबंधी दो दिवसीय कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने अनूठी शैली में कई वैज्ञानिक विषयों को समझाया। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनोवेशन एक्सपर्ट डॉ. पंकज पांडे ने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों में भी जबरदस्त वैज्ञानिक प्रतिभा होती है। ये विद्यार्थी अपनी प्रतिभा से ऐसे अनेक इनोवेशन कर सकते हैं जो समाज के लिए उपयोगी होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में थारू जनजाति के विद्यार्थी भी वैज्ञानिक गतिविधियों से जुड़े। विज्ञान प्रश्नोत्तरी और निबंध लेखन प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विज्ञान शिक्षक राकेश चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहना चाहिए। आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ के विशेषज्ञ अभय कृष्ण और अनिल श्रीवास्तव ने विशेष रूप से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# महिला कल्याण विभाग ने मनाया नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव

**●सदर विधायक ने कन्याओं के माता-पिता को बांटे फल व मिष्ठान**

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**शारदीय** नवरात्र के पावन अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला महिला चिकित्सालय के प्रांगण में जन्मी 21 नवजात कन्याओं का हर्षोल्लस से कन्या जन्मोत्सव मनाया। कन्या जन्मोत्सव के मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने नवजात कन्याओं के माता-पिता को भेंट स्वरूप बेबी किट, कन्या बधाई पत्र, मिठाइयां तथा फल देते हुए ढेरो बधाइयां दी।

महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने नवजात कन्याओं के माता-पिता को कहा की बेटियों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है की बेटियों के जन्म को बोझ के रूप में न लिया जाए बल्कि बेटियों के जन्म को हर्ष के रूप में मनाया जाए। जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉक्टर अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बेटियों के प्रति एक सकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है तथा बेटियों के माता-पिता को हर कदम पर सरकार यह जताने का प्रयास कर रही है कि हम आपके साथ हैं।

बेटियां अब बोझ नहीं है बेटियां किसी से कमतर नहीं है बेटियों को अवसर दीजिए तथा इन्हें खुले आसमान में उड़ने का अवसर दें ताकि वह स्वावलंबी बनकर समाज के नवनिर्माण में अपनी महत्ती भूमिका का निर्वहन कर सके।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनीता बनौधा ने कहा की बेटियां आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है इन्हें अवसर दिये जाने की आवश्यकता है।

## क्विक न्यूज

### धर्मांतरण के आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार


**मौदहा, हमीरपुर।** पांच माह पुराने एक धर्मांतरण के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को दिल्ली से कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पांच माह पूर्व महोबा जनपद के ऐचाना गांव निवासी रामकली पत्नी मूलचंद ने पुलिस में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें उसने बताया था कि मेरा भाई रीवन गांव निवासी रामपाल पुत्र रघुवर का जबरिया धर्म परिवर्तन सुमेरपुर थाना क्षेत्र के कैलाश पुत्र भवानी दीन ने साजिश के तहत कराया था। जिसे कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया था। पर मुकदमे की जांच पड़ताल के दौरान दिल्ली निवासी सुरेश कुमार उर्फ सोनू पास्टर नाम का आरोपी भी इस कृत्य में सम्मिलित था। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। मौका मिलते ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया और अग्रिम कार्रवाई की।

### छात्राओं को कंटेनर ने मारी टक्कर, एक की मौत दो घायल

**सुमेरपुर।** बीआरसी कुछेछा से भाषा सुधार की परीक्षा देकर शिक्षक के साथ बाइक से वापस लौटकर विद्यालय जा रही छात्राओं को फैक्ट्री एरिया में पुलिस चौकी के निकट तेज रफ्तार कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी और मौदहा की तरफभाग निकला। इस हादसे में शिक्षक छात्राओं के साथ हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के कलका पुरवा गांव के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक महेश अनुरागी अपने विद्यालय की कक्षा तीन की छात्रा अर्पिता (10) पुत्री राजेन्द्र कुमार यादव एवं कक्षा पांच की छात्रा खुशबू (12) पुत्री स्व. जसवंत यादव को बीआरसी कुछेछा में आयोजित ब्लाक स्तरीय स्पैल-बी (भाषा सुधार) की परीक्षा दिलाने बाइक से गए थे। परीक्षा के बाद यह अपराह्न करीब दो बजे बाइक से छात्रों को लेकर वापस विद्यालय जा रहे थे। कानपुर-सागर हाईवे पर फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी के समीप पीछे से आ रहे कंटेनर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौदहा की ओर भाग निकला। एक राहगीर ने अपने निजी वाहन से तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने खुशबू को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर खंड शिक्षा अधिकारी समर सिंह मौके पर आए और गंभीर रूप से घायल छात्रा अर्पिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया है। छात्रा खुशबू की मौत से परिवार तथा इलाके में अत्यधिक शोक का माहौल है।

# दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बांटेंगी 201 मेडल

**संवाददाता।** मेरठ



**चौधरी चरण सिंह** विश्वविद्यालय के 18 अक्टूबर बुधवार को आयोजित होने वाले 35 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कुल 201 मेडल प्रदान करेंगी। इसके अतिरिक्त एक लाख 28 हजार 167 शोध छात्र.छात्राओं को शोध उपाधि प्रदान की जायेंगी। गत वर्षों की भांति इस बार भी मेडल व उपाधि पाने वाले छात्रों का प्रतिशत छात्राओ के मुकाबले कम रहेगा। यह जानकारी सोमवार को यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलपति प्रोफेसर संगीता ने दी। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में एक छात्रा को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, एक छात्रा को पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदकए दो छात्रों को चौव चरण सिंह स्मृति प्रतिभा पुरस्कार दिए जायेंगे। इसके अतिरिक्त 65 छात्र छात्राओं को प्रायोजित स्वर्ण पदक दिए जायेंगे। इनमें छात्राओ का प्रतिशत 80 जबकि छात्रों का केवल 20 है। इसी तरह कुलपति स्वर्ण पदक पाने वालों में छात्रों की संख्या 54 है जबकि छात्राओं की संख्या 136 है।

कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने बताया कि कृषि संकाय के 12, कला संकाय के 22, कामर्स एवं बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के दो, एजूकेशन के छहए इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सात, लॉ के दो मेडिसिन संकाय के 30, सांइस के 24 तथा आयुर्वेद एंड यूनानी कुल 18 छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में मेडल प्रदान किए जायेंगें। कुल 201 मंडलों में 59 प्रायोजित स्वर्ण पदक होंगे। कुलपति ने बताया कि इस मौके पर राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल विश्वविद्यालय परिसर स्थित तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार भवन में स्थापित कम्युनिटी रेडियो का शुभारंभ करेंगी और परिसर में निमार्णा व विस्ताराधीन गर्ल्स व व्यायज हास्टल और फार्मेसी भवन का शिलान्यास करेंगी। कुलपति ने यह भी दावा किया कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने नैक की ग्रेडिंग में ए प्लस प्लस कैटेगरी प्राप्त करने के बाद अब वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज की एशियाई यूनिवर्सिटीज रैंकिंग में 701 नम्बर पर जबकि साउथ एशियाई यूनिवर्सिटीज की रैंकिंग में 219 वें नम्बर पर आया है। आगे भी इनोवेशन व क्वालिटी रिसर्च को बढावा देकर विश्वविद्यालय को विश्व स्तरीय बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार के हेड डाक्टर प्रशांत कुमार और प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# चंद्रेश राजपूत सदर विस अध्यक्ष, निजाम अंसारी जिला सचिव मनोनीत



**फर्रुखाबाद।** आज समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने फर्रुखाबाद सदर विधानसभा में चंद्रेश राजपूत को विधानसभा का अध्यक्ष घोषित किया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि चंद्रेश राजपूत काफी मेहनत से पिछले कई दिनों से सदर विधानसभा में कार्य कर रहे हैं और उनकी मेहनत को देखते हुए आज इन्हें विधानसभा अध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया है। चंद्रेश राजपूत ने कहा कि वह काफी समय से समाजवादी पार्टी में कार्य कर रहे हैं और सभी जाति और वर्गों का उन्हें समर्थन मिल रहा है। वहीं फर्रुखाबाद के निजाम अंसारी को जिला सचिव मनोनीत किया गया है।

# सरकारी क्रय केंद्रों में उर्वरक का अभाव होने से किसान परेशान

**मौदहा, हमीरपुर।** किसान को खाद के लिए सरकारी ऋय केंद्रों में आए दिन चक्कर लगा एक-एक बोरी खाद पानी के लिए परेशान घूम रहा है नगर के पी सी एफ केंद्र में पांच सैकड़ा से अधिक किसानों की भीड़ में मात्र 500 बोरी खाद वितरण की गई जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई शेष हुए किसान अपनी किस्मत को कोसते हुए वापस घर चले गए। रबी की फसल की बुवाई का समय शुरू होने के बाद किसान एक एक बोरी खाद के लिए सुबह से शाम तक लंबी-लंबी कातारो में खड़े होकर खाद के लिए परेशान रहता है जबकि सरकार किसानों के लिए बड़े-बड़े वादे कर खाद बीज उपलब्ध कराने के लिए वायदे करते हैं।

एक सप्ताह बाद नगर के पीसीएफ केंद्र में मात्र 500 बोरी डीएपी खाद आने की सूचना मिलने पर सुबह से ही किसानो ने केंद्र पहुंच लंबी-लंबी लाइन लगा खाद पाने के लिए लाइनों में खड़े हो गए और जब पीसीएफकेंद्र का गेट खोला तो केंद्र प्रभारी ने दो बोरी प्रति किसान खाद दिए जाने का आश्वासन दिया यह सुन किसनो भारी आक्रोश पनप गया उनका कहना था कि पांच सैकड़ा से अधिक की भीड़ में मात्र 500 बोरी का वितरण किस रूप में हो पाएगा शाम होते-होते आधे से ज्यादा किसान खाद न मिलने से मायूस होकर घर के लिए लौट गये।

इसी तरह नगर के किसान सहकारी समिति व ऋाय विक्रय में भी 500-500 बोरी खाद आई है और किसान सहकारी समिति में लेखपाल व कानूनगो ने बैठकर अपने सामने खाद वितरण कराई जहां ग्राम परछा के कुछ किसानों ने उत्पात मचाने का प्रयास भी किया सहकारी समिति के सचिव अवनीश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामला गंभीर देख पुलिस प्रशासन को बुला खाद वितरण कराया गया है।

# शिक्षा में लैंगिक समानता के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



**फतेहपुर।** मिशन शक्ति के फेस-4 के तहत सरकार महिलाओं के बीच आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ कार्यस्थलों में महिलाओं के अधिकार पर जोर दे रही है। अभियान के तहत उच्च शिक्षा के कार्यक्रमों के क्रम में सोमवार को डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय की ओर से शिक्षा में लैंगिक समानता प्राप्त करने हेतु महिलाओं को उच्च शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने के लिए उनके नामांकन दर में वृद्धि किए जाने हेतु वृहद जन जागरूकता अभियान प्राचार्य प्रोफेसर सरिता गुप्ता के संरक्षण में चलाया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रेखा वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी डॉ जिया तसनीम, असिस्टेंट प्रोफेसर उर्दू के नेतृत्व में छात्राओं ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। घर-घर जाकर लोगों से छात्राओं का नामांकन दर कैसे बढ़े इस विषय पर बात की और लोगों को जागरूक किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सरिता गुप्ता ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, हिंसा और खतरे से मुक्त माहौल में अपने मस्तिष्क और शरीर के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने को प्रेरित करता है। छात्राएं निश्चित रूप से मिशन शक्ति फेस-4 के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-कर कर हिस्सा लेंगी।

## पेज एक का शेष

### पश्चिम एशिया...

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, गाजा में पानी, बिजली और अन्य आवश्यक आपूर्ति खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के पास मिस्र, जॉर्डन, वेस्ट बैंक और इजराइल में भोजन, पानी, गैर-खाद्य सामग्री, चिकित्सा आपूर्ति और ईंधन का भंडार उपलब्ध है और यह सामान कुछ घंटों में गाजा तक पहुंचाया जा सकता है। गाजा में फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में गाजा में 455 फलस्तीनी जान गंवा चुके हैं और 856 लोग घायल हुए हैं।

### महिला पायलट...

रैपिडएक्स की अधिकतम गति 180 किमी/घंटा होगी और यह भारत में सबसे अधिक गति वाली ट्रेन बन जाएगी। यह दिल्ली से मेरठ तक की दूरी महज 55 मिनट में तय कर लेगी। ट्रेन हर 5-10 मिनट में यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी। रैपिडएक्स सेवा यात्रा का आधुनिक, टिकाऊ, सुविधाजनक, तेज़, सुरक्षित और आरामदायक साधन प्रदान करेगी। पूरे कॉरिडोर के पूरा होने के बाद, आरआरटीएस दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा के समय को 40 प्रतिशत तक कम कर देगा। अधिकारी के अनुसार खोए हुए सामानों की वापस पाने में तेजी लाने के लिए गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर एक समर्पित 'खोया और पाया' केंद्र स्थापित किया गया है। एनसीआरटीसी ने कहा, 'यदि कोई यात्री स्टेशन परिसर में अपना सामान खो देता है या अनजाने में रैपिडएक्स ट्रेनों पर कोई सामान छोड़ देता है तो वे सहायता के लिए स्टेशन कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त रैपिडएक्स ग्राहक सेवा केंद्र 08069651515 पर कॉल करके खोई और पाई गई वस्तुओं के बारे में पूछताछ और सहायता प्राप्त की जा सकती है।' बयान में आगे कहा गया है कि अगर कोई रैपिडएक्स स्टाफ स्टेशन परिसर या ट्रेन में खोई हुई या भूली हुई वस्तुओं का पता लगाता है या उन्हें प्राप्त करता है तो यात्रियों के पास उसी स्टेशन से अपना सामान वापस पाने के लिए 24 घंटे का समय होगा, जहां वे खो गए थे या छोड़ दिए गए थे। बयान के अनुसार, 24 घंटे की अवधि के बाद, किसी भी लावारिस सामान को गाजियाबाद स्टेशन पर स्थित समर्पित 'खोया और पाया' केंद्र में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जो रोजाना सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक संचालित होगा। आरआरटीएस ट्रेनों में उच्च गति पर हवा के खिंचाव को कम करने के लिए लंबी नाक और प्लग-इन दरवाजे के साथ एक वायुगतिकीय प्रोफ़ाइल होगी। इसकी बड़ी खिड़की के शीशों से यात्रियों को मनोरम दृश्य देखने को मिलेंगे।

### जम्मू-कश्मीर...

इन मौसम स्थितियों को देखते हुए, यह सलाह दी जाती है कि आम जनता, विशेष रूप से केरन, करनाह, माछिल, बुडनामल, जुमुगुंड, नौगाम, कुमकाडी जैसे क्षेत्रों में रहने वाले और विभिन्न नालों/नदियों की परिधि पर रहने वाले लोगों को फिसलन और बाढ़ का खतरा रहता है। बाढ़, मौसम में सुधार होने तक इन क्षेत्रों में प्रवेश करने से बचना चाहिए।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई विकास भवन में इन्वेस्टर्स समिट की बैठक




**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन की अध्यक्षता में विकास भवन में इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्राप्त एमओयू को जीबीसी हेतु तैयार किए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जो उद्यमियों द्वारा एमओयू साइन किए गए हैं उनको जमीनी हकीकत में तब्दील किये जाने हेतु इन्वेस्टर्स की हर संभव मदद की जाए जिससे अधिक से अधिक एमओयू, जीबीसी के लिए तैयार किया जा सकें।

उन्होंने कहा कि जो एमओयू ,जीबीसी हेतु तैयार हैं उनके भूमि के दस्तावेज तथा जीपीएस युक्त फ़ोटो साइट पर सभी संबंधित विभागों द्वारा शीघ्रअपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए।उन्होंने कहा कि जिन एमओयू भूमि की उपलब्धता, एनओसी, लोन आदि कि जहां समस्या है उसका निस्तारण संबंधित विभागों से समन्वय कर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उद्यमी मित्र को निवेशकों को निवेश में आने वाली दिक्त्तों को शीघ्र दूर करने के साथ अपने कार्यों के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा नियमित रूप से निवेशकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर संबंधित विभाग से समन्वय कर निस्तारित कराए जाने के निर्देश दिए।

# प्रशासन ने शुरू की होटल गुरुशरणम को ध्वस्त करने की कार्रवाई, पुलिस बल तैनात

**●जेल में बंद बसपा नेता अनुपम दुबे का है होटल गुरुशरणम**

**●बसपा नेता की पत्नी ने कहा होटल पर है उच्च न्यायालय का स्टे**

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**प्रशासनिक** अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर आ चुके है। ठंडी सड़क को छाबनी में तब्दील कर दिया गया है। जहां परिंदा को भी पर मारनें की इजाजत नही दी गयी है। दरअसल फतेहगढ़ में मोहगा कसरटटा निवासी बसपा नेता अनुपम दुबे हत्या व अन्य मामलों में जेल ने निरुद्ध है। उनके शहर के ठंडी सड़क स्थित होटल श्री गुरुशरणम् को ध्वस्त करनें के लिए जिला प्रशासन सख्त हो गया है। कई बार की अपीलों को सुनवाई के बाद खारिज करते हुए आखिर जिला प्रशासन ने होटल को ध्वस्त करने की कार्यवाही शुरू कर दी।

सोमवार सुबह लगभग चार बजे से ही ठंडी सड़क पर भारी पुलिस बल आ गया। ठंडी सड़क को लाल दरबाजे फौआरे के निकट आईटीआई के निकट चार जगह बैरियर लगाकर आने जानें वालों पर रोक लगा दी गयी है। पैदल भी किसी को निकलनें की इजाजत नही दी जा रही है। नगर पालिका व राजस्व कर्मियों के पास जारी किये गये है। उन्हें देखकर ही प्रवेश दिया जा रहा है।

मीडिया कर्मियों को भी होटल की जद से दूर रखा गया गया। नगर मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र, तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह, सीओ सिटी प्रदीप कुमार मौके पर मौजूद है। फ्लिहाल प्रशासन के मौके पर आनें से ठंडी सड़क का माहौल गर्म हो गया है। ठंडी सड़क का पूरा बाजार बंद है।

मौके पर पहुंची बसपा नेता अनुपम दुबे की पत्नी मीनाक्षी दुबे ने बताया की होटल ध्वस्तीकरण पर हाई कोर्ट की तरफ से रोक लगी है उसके बाद भी यदि होटल ध्वस्त किया जाता है तो वह विधिसंगत नहीं होगा।

# कांग्रेस केवल लूट की गारंटी दे सकती है

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को दावा किया कि विपक्षी दल केवल लूट की गारंटी दे सकता है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह भ्रष्टाचार के जरिए धन एकत्र करने की खातिर कर्नाटक को एटीएम में बदल रही है ताकि अपने चुनाव प्रचार के लिए धन जुटा सके। नड्डा ने कर्नाटक में विभिन्न जांच एजेंसी की छापेमारी में कुछ ठेकेदारों के पास से 100 करोड़ रुपए से अधिक राशि कथित रूप से मिलने का हवाला देते हुए कहा कि यह शर्मनाक और मतदाताओं के साथ घिनौना मजाक है। नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यह कांग्रेस के भ्रष्ट डी एन ए का महज एक छोटा सा नमूना है। उन्होंने कहा, सत्ता में आने के साथ ही कांग्रेस का भ्रष्टाचार कर्नाटक में सुरसा के मुख की तरह फैल चुका है। उन्होंने तत्कालीन भाजपा सरकार में ठेकेदारों को भारी कमीशन देने पर मजबूर किए जाने संबंधी आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस समर्थित यही ठेकेदार कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के खिलाफ झूठ परोसने में सक्रिय थे। नड्डा ने कहा, यह कर्नाटक का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस सरकार ने इसे धनशोधन, भ्रष्टाचार और आगामी चुनावों के लिए पैसे जुटाने का एटीएम बना दिया है। जाहिर है कि कांग्रेस जो गारंटी दे सकती है वह हमेशा भ्रष्टाचार की गारंटी है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस सरकारों ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान को भी भ्रष्टाचार का एटीएम बना दिया है और वह तेलंगाना एवं मध्यप्रदेश को भी ऐसा ही एटीएम बनाकर जनता की गाढ़ी कमाई लूटना चाहती है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस मध्यप्रदेश और तेलंगाना में सत्ता में आने के सपने इसलिए पाल रही है ताकि वह गरीबों के कल्याण और प्रदेश के विकास का पैसा लूट सके। उन्होंने कहा, कांग्रेस केवल लूट की ही गारंटी दे सकती है। कांग्रेस चुनावों में विशिष्ट कल्याणकारी कदम उठाने की गारंटी देने का वादा कर रही है और इन्हीं चुनावी वादों की मदद से उसने कर्नाटक के चुनाव में सफलता हासिल की। नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी को वादे करने की कला में महारत हासिल है और अब यह पार्टी एक कदम आगे बढ़कर वादों के बदले में गारंटी देने लगी है।आयकर विभाग के अधिकारियों ने कर्नाटक में एक ठेकेदार, उसके बेटे, एक जिम प्रशिक्षक और एक वास्तुकार सहित कई लोगों से जुड़े परिसरों पर छापे मारकर बड़ी नकद राशि बरामद की है। भाजपा और कांग्रेस के बीच आगामी विधानसभा चुनावों में कड़ा मुकाबला होने की संभावना हैं। दोनों दलों के बीच छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में सीधी टक्कर होने के आसार हैं। तेलंगाना में इन दोनों दलों के अलावा भारत राष्ट्र समिति भी मजबूत दावेदार है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों और सांसदों को जोड़ने वाले नमो ऐप के फीचर को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने नमो ऐप के एक फीचर पर प्रकाश डाला जो लोगों को उनके स्थानीय सांसदों से जोड़ता है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, नमो ऐप में एक बहुत ही दिलचस्प खंड है जो हमारी लोकतांत्रिक भावना को आगे बढ़ाने में काफी अहम होगा। यह स्थानीय सांसद के साथ आपके जुड़ाव को गहरा करने का एक आसान तरीका प्रदान करेगा और सांसद के साथ जुड़ने की सुविधा देगा और आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने में भी मदद करेगा। यह फीचर भाजपा सांसदों द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्रों में की गई विभिन्न गतिविधियों को प्रदर्शित करता है और लोगों को उनसे जुड़ने की अनुमति देता है। मोदी ने कहा, दिलचस्प सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर जीवंत खेल प्रतियोगिताओं तक, सांसदों और उनके मतदाताओं के लिए जुड़ना आसान हो जाएगा।

# अडाणी समूह ने वकील की शिकायत के सहारे मोइत्रा पर साधा निशाना

भाषा। नई दिल्ली

**संकट** में घिरे अडाणी समूह ने सोमवार को एक वकील की शिकायत के सहारे तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर पहला सीधा हमला किया। इस शिकायत का हवाला देते हुए रविवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर गंभीर आरोप लगाए थे। गौरतलब है कि मोइत्रा हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद समूह की आलोचना करने में सबसे आगे रही हैं। अडाणी समूह ने कहा कि कुछ समूह और व्यक्ति उसके नाम और बाजार प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। दुबे ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि तृणमूल सांसद ने एक व्यापारिक समूह के हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछने के लिए रिश्वत ली।

दुबे ने दावा किया था कि वकील जय अनंत देहाद्राई ने मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के बीच रिश्वत के लेन-देन के अकाट्य सबूत साझा किए हैं। अडाणी समूह ने एक बयान में दुबे का नाम लिए बिना उनकी शिकायत का उल्लेख किया, और कहा कि देहाद्राई ने महुआ मोइत्रा और हीरानंदानी समूह के सीईओ दर्शन हीरानंदानी पर एक बड़ी आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाते हुए शपथपत्र के रूप में सीबीआई के पास शिकायत दर्ज की है। इसमें खासतौर से संसदीय प्रश्नों के जरिए गौतम अडाणी और उनके समूह की कंपनियों को निशाना बनाया गया। बयान में बताया गया, उन्होंने आगे कहा कि इसके बदले में सुश्री मोइत्रा को हीरानंदानी से रिश्वत और अनुचित लाभ मिले। देहाद्राई एक वक्त में मोइत्रा के साथी थे और इस समय दोनों के रिश्तों में कड़वाहट चल रही है। मोइत्रा ने पिछले छह महीनों में कथित आपराधिक अतिक्रमण, चोरी, अश्लील संदेश और दुर्व्यवहार के लिए उनके खिलाफ पुलिस के पास कई शिकायतें दर्ज की थीं। मोइत्रा पिछले कुछ साल से संसद और उसके बाहर अडाणी समूह पर आरोप लगाती रही हैं। बयान में कहा गया, इस विशेष मामले में, वकील की शिकायत से पता चलता है कि अडाणी समूह और हमारे चेयरमैन गौतम अडाणी की प्रतिष्ठा और हितों को धूमिल करने की यह सांठगांठ 2018 से चल रही है।

### ● हीरानंदानी का आरोपों से इनकार

हीरानंदानी समूह ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उनमें कोई दम नहीं है। समूह के एक प्रवक्ता ने कहा, हम हमेशा कारोबार में रहे हैं, न कि राजनीति में। हमारे समूह ने हमेशा देश के हित में सरकार के साथ काम किया है और आगे भी करते रहेंगे।

## क्विक न्यूज

### श्रीलंका ने 27 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया, केंद्र कार्रवाई करे : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को कहा कि श्रीलंकाई नौसेना ने राज्य के 27 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनकी पांच नौकाओं को कब्जे में ले लिया है, इसलिए केंद्र सरकार को उन्हें रिहा कराने तथा उनकी नौकाओं को मुक्त कराने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। स्टालिन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर कहा कि दो अलग-अलग घटनाओं में 27 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने 14 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने के आरोप में रामेश्वरम के 23 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली उनकी चार नौकाओं को जब्त कर लिया। जबकि एक अन्य घटना में, चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी मशीनीकृत नौका को जब्त कर लिया। मुख्यमंत्री ने विदेश मंत्री जयशंकर से तमिलनाडु के 27 मछुआरों की रिहाई के लिए तत्काल राजनयिक कदम उठाने का अनुरोध किया। स्टालिन ने जयशंकर को संबोधित पत्र में कहा, जैसा कि मैंने आपको पहले लिखा है, गिरफ्तारी और जब्ती की इन बार-बार की घटनाओं ने हमारे समुद्र तट पर मछली पकड़ने वाले समुदायों के दिलों में डर पैदा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मछुआरों की आजीविका दांव पर है, जो अक्सर अपने परिवारों के लिए एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति होते हैं। इस तरह की बार-बार होने वाली गिरफ्तारियों के गहरे आर्थिक प्रभाव हैं, क्योंकि इससे न केवल मछुआरों और उनके परिवारों की आय का नुकसान होता है, बल्कि कई व्यक्तियों की खाद्य सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है।

### महुआ मोइत्रा के लॉग-इन क्रेडेंशियल के आईपी पते की जांच हो: निशिकांत

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर उनसे सदन के सदस्यों के लिए बनी वेबसाइट पर तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के लॉग-इन क्रेडेंशियल के आईपी पते की जांच करने का आग्रह किया है। दुबे ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए एक उद्योगपति से रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। बिरला को लिखे पत्र में, दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई से प्राप्त एक पत्र का हवाला दिया और कहा कि वकील ने पुख्ता सबूत साझा किए हैं कि महुआ मोइत्रा ने संसद में सवाल पूछने के लिए उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी से नकद और उपहार के रूप में रिश्वत ली है। दुबे के पत्र के जवाब में, मोइत्रा ने कहा, सांसदों के सभी संसदीय कार्य निजी सहायक (पीए), सहायकों, प्रशिक्षुओं और बड़ी टीम द्वारा किए जाते हैं। उन्होंने वैष्णव से कॉल डेटा रिकॉर्ड (सीडीआर) के साथ सभी सांसदों की मौजूदगी के स्थानों और लॉग-इन क्रेडेंशियल का विवरण जारी करने का अनुरोध किया। टीएमसी सांसद ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री से कर्मचारियों को लॉग इन करने के लिए दिए गए प्रशिक्षण के बारे में जानकारी साझा करने के लिए भी कहा। हीरानंदानी समूह ने कहा है कि भाजपा सांसद के आरोपों में कोई दम नहीं है। इस मामले में सोमवार को भी वाकयुद्ध जारी रहा। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि कंपनी डेटा स्थानीयकरण के लिए सक्रिय एवं आक्रामक रूप से पैरवी कर रही थी। वैष्णव को लिखे एक पत्र में, दुबे ने उनसे मोइत्रा के खिलाफ आरोपों को अत्यंत गंभीरता से लेने और टीएमसी नेता के लोकसभा में सभी लॉग-इन क्रेडेंशियल के आईपी पते (इंटरनेट प्रोटोकॉल पते- इंटरनेट सेवा प्रदाताओं द्वारा इंटरनेट से जुड़ने वाले उपकरणों को प्रदान की जाने वाली एक विशिष्ट संख्या होती है) की जानकारी के लिए एक जांच शुरू करने और यह पता लगाने का आग्रह किया कि क्या कभी ऐसा भी हुआ है कि उनके लॉग-इन क्रेडेंशियल को उस स्थान से संचालित किया गया, जहां वह मौजूद नहीं थीं। भाजपा नेता ने दावा किया, मोइत्रा का किसी बाहरी संस्था के साथ लोकसभा के लॉग-इन क्रेडेंशियल साझा करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कृष्णानगर सांसद ने दर्शन हीरानंदानी और हीरानंदानी समूह को लोकसभा वेबसाइट के लिए अपने लॉग-इन क्रेडेंशियल तक पहुंच प्रदान की, ताकि वे इसे अपने निजी लाभ के लिए उपयोग कर सकें।

### आईपीएस आर. रामकुमार और पी. कृष्णकांत सीबीआई में बतौर एसपी नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी आर. रामकुमार और पी.कृष्णकांत को सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में बतौर पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया। रामकुमार 2015 बैच के झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं जबकि कृष्णकांत 2016 बैच के कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सक्षम प्राधिकार ने दोनों अधिकारियों को सीबीआई में पांच साल के लिए बतौर पुलिस अधीक्षक (एसपी) नियुक्त करने की मंजूरी दी।

### कई विपक्षी नेता पहुंचे फलस्तीनी दूतावास, इजराइली बमबारी की निंदा की

नई दिल्ली। इजराइल और हमास के मध्य जारी युद्ध के बीच कई विपक्षी नेताओं ने सोमवार को फलस्तीन के दूतावास पहुंचकर फलस्तीनी जनता के प्रति एकजुटता प्रकट की और गाजा पर इजराइली बमबारी की निंदा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को हिंसा को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाना चाहिए। विपक्षी नेताओं ने यह भी कहा कि 1967 की सीमाओं के आधार पर एक स्वतंत्र फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना होनी चाहिए क्योंकि यह इजरायल-फलस्तीन संघर्ष का न्यायसंगत और स्थाई समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता के सी त्यागी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा, राष्ट्रीय लोक दल के उपाध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी सहित कई विपक्षी नेताओं के एक समूह ने फलस्तीन की जनता के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए सोमवार को यहां फलस्तीनी दूतावास पहुंचकर फलस्तीनी राजदूत अदनान अबू अल हायजा से मुलाकात कर एकजुटता प्रकट की। विपक्ष के इन नेताओं ने जो साझा संकल्प जारी किया है उस पर कुल 15 नेताओं के हस्ताक्षर हैं।

# न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को संविधान पीठ को भेजा

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को कहा कि पार्टियों के राजनीतिक वित्त पोषण के लिए चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक स्वीकार्य निर्णय के लिए अब पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ सुनवाई करेगी। चुनावी बॉन्ड योजना को दो जनवरी 2018 को अधिसूचित किया गया था। इसे राजनीतिक वित्त पोषण में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत पार्टियों को नकद चंदे के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बॉन्ड भारत की नागरिकता रखने वाले व्यक्ति या भारत में स्थापित संस्थान द्वारा खरीदे जा सकते हैं। इसे कोई व्यक्ति अकले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से खरीद सकता है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि मुद्दे पर चार जनहित याचिकाओं पर 31 अक्टूबर और एक नवंबर को अंतिम सुनवाई की जाएगी। पीठ ने सोमवार को कहा कि अब इन पर पूर्व निर्धारित तारीखों पर पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ फैसला करेगी। न्यायालय ने कहा, उठाए गए मुद्दों के महत्व के मद्देनजर, और संविधान के अनुच्छेद 145(4) (उच्चतम न्यायालय के कामकाज से जुड़े नियमों) के आलोक में, विषय को कम से कम पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष रखा जाएगा...। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि उसे यह अर्जी प्राप्त हुई है कि विषय की तात्कालिकता को ध्यान में रखते हुए इसे एक निर्णायक फैसले के लिए वृहद पीठ को भेजा जाए। न्यायालय ने 10 अक्टूबर को गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स (एडीआर) की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण की इन दलीलों गौर किया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए बॉन्ड योजना शुरू होने से पहले विषय के निर्णयन की जरूरत है। भूषण ने कहा था कि चुनावी बॉन्ड के जरिए अनाम वित्त पोषण भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है और भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र के नागरिकों के अधिकार का हनन करता है। उन्होंने दलील दी थी, वित्त पोषण का स्रोत अनाम रहने के कारण यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 का हनन करता है और मामले में निर्णय नहीं किए जाने से समस्या तेजी से बढ़ेगी। पीठ ने कहा था कि यह 31 अक्टूबर को सुनवाई शुरू करेगी और यदि यह लंबी चली तो इसे एक नवंबर को खत्म करेगी। इस मुद्दे पर चार जनहित याचिकाएं लंबित हैं। इनमें से एक याचिकाकर्ता ने मार्च में कहा था कि चुनावी बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को अब तक 12,000 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है और इसकी दो-तिहाई राशि एक प्रमुख राजनीतिक दल को गई है। शीर्ष न्यायालय ने 21 मार्च को कहा था कि यह इस पर विचार करेगी कि एक स्वीकार्य फैसले के लिए क्या याचिकाओं को संविधान पीठ के पास भेजा जा सकता है। न्यायालय में, केंद्र और निर्वाचन आयोग के पूर्व में परस्पर विरोधी रुख देखने को मिले हैं। सरकार चंदा देने वालों को अनाम रखना चाहती है, जबकि आयोग ने पारदर्शिता की खातिर नामों का खुलासा करने का समर्थन किया है।

# अदालत ने नूंह हिंसा मामले में मोनू मानेसर को जमानत दी

**नूंह (हरियाणा)।** हरियाणा की एक अदालत ने नूंह हिंसा मामले में मोनू मानेसर को सोमवार को जमानत दे दी। मानेसर के वकील कुलभूषण भारद्वाज ने कहा कि उसे एक लाख रुपए के मुचलके पर जमानत मिल गई। भारद्वाज ने कहा कि नूंह के न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अमित कुमार वर्मा की अदालत ने जमानत दी। हालांकि, मानेसर गुरुग्राम के पटौदी में एक अन्य मामले के सिलसिले में अब भी न्यायिक हिरासत में है। अधिकारियों ने बताया कि उसे नूंह हिंसा के मामले में 12 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। नूंह पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी उस संदेश से संबंधित है, जिसे उसने कथित तौर पर विश्व हिंदू परिषद की पहले अवरुद्ध की गई यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए 28 अगस्त को एक और जुलूस निकालने की योजना के बीच सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। नूंह पुलिस ने पहले कहा था कि इस पोस्ट के माध्यम से समूहों के बीच धर्म के आधार पर वैमनस्य पैदा करने की कोशिश की गई। गत 31 जुलाई को नूंह में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में निकाली जा रही एक धार्मिक शोभा यात्रा पर भीड़ ने हमला कर दिया था। इस घटना और उसके बाद हुई सांप्रदायिक हिंसा में छह लोग मारे गए थे। इसके बाद गुरुग्राम की एक मस्जिद पर हुए हमले में एक मौलवी की मौत हो गई। हरियाणा के गुरुग्राम में पटौदी की एक अदालत ने बुधवार को बजरंग दल कार्यकर्ता मानेसर को हत्या के प्रयास के एक मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। राजस्थान की एक जिला अदालत ने एक दोहरे हत्याकांड में पिछले महीने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। राजस्थान पुलिस ने दो मुस्लिम युवकों नासिर और जुनैद की हत्या के मामले में फरवरी में मानेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# हमास की प्रशंसा वाला वीडियो साझा करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

भाषा। मंगलुरु (कर्नाटक)

**आतंकी सं**गठन हमास के समर्थन में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करने के आरोप में मंगलुरु से 58 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मंगलुरु शहर पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यहां जोकट्टे में रहने वाले जाकिर ने हमास को देशभक्त बताते हुए लोगों से उसके लिए प्रार्थना करने की अपील की थी। इस वीडियो को पहले एक व्हाट्सऐप समूह पर साझा किया गया था, जिसके बाद यह वायरल हो गया और इसे सोशल मीडिया मंचों पर व्यापक स्तर पर साझा किया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी एक कब्रिस्तान में काम करता है और विश्व कब्रिस्तान संघ का सदस्य है। मंगलुरु उत्तर पुलिस ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मामला दर्ज किया और जाकिर को रविवार को गिरफ्तार किया गया। विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यकर्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए जाकिर को गिरफ्तार किए जाने की मांग की थी। शहर की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 (ए) (धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत आरोप लगाए हैं। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सूत्रों ने बताया कि उसके खिलाफ शहर में कम से कम सात अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# केसीआर के परिवार के भ्रष्टाचार की दिल्ली में भी चर्चा : राजनाथ सिंह

भाषा। हैदराबाद



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के शासन में राज्य में सत्ता का दुरुपयोग होने और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि केसीआर के परिवार के भ्रष्टाचार की चर्चा सिर्फ राज्य में ही नहीं, बल्कि दिल्ली में भी है। राव को केसीआर के नाम से भी जाना जाता है। सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा विधायक एटाला राजेंद्र के हुजूराबाद निर्वाचन क्षेत्र के जम्मीकुंटा में एक रैली को संबोधित करते हुए सवाल किया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) शासन में तेलंगाना विकास क्यों नहीं कर सका , जबकि राज्य के लोग कुशल और मेहनती हैं। उन्होंने कहा, 10 वर्ष में तेलंगाना का विकास न केवल सीमित हुआ है, बल्कि यह प्राइवेट लिमिटेड बनकर रह गया है। केसीआर के परिवार का (सरकार में) हस्तक्षेप क्यों है? आपको लोगों ने मुख्यमंत्री बनाया है, आपके परिवार ने नहीं। सिंह ने कहा कि जब गुजरात और देश के अन्य राज्य नौ से 10 साल में विकसित हो सकते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ सकती है, तो केसीआर के नेतृत्व में तेलंगाना का विकास क्यों नहीं हुआ।उन्होंने दलितों को तीन एकड़ जमीन देने और उनके हर परिवार को 10-10 लाख रुपए का अनुदान देने के केसीआर के वादे का जिक्र करते हुए पूछा कि कितने लाभार्थियों को इसका लाभ मिला है।

## कर्नाटक में सरकारी ठेकेदारों के ठिकाने पर आयकर विभाग के छापे में 94 करोड़ की नकदी जब्त

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को कहा कि आयकर विभाग ने कर्नाटक और अन्य राज्यों में सरकारी ठेकेदारों तथा रियल स्टेट करोबारियों के खिलाफ छापे में 94 करोड़ रुपए नकद, आठ करोड़ रुपए मूल्य के सोने और हीरे के आभूषण तथा विदेश में निर्मित 30 महंगी घड़ियां जब्त की हैं। आयकर विभाग ने ए छापे 12 अक्टूबर को बेंगलुरु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के कुछ शहरों और दिल्ली में 55 ठिकानों पर मारे थे। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, छापे में करीब 94 करोड़ की बेहिसाबी नकदी, आठ करोड़ रुपए मूल्य के सोने और हीरे के आभूषण जब्त किए..कुल मिलाकर 102 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती हुई है। बयान में कहा गया, एक निजी कंपनी में कार्यरत व्यक्ति के परिसर से विदेश निर्मित 30 महंगी घड़ियां बरामद की गईं।

# रक्षा मंत्रालय ने आईएनएस ब्यास के उन्नयन के लिए 313 करोड़ रुपए का अनुबंध किया

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षा मंत्रालय ने** युद्ध पोत आईएनएस ब्यास के निश्चित अवधि के बाद होने वाले मिड लाइफ अपग्रेड और उसे पुन: सशक्त बनाने के लिए सोमवार को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ 313 करोड़ रुपए के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। मिड लाइफ अपग्रेड से आशय युद्धपोत की आधी सेवा अवधि हो जाने पर उसका उन्नयन किए जाने से है। मंत्रालय ने कहा कि पोत को पुन: सशक्त बनाने की यह पहली परिवर्तनकारी परियोजना भारतीय नौसेना के रखरखाव संबंधी दर्शन और सीएसएल की मरम्मत क्षमता में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाने वाली साबित होगी। मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने 16 अक्टूबर को नई दिल्ली में कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ आईएनएस ब्यास के मिड-लाइफ अपग्रेड और पुन: सशक्त बनाने के लिए 313.42 करोड़ रुपए की कुल लागत के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। आईएनएस ब्यास, ब्रह्मपुत्र श्रेणी का पहला ऐसा युद्धपोत है, जिसे भाप वाले इंजन से डीजल वाले इंजन में तब्दील किया जाएगा।मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 2026 में मिड-लाइफ अपग्रेड और पुन: सशक्त करने का काम पूरा होने के बाद आईएनएस ब्यास एक आधुनिक हथियार से सुसज्जित और उन्नत लड़ाकू क्षमता वाले युद्धपोत के रूप में फिर से भारतीय नौसेना के सक्रिय बेड़े में शामिल होगा। मंत्रालय ने कहा, इस परियोजना में 50 से अधिक एमएसएमई शामिल होंगी और 3,500 से अधिक कर्मियों को रोजगार मिलेगा।

### किर्लोस्कर ने भारतीय नौसेना के साथ हाथ मिलाया

**विशाखापत्तनम।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारतीय नौसेना के पूर्वी कमान द्वारा आयोजित ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव द ईस्टर्न आर्क में अपनी भागीदारी की घोषणा की। फ्लीट ड्राइव की शुरुआत हो गई है जो अगले 12 दिनों में, 17 शहरों को कवर करते हुए और भारत के पूर्वी तट पर दो रेडियल मार्गों और समूहों के साथ लगभग 6000 किलोमीटर की कुल दूरी तय करेगी। इस महत्वपूर्ण ड्राइव को झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए विशाखापत्तनम में नौसेना के डॉकयार्ड में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके पर वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर, प्रमुख फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, पूर्वी नौसेना कमान के साथ टीकेएम के प्रतिनिधि, श्री अतुल सूद, वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग की गरिमामयी उपस्थिति थी। भारतीय नौसेना के अच्छे उद्देश्य का समर्थन करने के लिये टीकेएम ने चार हाईलक्स और तीन फॉर्च्यूनर मॉडल सहित सात वाहनों के बेड़े के साथ आवश्यक सहायता प्रदान की है। इसका उपयोग विभिन्न दूरदराज के स्थानों में चुनौतीपूर्ण इलाकों और ऊबड़-खाबड़ ऑफ-रोड मार्गों को पार करने के लिए किया जाएगा। यह ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव टोयोटा वाहनों के साथ भारत के पूर्वी क्षेत्र के विविध और जीवंत परिदृश्यों के माध्यम से अपनी उल्लेखनीय यात्रा पर निकली है, जो अपने बेजोड़ प्रदर्शन, बहुमुखी प्रतिभा और ऑफ-रोडिंग क्षमताओं के लिए जानी जाती है।ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव, जिसका नाम द ईस्टर्न आर्क ठीक ही दिया गया है।

## एनएसई और एनएसडीएल ने मीट का किया आयोजन

**मुंबई।** लीस्टेड फाइनेंशियल सर्विस फर्म मास्टरट्रस्ट ने इन्वेस्टमेंट अवेयरनेस और फइनेंशियल लिटरेसी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के लखनऊ में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड एनएसडीएल के सहयोग से एक इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम मेंए लखनऊ के बेस्ट पार्टनरए कस्टमर और संभावित ग्राहक फाइनेंशियल इंडस्ट्री और इन्वेस्टमेंट जर्नी पर चर्चा करने के लिए एक छत के नीचे एकत्र हुए। इस आयोजन के माध्यम से मास्टरट्रस्ट का लक्ष्य बड़े इन्वेस्टमेंट कमिटी के साथ रिलेशनशिप को बढ़ावा देना और उन्हें ष्विवेकपूर्ण निवेशकष् बनने में सहायता करना है। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश को डीमैट खाता खोलने के मामले में भारत में तीसरे सबसे बड़े राज्य के रूप में मान्यता दी गई है और यह शानदार जीड़ीपी के साथ एक बिजनेस और कॉमर्स हब के रूप में उभरा है। इसके अलावाए मास्टरट्रस्ट उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टर्स को सशक्त बनाने और उन्हें वित्तीय बाजारों की जटिल दुनिया से निपटने के लिए आवश्यक रिसोर्स उपलब्ध कराने के लिए विस्तार कर रहा है।

# जदयू एस में टूट के आसार

## कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष ने राजग में शामिल होने के फैसले को नकारा

भाषा। बेंगलुरु

**लोकसभा चुनाव में भा**रतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन करने के जनता दल (सेक्यूलर) के अध्यक्ष एच.डी. देवेगौड़ा के फैसले को नकारते हुए पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष सी.एम. इब्राहिम ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी भाजपा नीत राजग में शामिल नहीं होगी। जनता दल (सेक्यूलर) में संभावित विभाजन का संकेत देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि उनके नेतृत्व वाला धड़ा मूल पार्टी है क्योंकि वह धर्मनिरपेक्ष है और प्रदेश अध्यक्ष के नाते वह कर्नाटक में संगठन के बारे में निर्णय ले सकते हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा से अपील की कि भाजपा के साथ गठजोड़ करने के लिए अपनी मंजूरी नहीं दें क्योंकि इस निर्णय के बाद आसपास के राज्यों में कई लोग पार्टी छोड़ चुके हैं। इब्राहिम ने कुछ पार्टी नेताओं के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हमारा पहला फैसला है कि जनता दल (सेक्यूलर) राजग में शामिल नहीं होगा। दूसरा फैसला देवेगौड़ा से यह अनुरोध करने का है कि उन्हें इस गठबंधन के लिए अपनी मंजूरी नहीं देनी चाहिए। इब्राहिम ने कहा कि वह एक कोर समिति बनाएंगे जो देवेगौड़ा से मिलकर आज की बैठक में लिए गए फैसले से उन्हें अवगत कराएगी। उन्होंने यह भी कहा, हालांकि कर्नाटक में हम अब भी आपसे (देवेगौड़ा से) स्नेह करते हैं। आप पिता तुल्य हैं। हम उन्हें (देवेगौड़ा को) बताएंगे कि हमें भाजपा से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहिए। इब्राहिम के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि प्रदेश पार्टी अध्यक्ष बहुत स्वतंत्र हैं और हम उनके फैसले का इंतजार करेंगे। उन्होंने कहा, एक फैसला पार्टी कार्यकर्ताओं और सभी नेताओं ने लिया है। इस पृष्ठभूमि में उन्होंने (इब्राहिम ने) अपने समर्थकों के साथ बातचीत की। वह अपना निर्णय लेने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं। इब्राहिम ने दावा किया कि पार्टी में उनके नेतृत्व वाला धड़ा मूल पार्टी है जो धर्मनिरपेक्ष है।

# इकाना में ऑस्ट्रेलिया ने चखा जीत का स्वाद

- मार्श-जोश की बेहतरीन बल्लेबाजी
- जम्पा व कमिंस की उम्दा गेंदबाजी
- श्रीलंका को 5 विकेट से हराया



मिहिर चंद्र श्रीवास्तव

**लखनऊ ।** आखिरकार कंगारू टीम को इकाना में जीत मिल गई। दौ मेचों से मायूस हो चुके ऑस्ट्रेलिया के फैंस को आज करवट लेते मौसम के बीच खुश होने का मौका मिल गया। अपने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर अपना खाता खोल लिया। श्रीलंका के 210 रनों के लक्ष्य का पीछे करने उतरी कमिंस की टीम में पांच विकेट खोकर मैच को अपने पक्ष में कर लिया। मुकाबले में लेग स्पिनर एडम जम्पा (47 रन पर चार विकेट) और कप्तान पैट कमिंस (32 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप मैच में सोमवार को यहां श्रीलंका को 88 गेंद शेष रहते शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों में यह पहली जीत है और टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर आ गई है। श्रीलंका लगातार तीसरी हार के बाद नौवें स्थान पर है। श्रीलंका की पारी को 43.3 ओवर में 209 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 35.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज मिशेल मार्श (51 गेंद में 52) और जोश इंग्लिस (59 गेंद में 58) ने अर्धशतकीय पारियां खेली जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 21 गेंद में नाबाद 31 और मार्नस लाबुशेन ने 60 गेंद में 40 रन का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए दिलशान मधुशंका ने तीन विकेट लिए। दुनिथ वेलालागे को एक सफलता मिली। सलामी बल्लेबाजों कुसल परेरा (78) और पथुम निसंका (61) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच 130 गेंद में 125 रन की साझेदारी के दम पर श्रीलंका ने दमदार शुरुआत की लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद उसकी पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। परेरा ने 82 गेंद की पारी में 12 जबकि निशंका ने 67 गेंद की पारी में आठ चौके जड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज मिशेल मार्श ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। दूसरे छोर से डेविड वॉर्नर (11) और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ (शून्य) के पवेलियन लौटने का भी उन पर कोई असर नहीं पड़ा। वॉर्नर और स्मिथ को मधुशंका ने पगबाधा किया। वॉर्नर ने मैदानी अंपायर के फैसले पर रिव्यू लिया लेकिन टीवी रिप्ले में देखा गया कि गेंद लेग स्टंप पर लग रही थी। वॉर्नर इस फैसले पर नाखुशी जाहिर करते हुए पवेलियन लौटे।मार्श ने लाहिरू कुमार के ओवर में दो और वेलालागे के ओवर में तीन चौके जड़े। उन्होंने 12वें ओवर में 39 गेंद में विश्व कप का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। वह इसके बाद करुणारत्ने के शानदार थ्रो पर 15वें ओवर में रन आउट हो गए। क्रीज पर आए इंग्लिस ने तीक्षणा के इस ओवर में लगातार दो चौके के साथ खाता खोला। एक छोर से लाबुशेन रक्षात्मक बल्लेबाजी कर रहे थे तो वही इंग्लिस श्रीलंकाई गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाकर तेजी से रन बटोर रहे थे।उन्होंने 25वें ओवर में लाहिरू की गेंद पर अपर कट पर शानदार चौका जड़ने के बाद ओवर की आखिरी गेंद को दर्शकों के पास भेजा। इस गेंदबाज पर एक और चौके साथ उन्होंने 27वें ओवर में 46 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोरबोर्ड

**श्रीलंका पारी:** पथुम निसंका का वॉर्नर बो कमिंस 61, कुसल परेरा बो कमिंस 78, कुसल मेंडिस का वॉर्नर बो जम्पा 09, सदीरा समरविक्रमा, पगबाधा जम्पा 04, चरिथ असलंका का लाबुशेन बो मैक्सवेल 25, धनंजय डिसिल्वा बो स्टार्क 07, दुनिथ वेलालागे रन आउट 02, चमिका करुणारत्ने पगबाधा जम्पा 02, महीश तीक्षणा पगबाधा जम्पा, लाहिरु कुमारा बो स्टार्क 04, दिलशान मधुशंका नाबाद 00 ,**अतिरिक्त:** (बाई: 2, लेग बाई: 2, कुल योग: (43.3 ओवर मे सभी आउट) 209 रन, **विकेट पतन:** 1-125 , 2-157, 3-165 , 4-166, 5-178, 6-184, 7-196 , 8-199, 9-204, **गेंदबाजी:** ,स्टार्क 10-0-43-2, हेजलवुड 7-1-36-0, कमिंस 7-0-32-2, मैक्सवेल 9.3-0-36-1, जम्पा 8-1-47-4, स्टोइनिस 2-0-11-0

**ऑस्ट्रेलिया पारी:** मार्श रन आउट 52, वॉर्नर पगबाधा मधुशंका 11, स्मिथ पगबाधा मधुशंका 00, लाबुशेनका करुणारत्ने बो मधुशंका 40, इंग्लिस का तीक्षणा बो वेलालागे 58, मैक्सवेल नाबाद 31, स्टोइनिसनाबाद 20, **अतिरिक्त:** (वाइड: 03) 03, **कुल योग:** (35.2 ओवर मे पांच विकेट पर) 215 रन, **विकेट पतन:** 1-24, 2-24, 3-81, 4-151, 4-158, 5-192, गेंदबाजी: लाहिरू 4-0-47-0, मधुशंका 9-0-38-3, तीक्षणा 7-0-49-0, वेलालागे 9.2-0-53-1 करुणारत्ने 3-0-15-0 ,डीसिल्वा 3-0-13-0

## इकाना स्टेडियन के कुछ होर्डिंग गिरे, मची अफरा-तफरी



लखनऊ। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच मैच के दौरान तेज हवा के कारण इकाना स्टेडियम की छत से कई होर्डिंग नीचे की सीटों पर गिर गए। बारिश के कारण खेल मे थोड़ी देर की बाधा आई। खेल दोबारा शुरू होने के बाद धूल भरी आंधी और तेज हवा के कारण छत से ब्रांडिग सामग्री के साथ लोहे के एंगल निचले स्तर के सीटो पर गिर गए। यह दुर्घटना और खतरनाक हो सकती थी लेकिन दर्शकदीर्घा अपेक्षाकृत खाली थी। इससे हालांकि मैच देखने आए लोगो मे थोड़ी खलबली मच गई और स्टेडियम मे सार्वजनिक घोषणा मे दर्शको को सुरक्षित सीटो पर जाने के लिए कहा गया। दूसरी पारी शुरू होने तक सुरक्षाकर्मियो ने सभी दर्शको को सुरक्षित सीटो पर पहुंचा दिया। स्टेडियम ने पिछले सप्ताह विश्व कप के अपने पहले मैच मे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी की थी। भारत बनाम इंग्लैड मैच 29 अक्टूबर को इकाना स्टेडियम मे खेला जाना है।

## इंग्लैंड को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : जोस बटलर

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के हाथो विश्व कप मे अप्रत्याशित हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि उन्हे अब अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। अफगानिस्तान ने यहां रविवार को इंग्लैड को 69 रन से हराया। यह विश्व कप मैच मे अफगानिस्तान की दूसरी जीत थी और अब वह अंकतालिका मे छठे स्थान पर पहुंच गया है। अभी इंग्लैड को भारत, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमो का सामना करना है। बटलर ने कहा , मैने पहले भी कहा है कि हम इस तरह से शुरूआत नही करना चाहते थे। लेकिन अब हम इन हालात मे है तो आगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि उन्हे पूरा यकीन है कि उनकी टीम इस संकट से निकल आएगी। यह बड़ा झटका है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सोचा नही था कि पहले तीन मैच ऐसे होगे। हमे पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे के मैचो मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टीम मे कई शानदार खिलाड़ी है लेकिन हम अच्छा नही खेल सके। हमें खुद पर भरोसा बनाए रखना है। हम उस स्तर पर नही खेल पा रहे है, जैसे हमे खेलना चाहिए। बल्ले और गेंद दोनो से निराशाजनक रहा। अफगानिस्तान के पास शानदार गेंदबाजी आक्रमण है और मैदान पर वैसी ओस भी नही थी जिसकी हमे उम्मीद थी। गेंद को असमान उछाल मिल रहा था। उन्होंने स्टम्प पर गेद डाली और हम अच्छा खेल नही पाए। ऐसी हार खलती है और खलनी भी चाहिए। लेकिन हम इससे उबरकर वापसी करेंगे।

## ओलंपिक में शामिल होने से क्रिकेट का होगा वैश्विक विस्तार

**बेंगलुरू।** करीब ढाई अरब से अधिक प्रशंसक और दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढता टीवी राजस्व। आंकड़ो की दृष्ट से क्रिकेट भले ही फुटबॉल के बाद सबसे लोकप्रिय वैश्विक खेल लगता हो लेकिन सही मायने मे इसका विस्तार राष्ट्रमंडल देशो तक ही हो पाया है। इसमें भी भारत क्रिकेट की धुरी रहा है। अब 2028 लॉस एंजिलिस खेलो मे टी20 क्रिकेट की वापसी से खेल और व्यवसाय दोनो लिहाज से फायदा नजर आ रहा है। ओलंपिकक्रिकेटरों को ऐसा मंच देगा जो शायद विश्व कप से भी बड़ा होगा। ओलंपिक पदक गले मे पहने पोडियम पर खड़े होकर राष्ट्रगान सुनने पर जो गौरव अनुभव होता है, उससे क्रिकेट अभी तक वंचित रहे है। कैरेबियाई राष्ट्रीय ओलंपिक समितियो के संघ के अध्यक्ष कीथ जोसेफ ने कहा, ओलंपिक मे क्रिकेट को शामिल किया जाना शानदार खबर है। इससे क्रिकेट की वैश्विक छवि बनेगी। उन्होंने लॉस एंजिलिस खेलो मे क्रिकेट को शामिल किए जाने के आईसीसी के प्रयासो का पुरजोर समर्थन किया था।उन्होने कहा , टी20 युवा दर्शको को लुभाता भी है। अमेरिका 2024 मे टी20 विश्व कप का सह मेजबान है जो ओलंपिक से पहले खेल की लोकप्रियता बढाने मे मददगार होगा। वैसे यह सोचना गलत है कि महज ओलंपिक मे शामिल होने से क्रिकेट फुटबॉल की तरह लोकप्रिय हो जाएगा। आईसीसी महिला और पुरूष टी20 रैंकिंग मे क्रमश: 66 और 87 देश है जबकि फीफा पुरूष टीम रैंकिंग मे 207 और महिला वर्ग मे 186 देश है। वैसे टी20 प्रारूप अफ्रीका, यूरोप और लातिन अमेरिका तक पहुंच गया है। बीसीसीआई के एक अनुभवी प्रशासक ने कहा , क्रिकेट को वैश्विक दर्शको तक ले जाने के लिए यह पहला कदम है। अमेरिका बड़ा बाजार है और वहां उपमहाद्वीप के काफी लोग है। वैसे क्रिकेट को अभी लॉस एंजिलिस खेलो मे ही शामिल किया गया है। उम्मीद है कि इसे ब्रिसबेन (2032) मे भी शामिल किया जाएगा क्योकि आस्ट्रेलिया मे क्रिकेट काफी लोकप्रिय है। वैसे क्रिकेट की राह मे काफी अड़चने है। अधिकारी और खिलाड़ी आईओसी, आइओए और वाडा के कई प्रावधानो का पालन नही करना चाहते जिनमे रहने के ठौर ठिकाने की जानकारी देने का प्रावधान शामिल है।

## शार्दुल और शमी बने ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** क्रिकेट के लिए बेशुमार दीवानगी वाले देश में क्रिकेट के त्यौहार को सेलिब्रेट करने के लिए, भारत में सबसे प्रसिद्ध एनर्जी ड्रिंक ब्रांडों में से एक और कैन सेगमेंट में बाजार में अग्रणी हेल एनर्जी ने शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी को अपने क्रिकेट स्पेशल ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया। इस जोड़ी ने अपना लिमिटेड एडिशन पैकेज्ड एनर्जी ड्रिंक, हेल क्रिकेट क्रेजी लॉन्च किया। शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी दोनों भारतीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं जो खेल के सभी प्रारूपों में भारत के लिए खेलते हैं। अलग अलग स्पोर्ट्स इवेंट को बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए अपनी कंज्यूमर कनेक्ट स्ट्रेटजी के अनुरूप, हेल एनर्जी ने कई साल पहले जब अपना अंतर्राष्ट्रीय विस्तार शुरू किया था तब एटी एंड टी विलियम्स फॉर्मूला वन टीम को को स्पॉन्सर किया था। हेल ने लिमिटेड एडिशन हेल फुटबॉल फैंटिक ड्रिंक लॉन्च करके फुटबॉल के प्रति अपने निर्विवाद प्रेम को भी दिखाया था, जिसमें फुटबॉलर डिज़ाइन एल्युमिनियम के डिब्बों में क्लासिक फ़िज़ी टूटी-फ्रूटी स्वाद वाली एनर्जी ड्रिंक थी। कैंपेन पर हेल एनर्जी इंडिया के कंट्री हेड, उन्नीकनन गंगाधरन ने कहा, हेल एनर्जी एक ऐसा ब्रांड है जिसने अलग अलग पार्टनरशिप से खेलों को लगातार समर्थन दिया है और अपने गहरे जुड़ाव के लिए कई लोगों से जुड़ा हुआ है। हमें गर्व है कि हम 2023 में सबसे लोकप्रिय क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान दो शानदार क्रकेटरों के साथ जुड़े हैं। खेल के लिए उनके अटूट जुनून के साथ इन दो क्रकेटरों द्वारा दिखाई गई गतिशीलता, शैली और स्वभाव उस संदेश को दिखलाता है जिसे हम ब्रांड के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं। इस अंतरर्राष्ट्रीय ब्रांड का हिस्सा बनने पर उत्सुकता व्यक्त करते हुए, शार्दुल ठाकुर ने कहा, मैं हेल एनर्जी जैसे ग्लोबल ब्रांड से जुड़कर रोमांचित हूं, यह खेल को बढ़ावा देती है जो कि मेरे लिए बेहद रुचि का कार्य है। फिलहाल चल रहे क्रिकेट विश्व कप के दौरान हमारी टीम के समर्थक के रूप में, हेल हम सभी के लिए एक बेहतरीन साथी है। तो हेल एनर्जी को थामें और अपनी सारी ताकत से चीयर्स करें। मोहम्मद शमी ने कहा मेरा प्रयास है कि मैं सभी मुश्किलों को जीतूं और हमेशा टॉप पर रहूं इसके मेरे प्रयास का संकल्प ही है जो मुझे एक क्रिकेटर के रूप में बनाए रखता है। मुझे खुशी है कि मैं एनर्जी ड्रिंक्स के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांडों में से एक हेल एनर्जीका प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। इस ड्रिंक की सफलता का कारण इसकी शानदार क्वालिटी है, और यह मेरी फिलोसिपी पर खरा उतरती है कि जीवन में आने वाली कई चुनौतियों के बावजूद, अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करते रहें।

## ओपन डि एस्पाना में संयुक्त 35वें स्थान पर रहे शुभंकर

मैड्रिड। भारत के शुभंकर शर्मा यहां एक्सियोना ओपन डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर मे एक ओवर 71 का निराशाजनक कार्ड खेलकर संयुक्त 35वें स्थान पर रहे।शुभंकर ने पहले दो दिन समान 66 का स्कोर बनाया था और दूसरे दौर के बाद वह संयुक्त दूसरे स्थान पर थे। अगले दो दिन हालांकि उनका प्रदर्शन अच्छा नही रहा जिससे उनकी सत्र की आखिरी प्रतियोगिता डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप में जगह बनाने का रास्ता कठिन हो गया है। फ्रांस के मैथ्यू पावोन ने अपना पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता। पावोन ने पहले दिन 63 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद अगले तीन दौर मे उनका स्कोर 68-66-64 रहा और इस तरह से उन्होंने 23 अंडर के कुल स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया।

## रोनाल्डिन्हो ने कोलकाता पहुंचकर दुर्गा पूजा त्योहार में बिखेरी चमक

कोलकाता। ब्राजील के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोनाल्डिन्हो ने सोमवार को फुटबॉल की दीवानगी के लिए मशहूर इस शहर में आयोजित हो रहे दुर्गा पूजा के कुछ पंडालो का उद्घाटन करने के साथ बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। दुर्गा पूजा के पंडालो का उद्घाटन आम तौर पर त्योहार के छठे दिन होता है लेकिन दो दिन के दौरे पर यहां आए रोनाल्डिन्हो की मौजूदगी में यह काम दूसरे दिन ही हो गया। रोनाल्डिन्हो इस दौरान जहां भी गए वहां प्रशंसकों ने बार्सिलोना और एसी मिलान के इस स्टार खिलाड़ी का स्वागत रोनाल्डिन्हो-रोनाल्डिन्हो , ब्राजील-ब्राजील के नारों से किया। इस 43 साल के पूर्व खिलाड़ी ने अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ कहा आप सब का बहुत शुक्रिया, बहुत सारा प्यार।

## आईओसी प्रमुख बाख को उम्मीद, जल्द ही सीईओ की नियुक्ति करेगा आईओए

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाख ने सोमवार को यहां उम्मीद जताई कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) जल्द ही संविधान के तहत अपने सीईओ की नियुक्ति करेगा। आईओसी के 141वें सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद बाख ने कहा कि उनकी आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से बात हुई और वह भारतीय संस्था में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध लगती है। बाख ने पत्रकारों से कहा, हमारी आईओए की नव नियुक्त अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बातचीत हुई तथा हम घटनाक्रम का जायजा ले रहे थे। हमने जो जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए उन पर बात की, विशेषकर आईओए के लिए सीईओ की नियुक्ति पर बात की। उन्होंने हमारी बातो को ध्यान से सुना। उन्होने आईओए के अंदर भी कुछ कदम उठाए है, इसलिए अभी हम यही उम्मीद कर सकते है कि यह नियुक्ति जल्द से जल्द होगी।

## नजरें ग्रैंडस्लैम व ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर : रुतुजा

नई दिल्ली। रोहन बोपन्ना जैसे अनुभवी खिलाड़ी के साथ एशियाई खेलो मे स्वर्ण पदक जीतने को सपना सच होने जैसा करार देते हुए टेनिस खिलाड़ी रुतुजा भोसले ने कहा कि अब उनकी नजरें ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक पर है। रुतुजा और बोपन्ना ने हांगझोउ एशियाई खेलो की मिश्रित युगल स्पर्धा मे पीला तमगा जीता। रुतुजा ने कहा , रोहन ने जब मिश्रित युगल मेरे साथ खेलने का फैसला किया तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ।

# लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में क्रिकेट शामिल

भाषा। मुंबई



**क्रिकेट को** 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में आधिकारिक रूप से सोमवार को शामिल कर लिया गया और इसे वैश्विक खेल बनाने की कवायद में इसे पहले कदम के तौर पर देखा जा रहा है। ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को टी 20 प्रारूप में खेला जाएगा। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अपने 141वें सत्र में जिन अन्य खेलों को शामिल किए जाने को मंजूरी दी है उनमें स्क्वाश, बेसबॉलासॉफ्टबॉल, लैक्रोस और फ्लैग फुटबॉल शामिल हैं। लॉस एंजिलिस-28 आयोजन समिति द्वारा अनुशंसित पांच खेलों को शामिल करने के प्रस्ताव का आईओसी के 99 सदस्यों में से मतदान करने वाले केवल दो सदस्यों ने विरोध किया। कार्यकारी बोर्ड की सिफारिश पर हाथ उठाकर मतदान करने के लिए कहा गया। इसके बाद आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने अन्य खेलों के साथ क्रिकेट को भी ओलंपिक में शामिल करने की घोषणा की। बाख ने कहा, मैं आप सभी का ओलंपिक कार्यक्रम में स्वागत करता हूं। इसके पहले ओलंपिक में केवल एक बार क्रिकेट खेला गया था जब वर्ष 1900 के पेरिस ओलंपिक में इंग्लैंड ने फ्रांस को हरा दिया था। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता के मद्देनजर बीसीसीआई ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के आईसीसी के प्रस्ताव का समर्थन किया। बीसीसीआई ने 2021 में अपना मत बदलकर क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने का समर्थन किया जबकि पहले उसे लग रहा था कि इसकी स्वायत्ता छिन जाएगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा , ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने से खेल के लिए नए आयाम खुलेंगे और नए वैश्विक बाजार में नई संभावनाएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा , इससे हमारे खेल के इको सिस्टम पर सकारात्मक असर पड़ेगा। बुनियादी ढांचे का विकास, गहन प्रतिस्पर्धा, अधिकारियों, वॉलिंटियर और कुशल पेशेवरों के लिए भी मौके बनेंगे। इटली के ओलंपिक चैम्पियन निशानेबाज और लॉस एंजिलिस 28 के खेल निदेशक निकोलो कैमप्रियानी ने विराट कोहली की लोकप्रियता का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा , हम दुनिया के दूसरे सबसे लोकप्रिय खेल का स्वागत करके रोमांचित हैं जिसके दुनिया में ढाई अरब से अधिक प्रशंसक है। आपमें से कुछ सोच रहे होंगे कि लॉस एंजिलिस में क्यो। अमेरिका में क्रिकेट के प्रसार को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं और इस साल मेजर लीग क्रिकेट बेहद सफल रही। उन्होंने कहा , अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप भी होना है। इसके अलावा युवाओं के लिए खेल को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए डिजिटल मौजूदगी जरूरी है और यहां मेरे दोस्त विराट (कोहली) के सोशल मीडिया पर 34 करोड़ से अधिक फॉलोअर हैं। वह सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले दुनिया के तीसरे एथलीट है। थॉमस बाख ने कहा , इन पांचों खेलों का चयन अमेरिका की खेल संस्कृति को ध्यान में रखकर और अंतराष्ट्रीय खेलों को अमेरिका में लाने के लिए किया गया है। आईसीसी ने एक बयान में कहा , 1900 के बाद पहली बार ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया है। आईसीसी ने एक ऐसा प्रस्ताव बनाने के लिए काफी मेहनत की है जो ओलंपिक मूल्यों के अनुरूप हो और खिलाड़ियों, प्रशंसकों , साझेदारों और स्थानीय लोगों को शानदार अनुभव भी दे सके।

### प्रसारण बाजार, बीसीसीआई व आईसीसी की प्रस्तुति ने निभाई अहम भूमिका

**नई दिल्ली।** रबो डॉलर के प्रसारण बाजार, खेल के सबसे शक्तिशाली बोर्ड के सकारात्मक रवैए और वैश्विक संस्था की शानदार प्रस्तुति ने क्रिकेट को लॉस एंजेलिस मे 2028 मे होने वाले ओलंपिक खेलो मे शामिल करने में अहम भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) क्रिकेट को ओलंपिक मे शामिल करने के लिए पिछले दो वर्षो से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और लॉस एंजेलिस खेलो की स्थानीय आयोजन समिति के साथ मिलकर काम कर रही थी।लेकिन इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की भूमिका को नकारा नही जा सकता है जिसके सकारात्मक रूख का मतलब इसमें प्रसारकों की दिलचस्पी बढ़ना है।आईसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, बीसीसीआई ने वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन का हिस्सा बनने से लाभ मे रहने वाले सहयोगियो के महत्व को समझते हुए शुरू से इसका समर्थन किया। इसके बाद बीसीसीआई सचिव जय (शाह) कार्य समूह मे शामिल हो गए और उन्होने हर चीज का समर्थन किया। ईओसी और ओलंपिक खेल 2028 की स्थानीय आयोजन समिति के सामने आईसीसी ने जो प्रस्तुति दी वह मुख्य रूप से तीन सिद्धांतो सार्वभौमिकता, लोकप्रियता और विरासत पर आधारित थी।सार्वभौमिकता का मतलब है क्रिकेट की अपील और ओलंपिक आंदोलन मे उससे मिलने वाला सहयोग। आईसीसी ने इस पर जोर दिया कि भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है जिसका टीवी और डिजिटल मार्केट व्यापक है। भारत से मिलने वाले प्रसारण राजस्व से आईओसी और स्थानीय आयोजन समिति दोनो को ही फायदा होगा।लोकप्रियता सबसे महत्वपूर्ण पहलू है और क्रिकेट दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल है जिसकी बहुत ज्यादा व्यावसायिक अपील है। जब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर ओलंपिक खेलो का हिस्सा बनेंगे तो इससे खेलो को ही लाभ होगा।क्रिकेट के लिए अमेरिका जैसे नए बाजार मे एक विरासत तैयार करना चुनौती पूर्ण होगा लेकिन यह देश अगले साल टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा और चीज कैसे आगे बढ़ेगी इसका अंदाजा इस टूर्नामेंट से लगाया जा सकता है।

# मजबूती के लिए उतरेगी दक्षिण अफीका की टीम



### नीदरलैंड से है मुकाबला

भाषा। धर्मशाला

**विश्व कप में** अब तक शानदार फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका ने विरोधी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है और मंगलवार को नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करके वह अपनी स्थिति और मजबूत करने उतरेगी। पिछले दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने दिखा दिया कि अब वह चोकर्स (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) का ठप्पा हटाने के इरादे से आए हैं। दिल्ली में पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट पर 428 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद उसने 102 रन से जीत दर्ज की। इसके बाद लखनऊ में पांच बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराया। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें जहां अपने रसूख के अनुरूप नहीं खेल पा रही है, वहीं दक्षिण अफ्रीका ने हर विभाग में दमदार खेल दिखाया है। विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्कराम ने प्रभावित किया है। तीनों ने श्रीलंका के खिलाफ शतक जमाए जबकि हेनरिच क्लासेन और डेविड मिलर ने भी उपयोगी पारियां खेली। श्रीलंकाई बल्लेबाजों के सामने उसके गेंदबाज उतने प्रभावी नहीं रहे लेकिन अगले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने वापसी की। डिकॉक ने लगातार दूसरा शतक जमाया जबकि गेंदबाजी में मार्को जेनसेन और कैगिसो रबाडा प्रभावी रहे। दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच 177 रन से जीता। नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की नजरें बड़े अंतर से जीत दर्ज करने पर लगी होगी। नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप 2009 में इंग्लैंड को लॉर्ड्स पर हराकर उलटफेर किया था। स्कॉट एडवडर्स की अगुवाई वाली टीम उस जीत से प्रेरणा लेना चाहेगी लेकिन टी20 और वनडे क्रिकेट में जमीन आसमान का अंतर है। वैसे क्रिकेट में चमत्कार होते हैं और दिल्ली में कल अफगानिस्तान ने मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड को हराकर इसकी बानगी दी।

## चोटिल प्रणय ने डेनमार्क और फ्रेंच ओपन से नाम वापस लिया

भाषा। ओडेन्से (डेनमार्क)

**एशियाई** खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने चोटिल होने के कारण डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया। इस 31 साल के खिलाड़ी ने पीठ में दर्द के साथ खेलते हुए एशियाई खेलों के पुरुष एकल बैडमिंटन में भारत के लिए पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। वह अगले दो से तीन सप्ताह तक खेल से बाहर रहेंगे। प्रणय ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं इस महीने किसी टूर्नामेंट में भाग नहीं लूंगा। मैने एमआरआई करवाया है उसमें भी चोट की पुष्टि हुई है। ऐसे में मुझे दो-तीन सप्ताह तक खेल से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा, मुझे विश्राम करने के बाद रिहैबिलिटेशन शुरू करना होगा। उनकी अनुपस्थिति में, भारत का नेतृत्व लक्ष्य सेन करेंगे। लक्ष्य ने एशियाई खेलों में पुरुष टीम स्पर्धा में भारत को पहली बार रजत पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज लक्ष्य एशियाई खेलों में अजेय रहे थे। वह थाईलैंड के कांटाफोन वांगचारोएन के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मुकाबला खेलेंगे।


## रहाणे का तूफानी अर्धशतक

- मुंबई ने हरियाणा को हराया

**जयपुर।** अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने 32 गेंद पर अर्धशतक जमाया जिससे मौजूदा चैंपियन मुंबई ने सोमवार को यहां हरियाणा को 8 विकेट से करारी शिकस्त देकर सैयद मुश्ताक अली घरेलू टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। हरियाणा ने मुंबई के सामने 148 रन का लक्ष्य रखा था। रहाणे की 43 गेंद पर खेली गई नाबाद 76 रन की पारी की मदद से मुंबई 13 ने गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर दिया। रहाणे ने अपनी पारी मे चार चौके और तीन छक्के लगाए। उधर मोहाली मे खेले गए एक अन्य मैच मे रुतुराज गायकवाड की 40 गेंद पर खेली गई 82 रन की पारी की मदद से महाराष्ट्र ने बंगाल को 8 विकेट से हराया।गायकवाड़ ने केवल 22 गेंद पर अर्धशतकपूरा किया। उन्होने अपनी पारी मे 9 चौके और पांच छक्के लगाए। उनके अलावा कप्तान केदार जाधव ने 26 गेंद पर नाबाद 40 रन बनाए जिससे महाराष्ट्र ने 159 रन का लक्ष्य पांच ओवर शेष रहते ही हासिल कर दिया।बंगाल ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर छह विकेट पर 158 रन बनाए थे।

# सुपर ओवर में किंग्स टाइगर्स को खिताब

- स्कूल प्रीमियर लीग



**लखनऊ।** किंग्स टाइगर्स नीलमथा ने स्कूल प्रीमियर क्रिकेट लीग - एसपीएल-2023 के सुपर ओवर तक चले रोमांचक मैच में कंचन स्पोर्ट्स क्लब के खिलाफ 12 रन से जीत दर्ज की। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिवाजी मैदान पर खेली जा रही लीग में रविवार रात खेले गए खिताबी मुकाबले में कंचन स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 5 ओवर में एक विकेट पर 53 रन बनाए। अमन ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। जवाब में किंग्स टाइगर्स नीलमथा ने निर्धारित ओवर में 3 विकेट पर 53 रन बना लिए। समीर ने 25 और प्रखर ने 20 रन बनाए। इसके बाद अंपायरों ने मैच का परिणाम जानने के लिए सुपर ओवर का सहारा लिया जिसमें किंग्स टाइगर्स नीलमथा से मैन ऑफ द मैच अंकित गिरि ने अकेले 18 रन बनाए। जवाब में कंचन स्पोर्ट्स क्लब 6 रन ही बना सकी। इसके चलते किंग्स टाइगर्स नीलमथा ने 12 रन की जीत से एसपीएल ;बॉक्स क्रिकेट लीगद्ध के पहले संस्करण की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विशिष्ट पुरस्कारों में मैन ऑफद टूर्नामेंट किंग्स टाइगर्स नीलमथा के अंकित गिरिए सर्वश्रेष्ठ बैटर किंग्स टाइगर्स नीलमथा के समीर और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज कंचन स्पोर्ट्स क्लब के सुदीप चुने गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि अमित हर्ष सीनियर एडवोकेट विशिष्ट अतिथि अनुराग जैन यवसायी और अतुल गोयल साइंटिस्ट ने पुरस्कार वितरित किए। अंत में संयोजक अमिताभ सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बताते चले कि लीग में टीमों के बीच 5.5 ओवर के मुकाबले खेले गए थे और हर टीम में 5 खिलाड़ियों के अलावा 1 रिजर्व खिलाड़ी भी था। टीमों के बीच 75 बाई 44 के बाक्स एरिना में खिलाड़ी जीत हार के लिए जोर.आजमाईश कर रहे थे।

## स्क्वश के ओलंपिक में शामिल होने से घोषाल अपने भविष्य की योजना के बारे में सोचेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे दिग्गज स्क्वाश खिलाड़ियों में शामिल सौरव घोषाल 40 बरस की उम्र के बाद शायद ही खेल को जारी रखते लेकिन 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक कार्यक्रम में इस खेल को जगह मिलने के बाद वह भविष्य के लिए अपनी योजना को फिर से तैयार करेंगे। घोषाल अभी 37 साल के हैं और 2028 ओलंपिक के समय तक वह 42 साल के हो जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2003 में किशोर खिलाड़ी के रूप में पहचान बनाने वाले घोषाल ज्यादातर समय तक अपने खेल के शीर्ष पर रहने में सफल रहे हैं। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज घोषाल ने एशियाई खेलों के छह सत्र में देश का प्रतिनिधित्व किया है और पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के एकल स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।